
एक्टर से नेता बनें...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत


गुकेश ने इतिहास...

■ वर्ष 28 अंक 294 | डाक/नगर संस्करण | ■ जबलपुर मंगलवार 23 अप्रैल 2024 | ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00


# मैनिफेस्टो समझाने के लिए खड़गे ने मोदी से मांगा समय

**पीएम ने कहा था कांग्रेस लोगों की कमाई ज्यादा बच्चे वालों में बांटेगी, कांग्रेस की ईसी से शिकायत**

नई दिल्ली।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पीएम मोदी से मिलने का समय मांगा है। उन्होंने कहा पीएम हमारे मैनिफेस्टो को सही से समझ नहीं पाए हैं। उनसे मिलकर उन्हें मैनिफेस्टो समझाना है। कांग्रेस ने भाजपा के खिलाफ चुनाव आयोग में 17 शिकायतें भी कीं है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि मैनिफेस्टो की प्रतियां हमारे पार्टी नेताओं और लोकसभा उम्मीदवारों की तरफ से प्रधानमंत्री को भेजी जाएंगी। कांग्रेस ने ये भी कहा कि पार्टी चुनाव आयोग में एक लाख लोगों के दस्तखत कराकर एक याचिका भी दायर करेगी।

दरअसल, भाजपा नेता कांग्रेस मैनिफेस्टो को मुस्लिम लीग का मैनिफेस्टो बता रहे है। साथ ही उनके घोषणा पत्र के पेज नंबर 7 पर हिस्सेदारी न्याय के तहत पहले पॉइंट का जिक्र कर रही है।



इसमें कहा गया है कि कांग्रेस राष्ट्रव्यापी आर्थिक-सामाजिक जाति जनगणना करवाएगी। इसके माध्यम से कांग्रेस जातियों, उपजातियों और उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति का पता लगाएगी। पीएम के मंगलसूत्र और संपत्ति बांटने के बयाननों को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

### कांग्रेस ने कहा मैनिफेस्टो की प्रतियां प्रधानमंत्री को भेजी जाएंगी

वेणुगोपाल के मुताबिक प्रधानमंत्री ने जो कहा, वह हमारे मैनिफेस्टो में नहीं है। वे वोटों के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिश कर रहे हैं। क्या चुनाव आयोग ने पीएम को बात पर झूठ बोलने की अनुमति दी है। जब चुनाव आयोग हर बात पर हस्तक्षेप करता है तो इस मुद्दे पर खामोश क्यों है? आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना चाहिए। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने बताया हमारे प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की। हमने 17 शिकायत की हैं। सभी बहुत गंभीर हैं और स्वतंत्र भारत के मूल सिद्धांत का उल्लंघन करती हैं। इसलिए ये जरूरी है कि जिसे हमने इस अधिकार क्षेत्र का संरक्षक बनाया है] वह तुरंत ठोस और सही एक्शन ले।

### चुनाव आयोग के सामने रखा बयान

उन्होंने कहा हमने चुनाव आयोग के सामने पूरा बयान रखा है। पीएम के बयान में एक समुदाय का स्पष्ट नाम के साथ विवरण है। ये स्पष्ट कहा गया है कि वह समुदाय इस देश की अल्प रिसोर्सेस को हड़प लेगा। कांग्रेस उन्हें ये रिसोर्सेस दे देगी। उस समुदाय को घुसपैठियों के साथ जोड़ा गया है। हिंदू धर्म के कई प्रतीकों (जैसे मंगलसूत्र) पर आघात हो सकता है। मैं कहना चाहता हूं कि नियम 123 के तहत प्रधानमंत्री ने उल्लंघन किया है। इस नियम के तहत चुनाव के दौरान धार्मिक आधार पर वक्तव्य नहीं दिया जा सकता। ये चुनाव आयोग के सर्कुलर का भी उल्लंघन है। इसमें भी कहा गया है कि आप सीधे या परोक्ष रूप से धर्म के आधार पर आक्षेप नहीं लगा सकते। प्रधानमंत्री ने संविधान की अस्मिता पर भी आघात किया है। इसमें चुनाव आयोग, संविधान और प्रधानमंत्री पद की क्रेडिबिलिटी का सवाल है।

## ओवैसी से हाथ मिलाकर भी पल्लवी खड़ी हैं खाली हाथ

*लखनऊ। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी से नाता तोड़कर अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल द्वारा असदुद्दीन ओवैसी से हाथ मिलाने के बाद भी पल्लवी की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। ओवैसी के साथ मिलकर बनाए गए पीडीएम (पिछड़ा दलित मुस्लिम) न्याय मोर्चा को पहली चोट तब लगी जब ओवैसी ने प्रदेश में अपने सिंबल पर प्रत्याशी खड़े करने से इनकार कर दिया। ऐसा इसलिये हुआ क्योंकि ओवैसी अपने संसदीय क्षेत्र हैदराबाद में ही बुरी तरह से घिर गये हैं। भाजपा प्रत्याशी उन्हें हैदराबाद में कड़ी चुनौती दे रही हैं, जिसके चलते ओवैसी के चुनाव हारने तक की चर्चा चल रही है। अपना दल कमेरावादी को दूसरी 'चोट' चुनाव चिह्न को लेकर लगी है। चुनाव आयोग ने अपना दल कमेरावादी द्वारा योगदान रिपोर्ट व वार्षिक आय-व्यय का ब्यौरा न देने के कारण उसका चुनाव चिह्न 'लिफाफा' आवंटित नहीं किया है। पार्टी चुनाव चिह्न आवंटित करने के लिए हाई कोर्ट गई, किंतु वहां उसकी याचिका खारिज हो गई।*



## 132 हस्तियों को पद्म सम्मान

**वेंकैया नायडू समेत 5 को पद्म विभूषण, मिथुन चक्रवर्ती सहित 17 को पद्म भूषण**

नई दिल्ली।

राष्ट्रपति भवन में सोमवार शाम 132 लोगों को पद्म सम्मान दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इस बार 5 लोगों को पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री से सम्मानित कर रही हैं। सेरेमनी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह मौजूद हैं। 25 जनवरी को इसकी घोषणा की गई थी। सबसे पहले पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, बिंदेश्वर पाठक और साउथ एक्टर चिरंजीवी समेत 5 लोगों को पद्म विभूषण से सम्मानित किया। इसके बाद अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, सिंगर उषा उथुप और सीताराम जिंदल समेत 17 लोगों को पद्म भूषण दिया। इसके अलावा मनोहर कृष्ण डोले और रामचेत चौधरी समेत 110 लोगों को पद्मश्री दिया गया।

2024 के लिए पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा हैए जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव का नाम शामिल है।

इसके अलावा लिस्ट में चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में 30 महिलाएं हैं। इनमें 8 विदेशी एनआरआई/पीआईओ/ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 9 हस्तियां ऐसी हैंए जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

## केजरीवाल को अपने डॉक्टर से परामर्श की इजाजत नहीं



**कोर्ट का निर्देश एआईआईएमएस मेडिकल बोर्ड बनाए, इंसुलिन और अन्य जरूरतों के बारे में बताए**

**नई दिल्ली।** शराब नीति केस में 1 अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अपने डॉक्टर से कंसल्ट नहीं कर पाएंगे। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार को उनकी याचिका खारिज कर दी। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने केजरीवाल की मांग खारिज कर दी। कोर्ट ने एआईआईएमएस को निर्देश दिया कि वह केजरीवाल की जांच के लिए एक मेडिकल बोर्ड बनाए ताकि यह पता चल सके कि उन्हें शुगर लेवल कंट्रोल करने के लिए इंसुलिन की जरूरत है। इसके अलावा उनके अन्य मेडिकल जरूरतों का भी पता लगाएं।

केजरीवाल ने कोर्ट से डिमांड की थी कि उन्हें शुगर है। जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा। वे अपने डॉक्टर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोज 15 मिनट परामर्श लेना चाहते हैं। इसके अलावा उन्होंने डायबिटीज की रेगुलर जांच और इंसुलिन की मांग की थी। जानकारी हो कि ईडी ने 18 अप्रैल को राउज एवेन्यू कोर्ट से कहा था कि जेल में केजरीवाल जानबूझकर आम और मिठाई खा रहे हैं, ताकि उनका शुगर लेवल बढ़े और उन्हें मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिल जाए। कोर्ट ने ईडी से इस पर जवाब मांगा था।

## केन्द्रीय गृहमंत्री का बेटा जमानत का कर रहा उल्लंघन

लखीमपुर/खीरी।

वकील प्रशांत भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को कहा केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा अपने पिता के लिए लखीमपुर में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। वहां पर ट्राई-साइकिल बांट रहे हैं। कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। यह सब जमानत की शर्तों का उल्लंघन है। मुझे नहीं पता उन्हें इस बात की इजाजत कैसे दी जा रही है। मैं इसके लिए हलफनामा दाखिल करूंगा और सबूत भी दिखाऊंगा।

प्रशांत भूषण के आरोपों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर चिंता जताई। जस्टिस सूर्यकांत और पीएस नरसिम्हा की पीठ ने कहा अगर आशीष मिश्रा लखीमपुर में कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं, तो यह निश्चित रूप से उनकी जमानत शर्तों का उल्लंघन होगा। वहीं आशीष मिश्रा के वकील सिद्धार्थ दवे ने इन आरोपों से इनकार किया।

प्रशांत भूषण लखीमपुर में हुए तिकुनिया कांड में पीड़ितों के परिवार की तरफ से केस लड़ रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल आशीष मिश्रा को अंतरिम जमानत पर रिहा किया था। तब कोर्ट ने शर्त रखी थी कि आशीष बस लखीमपुर मामले की सुनवाई के दौरान वहां जा सकते हैं। इसके अलावा उन्हें उत्तर प्रदेश में प्रवेश नहीं करना चाहिए।

## 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द

**हाईकोर्ट का आदेश 8 साल की सैलरी लौटाएं, ममता बोलीं सुप्रीम कोर्ट जाएंगे**

कोलकाता।

कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा. कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे।

हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 में डब्ल्यूबीएसएससी के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए



टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24, 640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी मॉडल अर्पिता मुखर्जी और एसएससी के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था।

## चलती कार में एआईजी की कार्डियक अरेस्ट से मौत

**इंदौर से भोपाल लौटते समय प्रतिभा त्रिपाठी की बिगड़ी थी तबीयत**

**भोपाल।** भोपाल में पदस्थ असिस्टेंट इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस प्रतिभा त्रिपाठी की सोमवार को मौत हो गई। वे स्टेट पुलिस सर्विस 2008 बैच की अधिकारी थीं। फिलहाल महिला सेल में पदस्थ थीं। वे मेडिकल चेकअप कराकर इंदौर से भोपाल लौट रही थीं। इसी दौरान दोपहर करीब 12 बजे उन्हें देवास जिले के सोनकच्छ के पास कार में ही कार्डियक अरेस्ट हो गया। नजदीकी अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एआईजी त्रिपाठी के पति डॉ शिशिर पंडित ने बताया इंदौर में उनका इलाज चलता था। शनिवार की छुट्टी होने की वजह से



मेडिकल चेकअप के लिए इंदौर गई थीं। सोमवार सुबह ड्यूटी जॉइन करने के लिए वापस भोपाल के लिए निकली थीं। कार में हम दोनों और तीन साल का बेटा साथ थे। सोनकच्छ में अचानक प्रतिभा की तबीयत बिगड़ी। तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर पहुंचे। चेकअप के बाद डॉक्टरों ने उनकी डेथ की बात कही। मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट बताया।

## दतिया के पंडोखर धाम में लगी भीषण आग

**महाराज निवास, दफ्तर और साधु-संतों की कुटिया जलीं, प्रबंधन ने जताई साजिश की आशंका**

दतिया।

पंडोखर धाम में सोमवार दोपहर को आग लग गई। तेज हवाओं के कारण आग फैलती गई। देखते ही देखते आग साधु-संतों समेत भक्तों के लिए बनीं कुटियाओं तक पहुंच गईं। दूर से ही ऊंची-ऊंची लपटें दिखाई दे रही थी।

जानकारी मिलते ही पंडोखर थाना पुलिस और भांडेर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड का अमला मौके पर पहुंचा। फायर ब्रिगेड के अमले ने स्थानीय लोगों की मदद से करीब 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। धाम प्रबंधन ने आग के पीछे साजिश की आशंका जताई है।

पंडोखर पुलिस के मुताबिक घटना दोपहर करीब साढ़े 3 बजे की है।



ग्रामीणों और मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं की मदद से आग पर करीब 2 घंटे में काबू पा लिया गया। आग बुझाने में जुटे लोगों का कहना है कि दमकल की टीम जब तक धाम पर पहुंची करीब 90 प्रतिशत आग पर हम सब ने काबू पा लिया था। आग लगने का कारण पुलिस तलाश रही है।

### महोत्सव की हो रही थी तैयारियां

जानकारी अनुसार पंडोखर धाम में आज मंगलवार 23 अप्रैल से महोत्सव शुरू होना है जो 8 मई तक चलेगा। इसमें पंडोखर पीठाधीश्वर पंडित गुरु शरण शर्मा, वृंदावन के अर्पिताचार्य जी महाराज और साध्वी पीताम्बरा के प्रवचन होंगे। देशभर से अनुयायी यहां पहुंच रहे हैं। पंडोखर धाम के व्यवस्थापक मुकेश गुप्ता ने बताया कि महोत्सव को देखते हुए विशेष तैयारियां की गई थीं। साधु-संत और भक्तों के रुकने के लिए कुटीर बनाए गए थे। आग इन्हीं कुटीर से भड़की और जल्द ही महाराज निवास समेत धाम के नए ऑफिस तक पहुंच गई। उन्होंने बताया कि बताया कि घटना के समय यहां काम कर रहे मजदूरों ने एक व्यक्ति को भागते हुए देखा है।

## एमडीएच, एवरेस्ट समेत सभी कंपनियों के मसालों की होगी जांच

**नई दिल्ली।** हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसालों पर बैन के बाद अब भारत सरकार ने फूड कमिश्नर्स से सभी कंपनियों के मसालों का सैंपल कलेक्ट करने को कहा है। मीडियो रिपोर्ट्स में इस बात की जानकारी दी गई है। दोनों कंपनियों के इन प्रोडक्ट्स में कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की ज्यादा मात्रा होने के कारण इन्हें बैन किया गया था।

इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है। हॉन्गकॉन्ग के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने कहा था कि एमडीएच ग्रुप के तीन मसाला मिक्स मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा ज्यादा पाई गई है। एवरेस्ट के फिश करी मसाला में




**हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर में बैन के बाद भारत सरकार का एक्शन**

भी यह कार्सिनोजेनिक पेस्टिसाइड पाया गया है। जानकारी अनुसार देश के सभी फूड कमिश्नर्स को इस मामले को लेकर अलर्ट कर दिया गया है। मसालों के सैंपल कलेक्शन की प्रोसेस शुरू कर दी गई है। तीन से चार दिनों में एमडीएच और एवरेस्ट समेत देश की सभी कंपनियों की मसाला मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स से सैंपल्स कलेक्ट कर लिए जाएंगे।

## भाजपा ने बिना वोटिंग सूरत लोकसभा सीट जीती



**मुकेश दलाल निर्विरोध जीते, कांग्रेस कैंडिडेट का पर्चा रद्द हुआ**

सूरत।

लोकसभा चुनाव में भाजपा का खाता खुल गया है। गुजरात की सूरत लोकसभा सीट से सोमवार को बीजेपी कैंडिडेट मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए। दरअसल यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और हस्ताक्षर में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। रविवार को 7 निर्दलीय कैंडिडेट ने अपना नामांकन वापस ले लिया था। बीएसपी कैंडिडेट प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार 22 अप्रैल को पर्चा वापस ले लिया। इस तरह मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए।

### कानूनी लड़ाई लड़ेंगे : कांग्रेस

गुजरात कांग्रेस अध्यक्ष शक्ति सिंह गोहिल ने कहा हमारी लीगल टीम सभी पहलुओं की पड़ताल कर रही है। कानूनी टीम इस बात पर विचार कर रही है कि पहले हाईकोर्ट में याचिका दायर की जाए या फिर सीधे सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई जाए। मुकेश निर्विरोध निर्वाचित होने वाले बीजेपी के पहले सांसद बने हैं। वहीं गुजरात के चुनावी इतिहास में भी यह पहला मौका है जब कोई सांसद बिना चुनाव लड़े ही जीत गया हो।

नामांकन पत्र रद्द करने को लेकर रविवार को कलेक्टर और चुनाव अधिकारी के समक्ष सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान फॉर्म पर हस्ताक्षर करने वाले चारों प्रस्तावक भी नदारद थे। इसके चलते आखिरकार चुनाव अधिकारी ने नीलेश कुंभाणी का फॉर्म रद्द कर दिया।

## कांग्रेस आपकी संपत्ति पर पंजा मारना चाहती है: प्रधानमंत्री

**मोदी ने कहा ये सत्ता में आए तो लोगों के घर, गाड़ियां, सोना छीनकर बांट देंगे**

अलीगढ़।

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ में जनसभा की। उन्होंने कहा पिछली बार जब अलीगढ़ आया था, तब अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की फैक्ट्री में अलीगढ़ का ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा मजबूत ताला लगाया कि दोनों शहजादों को आज तक इसकी चाबी नहीं मिल रही।***

पीएम ने कहा इंडी गठबंधन की नजर आपकी संपत्ति पर है। नौकरी पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है, वे लोग उसकी भी जांच कराने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी संपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है, तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे।

कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टों की है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। आपका स्त्री धन लूटना चाहती है। माताओं-बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा। यही कांग्रेस ने कहा है। इन परिवारवादी लोगों ने देश को लूटकर अपना इतना साम्राज्य बना लिया है कि देश को कुछ नहीं दिया है। अब इनकी नजर देश के लोगों की संपत्ति पर है। जनता के धन को लूटना, देश को लूटना ही कांग्रेस अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझती है।



### इंडी गठबंधन वाले निराशा में डूबे हुए लोग हैं

पीएम ने कहा इंडी गठबंधन वाले इतनी निराशा में डूबे हुए लोग हैं कि भविष्य की ओर देखने के लिए हौंसला ही नहीं रहा। ये कहते हैं कि मोदी विकसित भारत की बात क्यों करता है। ये कहते हैं कि मोदी भारत को तीसरी बड़ी विकसित शक्ति बनाने की बात क्यों करता है। ये लोग अपने परिवार और सत्ता के लोभ के अलावा कुछ नहीं करते। जनता से छलावा करते रहते हैं।

### कांग्रेस की सोच माओवादियों और कम्युनिस्टो जैसी

मोदी ने कहा नौकरी-पेशा वाले लोगों ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जो एफडी करवाई है। कांग्रेस वाले उसकी भी जांच कराने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस इसका सर्वे कराएगी। फिर कांग्रेस ऐसे ही सरकार के नाम पर कब्जा करेगी। यह आपकी संपत्ति को छीनकर बांटने की बात कर रही है। इनकी सोच माओवादियों और कम्युनिस्टो जैसी है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है।

# सारे प्रयास हुये नाकाम, वोटिंग प्रतिशत बढ़ने का नहीं मिल पाया मुकाम

## संसदीय क्षेत्र मे पिछले दो पंचवर्षीय की अपेक्षा 12 प्रतिशत गिरा मतदान

### सस्पेंस में मतदाता आखिर जीत किसकी

### 2019 शहडोल संसदीय क्षेत्र में 74 प्रतिशत हुआ था मतदान

### कम हुए मतदान ने रिकार्ड बनाए रखने का बिगाड़ दिया समीकरण



अनूपपुर (स्वतंत्रमत)

लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण के लिए 21 राज्यों की 102 सीट सहित शहडोल लोकसभा के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग की तरफ से पूरी ताकत लगाने के बाद भी मतदान प्रतिशत 2019 के चुनाव के मुकाबले काफी कम रहा। अब राजनीतिक दल इस बात से घबराए हुए हैं कि आखिर 2019 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 2024 में हुए चुनाव में मतदान लगभ 12 प्रतिशत कम वोटिंग क्यों हुई वही मतदाता भी पशोपेश मे है कि कम वोटिंग मे इस बार जीत किसकी होगी।

मध्य प्रदेश में पहले चरण की छह सीटों सहित शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। शहडोल लोकसभा क्षेत्र में हुए कम मतदान ने रिकार्ड बनाए रखने का समीकरण बिगाड़ दिया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शहडोल संसदीय सीट पर शाम 7 बजे तक लगभग 62 प्रतिशत मतदान हुआ जो पिछले 2019 के चुनावों से बारह प्रतिशत मतदान कम है। मतदान के लिए निर्धारित समय 6 बजे के बाद कई केंद्रों में मतदान के लिए कतार लगी और वोटिंग हुई। गर्मी को देखते हुए सुबह से ही मतदान केंद्रों में लंबी कतार लग गई थी।

**2199 मतदान केंद्रों में पहले माक पोल** - शहडोल संसदीय क्षेत्र की सभी आठ विधानसभा से 2199 मतदान केंद्रों में मतदान दल ने पहले माक पोल किया। इसकी प्रक्रिया सुबह 6 बजे से शुरू कर दी गई थी। इसके बाद मतदान चलता रहा है। कुछ स्थानों पर माकपोल के दौरान ईव्हीएम में खराबी होने के कारण देरी से कारण मतदान शुरू हुआ। वहीं जहां मतदान पूरा हो गया था, वहां का मतदान दल अपनी वापसी की तैयारी में लग गया था। देर रात तक मतदान दल मुख्यालयों में पहुंचकर ईव्हीएम मशीन जमा करा दिए थे।

**इस बार बारह प्रतिशत घटा मतदान** - 2019 के चुनाव में 10 प्रतिशत मतदान बढ़ा था, लेकिन इस बार बारह प्रतिशत घट गया है, जबकि स्वीप प्लान के तहत मतदान के लिए जन जागरुकता अभियान में सरकारी अमला लगा रहा। मतदान का प्रतिशत नीचे गिरने का पहला कारण प्रत्याशियों का चयन मतदाताओं की पसंद न होना माना जा रहा है। इसके अलावा भीषण गर्मी, शादी विवाह के आयोजन और कार्यकर्ताओं की सुस्ती भी है। हालांकि तपिश की परवाह किए बिना श्शमतश्श् वाले उत्साहपूर्वक घरों से निकले और लोकतंत्र के महायज्ञ में अपनी सहभागिता निभाई।

**सुबह 7 से 11 बजे तक मतदान मे तेजी** - सुबह 7 बजे से 11 बजे तक मतदान तेजी हुआ। इसके बाद जैसे गर्मी बढ़ी मतदान की गति धीमी पड़ गई। दोपहर बाद फिर तेजी आई लेकिन प्रतिशत पिछले चुनाव की बराबरी तक नही पहुंच पाया। शहडोल संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभाओं में सबसे अधिक जयसिंहनगर और सबसे कम मानपुर विधानसभा में मतदान हुआ है। यहां सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी हिमांद्री सिंह और विधायक फुंदेलाल सिंह एवं कांग्रेस प्रत्याशी फुंदेलाल सिंह के बीच मुकाबला है। शहडोल संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिलों में मतदाता उत्साहित नजर आए। दिव्यांग मतदाताओं ने कड़ी धूप के बीच चुनाव में भागीदारी निभाई। युवा एवं बरिष्ठ मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया। अहम बात यह रही है कि सभी मतदान केंद्रों में मतदान हुआ। पांच गांवों में स्थानीय समस्याओं को लेकर विरोध जताया गया, लेकिन बाद में प्रशासन की सूझबूझ से वहां भी मतदान करा लिया गया।

**इस बार 10 उम्मीदवारों के लिए मतदान** - 10 उम्मीदवारों के लिए मतदान में भाजपा से वर्तमान सांसद हिमाद्री सिंह और कांग्रेस से पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को हैं। वहीं सभी 10 उम्मीदवारों में से 8 उम्मीदवार पार्टी सिंबल से और 2 निर्दलीय हैं। भाजपा और कांग्रेस के बाद 2 अन्य प्रमुख पार्टियों में बसपा और गोंगपा है। कमिश्नर बीएस जामोद, एडीजीपी डीसी सागर, कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

**तीन लोकसभा चुनाव का मत प्रतिशत** - संसदीय क्षेत्र शहडोल मे जहां 2014 मे वोटिंग प्रतिशत 62.20 था वही 2019 के चुनाव मे यह प्रतिशत 12.53 प्रतिशत बढ़कर 74.73 हो गया था परंतु 2024 के आम चुनाव मे यह लगभग 12 प्रतिशत घटकर 62 प्रतिशत ही रहा जो काफी चिंताजनक होने के साथ साथ मतदाताओं समेत राजनीतिक दल व शासन प्रशासन की कर्तव्यनिष्ठा पर प्रश्न चिन्ह खड़े करता है।

**10 फीसदी वोट कम पड़े, लेकिन बीजेपी को बड़ा नुकसान नहीं** - शहडोल में करीब 12 फीसदी कम वोट पड़े हैं। इससे कांग्रेस में उत्साह दिख रहा है, लेकिन 2019 में यहां 60 फीसदी वोट भाजपा को मिले थे। यहां का वोटिंग ट्रेंड ये है कि जब-जब वोटिंग बढ़ी है, इसका सीधा फायदा भाजपा को होता रहा है, इस बार वोटिंग कम हुई है, लेकिन भाजपा के लिए बड़ी चिंता नहीं है। जानकारों का कहना है कि भाजपा की हिमाद्री सिंह की जीत का मार्जिन यहां जरूर कम हो सकता है परंतु वे ही जीत के करीब होंगी।

**किसकी रही कमी-राजनीतिक दल, प्रशासन या दोनों** - राज्य में पहले चरण के चुनाव के दौरान हुई कम वोटिंग ने राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग दोनों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। पहले चरण में शहडोल संसदीय क्षेत्र मे उम्मीद से कम मतदान हुआ। यह तब है, जब राजनीतिक दलों के साथकृसाथ निर्वाचन आयोग भी अपने स्वीप अभियान के जागरूकता अभियान चलाया। वोटिंग प्रतिशत कम रहने से जहां राजनीतिक दलों की नींद उड़ी हुई है, वहीं निर्वाचन आयोग द्वारा किए जा रहे उपायों पर भी सवालिया निशान लग रहा है। बीजेपी ने तो हर बूथ पर अपने कार्यकर्ताओं को अलर्ट पर रखा था। बाइक सवारों का दल बनाया गया था। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए बाकायदा पीले चावल दिए गए थे। बावजूद इसके शाम तक हुई वोटिंग के बाद भी मतदान प्रतिशत घट गया। चिंताजनक बात यह है कि मध्य प्रदेश की सभी छह लोकसभा सीटों में पिछले चुनाव के मुकाबले कम मतदान हुआ है।

# लंबित विभागीय कार्यों में गति लाएं : कलेक्टर

### समयावधि बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा कर दिए निर्देश




**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** जिले में शांतिपूर्ण, निर्विघ्न निर्वाचन सम्पन्न होने पर सभी लोगों के सहयोग के लिए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने आभार ज्ञापित किया है। श्री वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के पूर्व यह बातें कही। बैठक में अपर कलेक्टर अमन वैष्णव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा, संयुक्त कलेक्टर डी.के. पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी तथा वर्चुअल माध्यम से एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगरीय क्षेत्रों के सीएमओ उपस्थित थे।

समयावधि बैठक में कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने संचालित विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए जन-मन योजना आदि आदर्श ग्राम, विद्युतीकरण, जल जीवन मिशन, स्वनिधि से समृद्धि प्रोफाईल अपडेशन कार्य, डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत प्रगतिरत कार्यों तथा जिले के चारों विकासखण्डों में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा लाइब्रेरी भवन के निर्माण कार्य, लेमनग्रास उत्पादन, एनसीएल मद से स्कूलों में प्रसाधन भवन का निर्माण, मल्टी परपच सेन्टर पीव्हीटीजी हास्टल निर्माण तथा अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए।

**अगले डेढ़ माह विभागीय कार्यों में फोकस करें**

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा आम निर्वाचन के प्रथम चरण में अनूपपुर जिले में सम्पन्न मतदान के पश्चात अब आगामी डेढ़ माह लंबित विभागीय कार्यों को गतिपूर्वक करके कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने बैठक में लंबित समयावधि पत्रों की समीक्षा करते हुए विभागीय रिव्यु बैठक के पूर्व प्रगति परिलक्षित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन विभाग अंतर्गत अर्न्तविभागीय लंबित अनुमति कार्यों को निराकृत करने के निर्देश दिए, जिससे विभागों के कार्य गतिपूर्वक कराए जा सके। उन्होंने जिले के 35 स्थानों में बीएसएनएल के मोबाइल टॉवर स्थापित किए जाने की समीक्षा की। बताया गया कि 5-7 स्थानों में टॉवर की स्थापना हो चुकी है। शेष में कार्य होना है, जिस पर उन्होंने इसकी पूर्णता व मानीटरिंग संबंधी निर्देश अनुविभागीय दण्डाधिकारियों को दिए।

# पड़ रही भीषण गर्मी में स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग

**अनूपपुर/कोतमा (स्वतंत्रमत)।** गर्मी के प्रकोप के कारण बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर चिंतित अभिभावकों ने मध्य प्रदेश सरकार से अनुरोध किया है कि या तो स्कूलों के समय में बदलाव किया जाए या गर्मियों की छुट्टियां निर्धारित समय से पहले शुरू की जाएं। गर्मी को देखते हुए अनेक स्कूलों में आउटडोर गतिविधियों को कम कर दिया गया है। बच्चों के माता-पिता का दावा है कि इतनी भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों का समय बच्चों के लिए सही नहीं है। कई राज्यों की सरकार ने घोषणा की है कि गर्मी के प्रकोप को देखते हुए सभी निजी और सरकारी स्कूलों में समय से पहले भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है। अनूपपुर जिला मुख्यालय सहित कोतमा एवं कोयलांचल तथा ग्रामीण क्षेत्र के अभिभावको ने कहा कि एक तरफ केंद्र सरकार ने धूप में, विशेष रूप से दोपहर 12 से अपरान्ह 3 बजे के बीच बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है, लेकिन प्रदेश में अधिकतर स्कूलों का समय सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक है। उन्होंने कहा कि बच्चे तीन बजे तक घर पहुंचते हैं। इसका मतलब यह हुआ कि गर्मी के सबसे भीषण दौर से वे गुजरते हैं जो वाकई खतरनाक है। हम सरकार से अनुरोध करते हैं कि या तो दूसरे राज्यों की तरह स्कूलों का समय बदलें या गर्मियों की छुट्टियां पहले ही शुरू कर दें। देश भर के कई राज्यों में अप्रैल में ही भीषण गर्मी ने दस्तक दे दी है। तपती गर्मी से स्कूल जाने वाले बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# सीवर लाइन का कार्य गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण करने के निर्देश



**शहडोल ।** कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद ने आज संभागीय मुख्यालय शहडोल में किये जा रहे सीवर लाइन एवं बस स्टैंड से लल्लू सिंह चौक तक निर्माणाधीन सड़क के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शहडोल नगर में सीवर लाइन की धीमी गति से निर्माण पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। कमिश्नर ने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए हैं कि सीवर लाइन का निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ तेजी से पूर्ण करें। कमिश्नर सीवर लाइन का निर्माण कार्य आज बंद पाए जाने पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देश दिए कि सीवर लाइन का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए तथा सीवर लाइन का कार्य तेजी से पूरा किया जाए। कमिश्नर ने सीवर लाइन का कार्य करने के बाद समतलीकरण न होने पर भी कड़ी नाराजगी व्यक्त की। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त विकास श्री मगन सिंह कनेश, अधीक्षण यंत्री लोक निर्माण विभाग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, प्रोजेक्ट मैनेजर एमपीयूडीपी विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# हनुमान जयंती पर ग्रहों का शुभ संयोग, बरसेगी कृपा

**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** हनुमान जयंती को हिंदू धर्म के प्रमुख पर्वों में से एक माना जाता है और भक्तों को पूरा साल इस शुभ दिन का इंतजार रहता है। इस बार 23 अप्रैल यानि आज हनुमान जयंती है। इस दिन मंगलवार भी है और ग्रहों के योग से बहुत ही दुर्लभ संयोग भी बना है। इस दिन मंगल ग्रह अपना राशि परिवर्तन भी कर रहे हैं और वह मीन राशि में आने वाले हैं। इस दिन चित्रा नक्षत्र प्रभाव में रहेगा और मंगल मीन राशि में आकर राहु, शुक्र, बुध, नेपच्यून के साथ युति संबंध बनाएंगे। जिससे पंचग्रही योग निर्मित होगा। इस दिन चित्रा नक्षत्र में सिद्ध योग का शुभ संयोग बना है। इस अवसर पर मेष राशि में बुधादित्य राजयोग भी बना है। कुंभ राशि में शनि शश राजयोग बना रहे हैं। इन सभी शुभ संयोग के बीच में बजरंगबली की कृपा से कई राशियों के भाग्य के दरवाजे खुलते चले जाएंगे। इन राशियों को कारोबार में बड़ा मुनाफा हासिल होगा और करियर में भी अप्रत्याशित सफलता मिलेगी। हिन्दू धर्म में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान को संकटमोचक माना गया है। हनुमान जी की महिमा अपार है। मान्यता है कि श्री हनुमान का नाम लेते ही सारे संकट दूर हो जाते हैं और भक्त को किसी बात का भय नहीं सताता है। उनके नाम मात्र से आसुरी शक्तियां गायब हो जाती हैं। मान्यता है कि हनुमान जी ने भगवान शिव के 11वें अवतार



के रूप में माता अंजना की कोख से जन्म लिया था। हिन्दू मान्यताओं में श्री हनुमान के परम बलशाली और मंगलकारी माना गया है। हनुमान जी का आशीर्वाद जीवन में आने वाली हर समस्या को दूर करने की क्षमता रखता है। हनुमान जी को मंगलकारी कहा गया है इसलिए इनकी पूजा जीवन में मंगल लेकर आती है। हनुमान जयंती के अवसर पर जहां जिला मुख्यालय के इंदिरा तिराहा के पास उत्कृष्ट विद्यालय मे संदीप शिवहरे देवी जागरण करेंगे वही सामतपुर व बस्ती स्थित केशरी नंदन हनुमान जी मंदिर समिति द्वारा विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी तथा शहर भ्रमण होगा।

# बस की टक्कर से आटो सवार महिला की मौत

**शहडोल ।** शहडोल में बस ने ऑटो को टक्कर मार दी। ऑटो में सवार एक महिला की मौत हो गई। वहीं, दो अन्य को गंभीर चोटें आई हैं। ऑटो बाणसागर जा रहा था। शहडोल जिले के जयसिंहनगर व खन्नौधी के बीच रविवार शाम हुए सडक़ हादसे में ऑटो सवार महिला की मौत हो गई। दो बच्चों को गंभीर चोट आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। गोहपारू थाना पुलिस ने बताया कि पुनिया बाई पति रामबहोर, 40 वर्ष, निवासी मझौली, ऑटो क्रमांक एमपी-18आर-3750 में सवार होकर बाणसागर जा रही थी। महिला के दो बच्चे भी साथ थे। शाम करीब चार बजे खन्नौधी बरहा के समीप रीवा की ओर से आ रही तेज रफ्तार दीपक ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी-18पी-0248 ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। इससे ऑटो कई पलटी खा गई। ऑटो में सवार पुनिया बाई की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दोनों बच्चों को गंभीर चोट आई है। लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बस को अपने कब्जे में ले लिया। आगे की जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार बस ने पीछे से टक्कर मारकर ऑटो के परखच्चे उड़ा दिए। हादसे में महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई। दोनों घायल बच्चों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# हिंदुस्तान पावर प्लांट मोजरवेयर एवं ठेकेदार की मनमानी से परेशान वाहन मालिकों ने सौंपा ज्ञापन

**शहडोल ।** अनूपपुर जिले के जैतहरी स्थिति हिंदुस्तान पॉवर प्लांट मोजर्वेयर एवं ठेकेदार की अंग्रेजी हुकूमत, फूट डालो राज करो और जब मन पड़े बेफजूल नियम बनाने के विरोध में आज मुख्यमंत्री के नाम, आयुक्त शहडोल व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, कलेक्टर अनूपपुर, पुलिस अधीक्षक अनूपपुर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जैतहरी एवं को ज्ञापन सौंपा। अनुविभागीय अधिकारी, कार्यालय जैतहरी में मोजर्वेयर के अधिकारी और वाहन मालिकों के बीच बारह सूत्रीय मांगों को लेकर चर्चा हुई और दिनांक 24.04.2024 तक का अल्टीमेटम दिया गया है यदि कंपनी बारह सूत्रीय मांगों को नजरअंदाज करती है तो दिनांक



25.04.2024 को मोजर्वेयर गेट के सामने बृहद आंदोलन किया जायेगा । स्थानीय लोगों का कहना है कि मोजवेयर के अधिकारी कर्मचारी एवं ठेकेदार दुरभिसंधि कर खुद मालामाल होते हैं और वाहन मालिकों को परेशान करते हैं। रोज नए नियम बनाते हैं, ठेकेदार मनमाना भुगतान करते हैं, जिससे वाहन मालिकों के क़िस्त निकल पाना मुश्किल होता है। कंपनी जीएसटी भुगतान भी नहीं करती है जिसके कारण प्रत्येक माह प्रत्येक वाहन मालिकों को लाखों रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ता है,इस कारण सभी लोग एक जुट होकर कंपनी और ठेकेदारों के विरुद्ध धावा बोलने को मजबूर हुए हैं। ज्ञापन सौंपने में करतार सिंह, विजय कुमार जायसवाल,अभिषेक पाल, राम लखन राठौर, अशोक कुमार, रवि राठौर,केशव प्रसाद राठौर, बसंत कुमार, वीरेंद्र सिंह, जितेंद्र कुमार गौतम, सूरज तंनवर, महेश प्रसाद गुप्ता, मयंक सिंह,सुखेंद्र सिंह, प्रशांत त्रिपाठी, नारायण सिंह,सोखी अग्रवाल, संदीप राठौर, सत्यम केसरवानी, अवधेश कुमार पटेल,सुनील कुमार मिश्रा, सुरेंद्र कुमार पांडे,भीमसेन गुप्ता, दिनेश सिंह राठौर,बबलू जायसवाल, अशोक कुमार गौतम, राम लखन राठौर, चंद्रिका प्रसाद राठौर,मनीष अग्रवाल, ललन सिंह राठौर, संतोष राठौर, केशव प्रसाद राठौर, रवि राठौर, सूरज तंनवर,प्रशांत त्रिपाठी, जीतू गौतम, सागर बुनकर एवं उपेंद्र गुप्ता मौजूद रहे ।

# कलेक्टर ने आरटीई की जानकारी समय पर उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



**शहडोल ।** कलेक्टर तरूण भटनागर ने आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में समयावधि पत्रों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देष दिए कि समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में समस्त विभागीय अधिकारियों की उपस्थित अनिवार्य रूप से रहें यह सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कोई भी विभागीय अधिकारी बिना अवकाश स्वीकृत किये बिना बैठक से अनुपस्थित न रहें। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिकारी सूचना के अधिकार की जानकारी आवेदको को समय पर देना सुनिश्चित करें तथा अभिलेखों की जानकारी किन कारणो से नहीं दे सकते इसके सबंध में भी आवेदनकर्ताओं को जानकारी मुहैया कराएं। बैठक के दौरान कलेक्टर तरूण भटनागर ने दागना कुप्रथा को रोकने के लिए जिले में की जा रही कार्यवाही की भी जानकारी ली एवं दागना कुप्रथा को रोकने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने एवं गांव-गांव जाकर इसे रोकने हेतु जन जागरूकता कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने नशा मुक्ति अभियान की भी जानकारी प्राप्त की एवं निर्देश दिए कि नशा मुक्ति हेतु लोगों को जागरूक करे, नशे से होने वाली बीमारी एवं नुकसान के बारे में भी जानकारी दें। बैठक में कलेक्टर तरूण भटनागर ने कहा कि जिले में जितने भी कंट्रोल रूम हैं, चिकित्सा संबंधी या जल विभाग संबंधी सहित अन्य कन्ट्रोल रूम वो 24 घंटे सक्रिय रहे एवं टीम तत्काल सुविधा देने के लिए तैयार रहे। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रूम में फोन कॉल्स आने पर तुरंत कार्यवाही हो सके इसे लिए संबंधित विभाग में सभी आवश्यक वस्तुएं भी उपलब्ध हों जिससे आवेदक को तुरंत सहायता मिल सके।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर अमृता गर्ग, अनुविभागीय अधिकारी अरविंद शाह, प्रगति वर्मा, डिप्टी कलेक्टरएन्टोनियो एक्का, भागीरथी लहरे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ईव्हीएम स्ट्रांग रूम के संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के लिए अधिकारी तैनात

**अनूपपुर (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा आम निर्वाचन हेतु मतदान पश्चात ईव्हीएम स्ट्रांग रूम के निकट एक 24 घंटा सक्रिय नियंत्रण कक्ष एवं 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी हेतु अधिकारियों की तैनादगी संबंधी जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केंद्र हेमंत खैरवार के स्थान पर सहायक परियोजना यंत्री पीआईयू संभाग अनूपपुर अजीत कुमार सिंह की ड्यूटी पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर में निर्मित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम के संपूर्ण व्यवस्था की निगरानी हेतु तत्काल प्रभाव से लगाई गई है। संबंधित अजीत सिंह निर्धारित तृतीय पाली में निर्धारित तिथि पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

# पथखई घाट के पास बारातियों से भरी बस पलटी

## 12 से अधिक घायल, उपचार के लिए कराया गया भर्ती

शहडोल ।

बरातियों से भरी एक बस अनियंत्रित होकर सोमवार की दोपहर पथखई घाट के पास पलट गई। जिससे बस में सवार 12 से अधिक बराती घायल हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार बस क्रमांक एमपी-51पी-1041 से बरात पाली विकास खंड के ग्राम मछेही से गोपालपुर आई थी। विदाई के बाद बरात लौट रही थी, तब यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलने पर सिंहपुर एवं खैरहा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। गंभीर रूप से घायल बरातियों को जिला अस्पताल और सामान्य घायलो को सिंहपुर अस्पताल ले जाया गया है। घटना की जानकारी लगते ही यातायात डीएसपी मुकेश दीक्षित भी घटनास्थल पहुंचे। सभी घायलों को अस्पताल लाया गया





है। तीन लोगों को गंभीर चोट आई हैं। उनका उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना पर थाना खैरहा डायल 100 में तैनात आरक्षक सतीश चौरसिया जिनका स्वयं कुछ दिन पूर्व एक्सीडेंट हो जाने के कारण घायल थे, जो स्वयं भी सही से चल नही पा रहे थे, परंतु पुलिसकर्मी ने अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए पायलेट पंकज लोधी के साथ घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे एवं उनके द्वारा मौके पर पहुंचकर बस के पलट जाने से करीब 15-20 लोग घायल व्यक्तियों को सूझबूझ का परिचय देते हुए उठाया एवं तत्काल अत्यधिक गंभीर रूप से घायल करीब 7-8 लोगों को बैठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सिंहपुर में उपचार हेतु भर्ती कराया गया एवं शेष घायलों को थाना सिंहपुर डायल 100 द्वारा लाकर उपचार हेतु सीएससी सिंहपुर में भर्ती कराया गया।

# स्टंटिंग पर अब परिजनों पर होगा एक्शन

## पेड़ से टकराकर जिंदा जलकर हुई थी युवक की मौत



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

विगत रविवार की सुबह तेज रफ्तार से बाइक में स्टंट के दौरान 18 वर्षीय किशोर की जिंदा जलकर मौत हो गई। घटना इतनी खतरनाक थी कि महज चंद सेकेंड में ही किशोरी आग में पूरी तरह से जल गया। यह हादसा बरगी नगर चौकी के वीआईपी गेट के पास हुआ था, जहां पर किशोर यश तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए तेज पेड़ से जा टकराया, और करीब 50 फीट तक बाइक सहित उछलकर दूर जा गिरा। घटना के बाद बाइक में आग लग गई, और उसकी चपेट में 18 साल का यश भी आ गया। इस घटना से सबक लेते हुए जबलपुर पुलिस ने अब बाइक से स्टंट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का मन बना लिया है। पुलिस अब ऐसे स्थानों पर नजर बनाए हुए है, जहां पर कि युवा लड़के तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए स्टंट करते है। एसपी के निर्देश पर पुलिस की एक विशेष टीम तेज रफ्तार बाइक चलाने और स्टंट करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई तो करेगी है, साथ ही लड़कों के परिजनों के खिलाफ भी पुलिस सख्त एक्शन लेगी।

लाइसेंस होंगे निरस्त : सूर्यकांत

इस मामले में एएसपी सूर्यकांत शर्मा का कहना है कि आमतौर शहर के लड़के बाइक से स्टंट करने के लिए डुमना एयरपोर्ट, बरगी या फिर हाईवे की सर्विस लाइन को चुनते है। यहीं पर सुबह-शाम बड़ी संख्या में लड़के बाइक से स्टंट करते है। तेज रफ्तार से चलाते है, और फिर दुर्घटना का शिकार होते है। एएसपी ने बताया कि अब जांच के दौरान जो भी लड़का तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए या फिर स्टंट करते हुए दिखता है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई तो होगी ही, साथ ही उनके लाइसेंस भी निरस्त किए जाएंगे।

## बाइकर्स का आतंक बिना नंबर की बाइक

### मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर धूम मचा रहे युवा

सिहोरा।

तहसील के आसपास बरनू तिराहा, स्टेशन तिराहा, कछपुरा, जुझारी की सड़कों पर सुबह शाम तेज गति से चलने वाले बाईकर्सो का आतंक देखते ही बनता है। इनके द्वारा बिना नंबर के वाहन बेलगाम गति से भगाए जा रहे हैं। स्टंट बाजी करते हुए इन वाहनों की तेज रफ्तार देखकर लोगों की रूंह काप जाती हैं उनके द्वारा अपने वाहनों पर मॉडिफाई साइलेंसर लगाए गए हैं जो कानफोडू आवाज देते हैं परिवहन विभाग की प्रतिबंधता के बावजूद आढ़े-तिरछे वाहन नंबर, मॉडिफाई साइलेंसर, बिना लाइसेंस के वाहन चलाना जैसे युवाओं के लिए गोसलपुर थाना क्षेत्र में सामान्य बात हो गई है पुलिस के द्वारा ठोस चालानी कार्यवाही न करने के कारण उनके मन से भय समाप्त हो चुका है। यहां के लोगों ने बताया की बुधवार के दिन नगर में साप्ताहिक बाजार भरता है बाजार के अंदर यह वाईकर्स घुस जाते हैं और अपने कान फोडू साइलेंसर से लोगों का जीना हराम कर देते हैं। ग्राम के प्रबुद्ध जनों द्वारा पुलिस थाना गोसलपुर में गत दिवस आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में कार्यवाही करने की आवाज उठाई गई थी परंतु लंबा समय बीत जाने के बाबजूद कार्यवाही के नाम पर कुछ भी नहीं हुआ।



# भव्यता से निकाला मां बूढ़ी खेरमाई का जवारा जुलूस



## पुलिस कप्तान ने जवारा मार्ग व व्यवस्था का लिया जायजा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। शहर के चार खंबा क्षेत्र में स्थित प्राचीन मां बूढ़ी खेरमाई का जवारा जुलूस काफी प्रसिद्ध है। इस जवारा जुलूस की महिमा देखते ही बनती है। सोमवार शाम खेरमाई का जुलूस पारंपरिक व भव्य रूप से निकला। सैंकड़ों कलश, बाने, जवारे, बैंड, ढोल के साथ चल जुलूस का मार्ग भर स्वागत किया गया।

### हनुमानताल में जवारे विसर्जित

बूढ़ी खेरमाई का जवारा जुलूस परम्परिक मार्ग मछली मार्केट, सूजी मोहल्ला, छोटा फुहारा, मन्नूलाल अस्पताल, पाण्डे चौक, गल्ला मण्डी, खोवा मण्डी, कमानिया गेट होते हुये सराफा चौक, राजा रसगुल्ला, मिलौनीगंज चौक, घोड़ा नक्कास हनुमानताल विसर्जन घाट पहुंचा जहां विधिवत जवारे विसर्जित किये गये।



### पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था

पुलिस कप्तान आदित्य प्रताप सिंह ने दोपहर में ही बूढ़ी खेरमाई मंदिर से निकाले जाने वाले जवारा जुलूस के मार्ग का लिया जायजा लेकर व्यवस्था में लगे अधिकारी व कर्मचारियों को ड्यूटी के सम्बंध में किया ब्रीफ कर दिया था। बूढ़ी खेरमाई मंदिर से निकाले जाने वाले जवारा जुलूस के मार्ग का एएसपी सिटी सुश्री सोनाक्षी सक्सेना (भापुसे), सीएसपी गोहलपुर राजेश सिंह राठौर, टीआई राजपाल सिंह बघेल, टीआई मानस द्विवेदी जायजा लेते हुये व्यवस्थाओं के सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। हाईराईज बिल्डिंगों में भी बाईनाकुलर के साथ वॉचर्स लगाये गये थे। साथ ही प्लेन क्लाथ में भी कर्मचारियों को आसूचना संकलन हेतु क्षेत्र निर्धारित कर लगाया गया जो लगातार अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमण करते हुये स्थिति पर निगाह रखे रहे।



# शंकराचार्य द्वय का दण्ड दीक्षा संन्यास दिवस मनाया

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ सिविक सेंटर मढ़ाताल में शंकराचार्य द्वय का दण्ड दीक्षा-सन्यास दिवस मनाया गया। ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि परम पूज्य अनंत श्री विभूषित ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री ने आज से 22 वर्ष पूर्व चैत्र शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को काशी के पुनीत धाम पर अपने दो सुयोग्य ब्रह्मचारी श्री सदानंद जी महाराज एवं श्री अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज को दण्ड संन्यास देकर के कमश सदानंद सरस्वती एवं अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती नाम दिया था। आज स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज को संन्यास दीक्षा दिए हुए 22 वर्ष पूर्ण हों गये। अत्यंत गौरव प्रसन्नता की बात है कि जब वह 21 वे वर्ष में प्रवेश किए तब वह ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य हो चुके ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य के रूप में यह उनका दूसरा दंड संन्यास दिवस है अनंत श्री विभूषित ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज का यह 22 वां दण्ड संन्यास दिवस है यहां श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में भक्तों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया तथा इसी प्रकार से सनातन धर्म की सेवा करते रहे सदा सर्वदा धर्म के मार्ग पर चलते रहें और लोगों को सत प्रेरणा देते रहें। इसी भावना से हम सभी लोगों ने मिलकर भगवती बगलामुखी की उपासना अर्चना एवं महाआरती की तथा उनके दीर्घायु की मंगल कामना की। उपस्थित नीता श्याम चौदाहा, राजा तिवारी,ऋ षि अग्रवाल, पंकज दुबे, महेश पुरुस्वानी, मनोज सेन आदि।

## हाजी सुब्हानल्लाह शाह बाबा का उर्स शुरू



जबलपुर (स्वतंत्र मत)। रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड के सुब्हान बाग स्थित हजरत हाजी मोहम्मद सुब्हानल्लाह शाह रह.अलैह का 87 वॉ दो दिनी उर्स का आगाज आज चादर जुलूस के साथ हुआ। दरबारे सुब्हानिया के सज्जादानसीन बदरुद्दीन गुड्डु बाबा की सरपरस्ती में अकीदत व मोहब्बत के साथ चादर संदल जुलूस निकाला गया चादर जुलूस में मौलाना जुनून नक्शबंदी, नागपुर से बाबा के खानदान से तशरीफ़ लाये जमील भाई, गब्बू भाई, नसीम भाई, रियाज़ भाई, यार मोहम्मद अंसारी, सुल्तान खान, रफीक पहलवान सहित सैकड़ो अक़ीदत मंद शामिल रहे।

# राम के प्रिय श्रीहनुमान की जयंती आज

## श्री संकट मोचन सिद्ध पीठ में आज विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। रानीताल चौक स्थित श्री संकट मोचन सिद्ध पीठ में आज श्री हनुमान जन्मोत्सव पर विविध आयोजन किए जाएंगे। जिसमें आज प्रातः 6 बजे श्री हनुमानजी का जन्मोत्सव, सुबह 8 बजे से सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, प्रातः 11 बजे से एक बजे तक सुन्दर काण्ड पाठ, दोपहर 12 बजे से विशाल भण्डारा, दोपहर 2 बजे से सायं 04 बजे तक महिला मण्डल द्वारा भजन, सायं 4 से हवन पूजन संध्या, 7 बजे से संत महात्माओं के प्रवचन एवं रात्रि 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम मिठाईलाल चक्रवर्ती व पार्टी द्वारा साथ में भगवान की महाआरती का आयोजित किए जाएंगे। मंदिर के संचालक, महंत पं. रामराघव चतुर्वेदी ने सभी भक्तों से पहुंचने की अपील की है।



### आज हनुमान जयंती पर होंगे विविध

सिहोरा। हनुमान जयंती के अवसर पर आज गोसलपुर सहित नगर के ग्रामीण अंचलों में स्थित हनुमान मंदिरों में विविध आयोजन संपन्न होंगे। हनुमान जयंती की तैयारी को लेकर एक दिन पूर्व मंदिर समितियां द्वारा हनुमान मंदिरों में आकर्षक साज-सज्जा कर रंगीन झालरों से सजाया गया है। वहीं अनेक मंदिरों में अखंड रामायण मानस पाठ प्रारंभ कर दिया गया है। सभी मंदिरों में सुंदरकांड अखंड रामायण पाठ भजन कीर्तन भंडारे का आयोजन संपन्न होंगे वहीं गोसलपुर के हृदय स्थल झंडा बाजार में स्थित हनुमान मंदिर मंदिर से विशाल वाहन रैली निकाली जायेगी। जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए झंडा बाजार पर समापन होगा, वाहन रैली के पश्चात विशाल भंडारे व कन्या भोज ब्राह्मण भोजन का आयोजन संपन्न होगा। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने उक्त आयोजनों में सभी से पहुंचने की अपील की है।

# जबलपुर से होकर गुजरेंगी 2 समर स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। रेलवे ने गर्मियों में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए अतिरिक्त समर स्पेशल रेलगाड़ियां चलाने का निर्णय लिया है। मध्य रेल से चलने वाली समर स्पेशल पश्चिम मध्य रेल से गुजर रही है। गाड़ी संख्या 01425 स्पेशल ट्रेन दिनांक 25 एवं 29 अप्रैल को रात्रि 7.55 बजे पुणे से प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 12.05 बजे, जबलपुर 3.35 बजे, कटनी 4.55 बजे, सतना 6.20 बजे और तीसरे दिन प्रातः 04.30 बजे दानापुर पहुंचेगी। 01426 स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 एवं 30 अप्रैल को सुबह 06.30 बजे दानापुर से प्रस्थान कर सतना 5.30 बजे, कटनी 6.55 बजे, जबलपुर 9.30 बजे पहुँचकर अगले दिन इटारसी मध्य रात्रि 01.40 बजे और सायं 5.35 बजे पुणे पहुँचेगी। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में दौड़ कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर और आरा पर रुकेंगी। इसी प्रकार 01081 स्पेशल ट्रेन दिनांक 25 एवं 29 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे एलटीटी से प्रस्थान कर इटारसी रात्रि 8.55 बजे पहुँचकर अगले दिन जबलपुर 03.40 बजे, सतना 06.45 बजे और अगले दिन सायं 7 बजे दानापुर पहुंचेगी। 01082 स्पेशल ट्रेन 26 एवं 30 अप्रैल को रात्रि 11 बजे दानापुर से प्रस्थान कर अगले दिन सतना सुबह 09.20 बजे, जबलपुर 12.5 बजे, इटारसी 3.40 बजे और तीसरे दिन प्रातः 04.50 बजे एलटीटी पहुंचेगी। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में ठाणे, कल्याण, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय पर रुकेंगी।

## कलेक्शन से लौटते वक्त कार ने मारी टक्कर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विजयनगर थाने में बीती रात में 34 वर्षीय पं. विवेक पाण्डे निवासी करमेता थाना माढ़ोताल ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह कलेक्शन सीजिंग का काम करता है। रात के वक्त वह जुपिटर में बैठकर एसबीआई चौक सर्विस गली से अहिंसा चौक तरफ जा रहा था, गाड़ी को आशीष राजपूत चला रहा था। जैसे ही हमारी गाड़ी व्हाईट रोज बार के पहले पहुँची तभी सामने से आ रही कार का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी जुपिटर में साईड से टक्कर मार दिया जिससे वह एवं आशीष दोनों गिर गये उसे दाहने की गदेली पैर के घुटने में था आशीष को दाहिने घुटने तथा ऐड़ी में काफी चोट आयी है। उसने आशीष ठाकुर को उपचार हेतु निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है ।

# समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिये जिला उपार्जन समिति की हुई बैठक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर दीपक सक्सेरना की अध्यक्षता में जिला उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें रबी विपणन वर्ष 2024.25 में समर्थन मूल्यज पर गेंहू उपार्जन का कार्य सुचारू रूप से किये जाने के लिये सभी अधिकारियों.कर्मचारियों को निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिदिन उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर कृषकों की समस्याओं का निराकरण कर कृषकों को उपार्जन केन्द्र पर अपनी उपज विक्रय किये जाने के लिये प्रोत्साहित करें। समस्तक खरीदी केन्द्रठ पर अनिवार्यतः उपज अपग्रेडेशन पर लगने वाले 20 रू. प्रति क्विंटल लेबर व्यय की दर का बैनर लगवाना तथा उपार्जन केन्द्र पर लगे सभी सर्वेयर को निर्देशित किया गया कि एफएक्यू गुणवत्ता के मापदण्ड अनुसार किसानवार जानकारी संधारित की जावे एवं उपार्जन केन्द्रों पर कृषकों की सुविधा के लिये समस्त भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।





## जिलहरी घाट में नहाते समय डूबे 2 युवक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** दो युवकों के नर्मदा नदी के जिलहरी घाट में डूबने की खबर से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि संजय गांधी नगर निवासी अजय पासी और राजीव गांधी नगर निवासी नित्तू कोरी अपने एक अन्य साथी शनि के साथ जिलहरी घाट नहाने गए हुए थे। दोपहर करीबन 1 से 2 बजे के बीच गहरे पानी में चले जाने के कारण से डूबने लगे। इस दौरान शनि तो तैरकर बाहर आ गया। जबकि बाकी दो युवक पानी में गुम हो गए। काफी देर बाद जब परिजनों को इस बात की जानकारी लगी तो उन्होंने पुलिस से मदद मांगी। बताया जाता है कि घाट में दोनों युवकों के कपड़े मिले हैं। वहीं सर्चिंग के दौरान युवक कहीं भी नहीं मिल पाए। पुलिस ने अंधेरा होने का हवाला देते 7.15 बजे सर्चिंग बंद कर दी। रेस्क्यू ऑपरेशन सुबह किया जायेगा।

# स्ट्रांग रूम की तीसरी आंख से निगेहबानी

## लाइव देखने प्रशासन ने लगाई एलईडी स्क्रीन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित प्रशासनिक भवन में बने स्ट्रांगरूम पर सीसीटीव्ही कैमरों से नजर रखी जा रही है। लोकसभा चुनाव के लिये मतदान में इस्तेमाल की ईव्हीएम और व्हीव्हीपेट मशीनों को सुरक्षित रखने विधानसभावार बने स्ट्रांगरूम के भीतर और बाहर कई कैमरे लगाये गये हैं। निष्पक्ष, पारदर्शी व स्वतंत्र निर्वाचन सुनिश्चित करने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों में स्ट्रांगरूम की निगरानी के लिये चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को अपने प्रतिनिधि नियुक्त करने की अनुमति है। आयोग के इन्हीं निर्देशों के मुताबिक उम्मीदवारों द्वारा स्ट्रांगरूम की निगरानी रखने नियुक्त कार्यकर्ताओं की सुविधा के लिये जिला प्रशासन द्वारा कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग भवन के सामने पण्डाल लगाया गया है, जहां स्ट्रांगरूम के भीतर और बाहर लगाये गये प्रत्येक सीसीटीव्ही कैमरे की लाइव तस्वीरें चौबीस घण्टे एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित की जा रही हैं।




### सीआरपीएफ के जवान तैनात

लोकसभा चुनाव के लिये हुये मतदान के बाद जबलपुर संसदीय क्षेत्र में शामिल जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र की ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपेट मशीनों को जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में बने स्ट्रांगरूम में तीन स्तरीय सुरक्षा के बीच रखा गया है। स्ट्रांगरूम की सुरक्षा की मुख्य जिम्मेदारी केंद्रीय सशस्त्र सुरक्षा बल के जवान सम्हाल रहे हैं। इसके अलावा स्ट्रांगरूम के भीतर तथा इसके चारों ओर कई सीसीटीव्ही कैमरे लगाये गये हैं।

# पानी के टैंकर में फैला करंट 1 मौत, एक घायल



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** रविवार को शाम 4.30 बजे के आसपास बचैया से पोंडा तक रोड का काम चल रहा है, जिसमें पानी का छिड़काव टैंकर के द्वारा चल रहा था जैसे ही टैंकर नांदघाट के पास रोड पर पानी डालने के लिए चल रहा था। तभी एक विद्युत पोल से टैंकर की टक्कर हो गई जिससे पूरे टैंकर में करंट फैल गया पीछे एक व्यक्ति छिड़काव कर रहा था वह भी घायल हो गया और टैंकर का चालक विद्युत करंट की चपेट में आने के कारण उसकी टैंकर में मौत हो गई। सोमवार की सुबह परिजनों की मौजूदगी में 11 बजे पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर पीएम करवाया। सिहोरा पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक मृतक मुकेश पिता किशनलाल विश्वकर्मा उम्र 44 वर्ष निवासी हिवरा कला थाना चौरई जिला छिंदवाड़ा का निवासी था वही पीछे पानी लग रहा घायल अमर लाल बैगा निवासी तलाड का इलाज जारी है।

# बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पठारी मतदान केन्द्र में हुआ शत-प्रतिशत मतदान

## जिले में 6 मतदान केन्द्रों में शत प्रतिशत मतदान

### मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केन्द्रों तथा बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र में सौ फीसदी मतदान

**उमरिया ।** लोक सभा निर्वाचन 2024 में उमरिया जिले में 100 प्रतिशत मतदान करने वाले मतदान केन्द्रों की संख्या 6 हो गई है जिसमें मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केन्द्रों तथा बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र शामिल है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्र 205 पठारी में कुल मतदाताओ की संख्या 307 थी जिसमें 158 पुरूष तथा 149 महिला मतदाता शामिल थे। इस मतदान केन्द्रा में सभी 307 मतदाताओ ने मतदान कर 100 फीसदी मतदान करने वाले मतदान केन्द्र में अपना नाम जुडवाकर इतिहास रच दिया। इसी तरह मानपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 95 गजरहा में 311 में 311 मतदाताओं ने वोट डाले हैं। मतदान केंद्र क्रमांक 278 कुनकुनी में 238 मतदाताओं में से 237 ने वोट कास्ट किया है एक की मौत मतदान के कुछ दिन पूर्व हो चुकी थी,इसके अलावा मतदान केंद्र क्रमांक 312 कुसुमहा कला 441 में 441, मतदान केंद्र क्रमांक 149 पिपरी टोला में 298 में 298, मतदान केंद्र क्रमांक सेमरी 105 में 373 में से 373 मतदाताओं ने मतदान किया। लोकतंत्र के पर्व को मजबूती प्रदान की है,जिला निर्वाचन अधिकारी के द्वारा जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने स्वीप गतिविधियों के तहत कई तरह ने नवाचार किए गए थे। ये सभी मतदान केंद्र शहडोल संसदीय क्षेत्र के 90 मानपुर विधानसभा क्षेत्र के है।

बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र में मतदान केन्द्रव 205 पठारी में शत प्रतिशत मतदान , 95 से 99 प्रतिशत के बीच दो मतदान केन्द्रों में 195 उमरपानी में 97.2 प्रतिशत, चिरूहला में 95.48 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी तरह 90 से 95 प्रतिशत के बीच 4 मतदान केन्द्रों में मतदान हुआ है जिसमें 28 नरवार में 94.52 प्रतिशत, 200 उजान में 94.23 प्रतिशत, 192 सिंहपमर में 92.81 प्रतिशत तथा 105 लगवारी में 91.28 प्रतिशत मतदान हुआ। 85 से 90 प्रतिशत के बीच 6 मतदान केन्द्रों में मतदान हुआ है जिसमें 271 मछेहा में 89.63 प्रतिशत, 187 राघोपुर में 89.27 प्रतिशत, 25 मझगवां में 88.96 प्रतिशत, 68 गुडा में 88.64 प्रतिशत, 113 तखतपुर में 87.28 प्रतिशत, 14 धौरखोह में 86.05 प्रतिशत, 87 हर्रवाह में 84.60 प्रतिशत, 263 पोडी में 84.35 प्रतिशत, 149 अमडी में 83.39 प्रतिशत, 32 बहेरवा में 83.39 प्रतिशत, 24 लोरहा में 82.24 प्रतिशत, 210 डोगगवां 81.36 प्रतिशत मतदान हुआ।

इसी तरह 80 से 85 प्रतिशत के बीच 6 मतदान केन्द्र 75 से 80 के बीच 7 मतदान केन्द्र, 70 से 75 प्रतिशत के बीच 41 मतदान केन्द्र, 65 से 70 प्रतिशत के बीच 60 मतदान केंद्र तथा 65 से नीचे 144 मतदान केन्द्रो में मतदान का प्रतिशत रहा।

मानपुर विधानसभा क्षेत्र में हुए मतदान का प्रतिशत

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र1 कुमार जैन ने बताया कि मानपुर विधानसभा क्षेत्र के पांच मतदान केन्द्रों में 100 फीसदी मतदान हुआ है। इसी तरह 8 मतदान केन्द्रों में 95 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। 90 से 95 प्रतिशत के बीच 2 मतदान केन्द्र, 85 से 90 प्रतिशत के बीच 2 मतदान केन्द्र, 80 से 85 प्रतिशत के बीच 9 मतदान केन्द्र, 75 से 80 प्रतिशत के बीच 15 मतदान केन्द्र, 70 से 75 प्रतिशत के बीच 34 मतदान केन्द्र ,65 से 70 प्रतिशत के बीच 70 मतदान केन्द्रे तथा 174 मतदान केंद्रो में 65 प्रतिशत मतदान हुआ है ।



# बारात लेकर वापस लौट रही बस हादसे का शिकार हुई

### 15 से ज्यादा बाराती घायल

**उमरिया।** उमरिया जिले के नौरोजाबाद थाना अंतर्गत ग्राम मछेहा से बारात लेकर डिंडोरी जिले गई बस वापस लौट के दौरान पतखई घाट में हादसे का शिकार हुई है। हादसे में 15 से ज्यादा बाराती के घायल होने की खबर है वही तीन की हालत गंभीर बताइ जा रही है। हादसे के बाद मौके पर पहुंची 100 डायल के द्वारा घायलों को बस से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक उमरिया जिले के नौजवान थाना अंतर्गत ग्राम मछेहा से एक बारात बस में सवार होकर डिंडोरी जिले के ग्राम गोपालपुर गई हुई थी और शादी विवाह कर कर बस बारातियों को लेकर वापस लौट रही थी तभी रास्ते में पतखई घाट में बस अनियंत्रित होकर घाट के नीचे गिर गई। हादसे में 15 से ज्यादा बाराती के घायल होने की खबर है वही तीन की हालत गंभीर बताई गई है। घटना की जानकारी के बाद शहडोल जिले के खैरहा थाने का पुलिस बल और डायल 100 मौके पर मौजूद होकर बस में फंसे घायलों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला है। डायल 100 और पुलिस कर्मियों के द्वारा घायलों को नजदीकी सिंहपुर अस्पताल भेजा गया है, जहां से गंभीर रूप से घायलों को शहडोल जिला चिकित्सालय के लिए रेफर किया गया है।

## हनुमान जन्मोत्सव पर्व आज मनाया जाएगा

उमरिया।

जिला मुख्यालय उमरिया सहित पाली, नौरोजाबाद, करकेली, मानपुर में आज 23 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व बडे धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय के हनुमान मंदिरो में हनुमान जन्मोत्सव पर्व लेकर समस्त तैयारिया पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर मंदिरो में हनुमान चालीसा का पाठ आदि के साथ ही भण्डारे का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बम बम कमेटी शारदा मंदिर उमरिया के द्वारा हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा 5 बजे से निकाली जाएगी। यह शोभा यात्रा शारदा देवी मंदिर से निकलकर जय स्तंभ चौक, गांधी चौक, रण विजय चौक, अस्पताल तिराहा होते हुए वापस मंदिर पहुँचेगी।

## स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा त्रुटिरहित निर्वाचन संपन्न कराने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले लोगों के प्रति कलेक्टर ने आभार व्यक्त किया

उमरिया ।



लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान 19 अप्रैल को उमरिया जिले में भी संपन्न हो चुका है। पूरी निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित संपन्न कराने में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले शासकीय अमला, स्वयं सेवी संस्थाओं, ट्रांसपोर्टरो, पुलिस बल, मास्टर ट्रेनर, सेक्टिर मजिस्ट्रेट, सेक्टर आफीसर, विभिन्न कार्यो के नोडल अधिकारी, एसएसटी, एफएसटी, व्हीएसटी की टीमो, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्वयं सेवी संस्थाओ, जन अभियान परिषद, एनआरएलएम, महिला एवं बाल विकास विभाग, नेहरू युवा केंद्र, पंचायत एवं ग्रामीण विभाग के मैदानी अमले, सामग्री वितरण स्थरल की व्यवस्था करने वाले लोक निर्माण विभाग एवं उनके सहयोगियों, एमसीएमसी की टीम तथा पूरे निर्वाचन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले मीडिया कर्मियों के प्रति कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया ने जिला प्रशासन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोक सभा निर्वाचन में मतदान में अग्रणी भूमिका निभाने वाले मतदाताओ विशेषकर जिले के 6 मतदान केंद्र जहां शत प्रतिशत मतदान का रिकार्ड स्थाापित किया गया है, के प्रति आभार व्यक्त किया है। आपने आशा व्यक्त की है कि जिले के जागरूक मतदाता शासन की अन्यव योजनाओ में भी जिला प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हुए उपलब्धियों का नया रिकार्ड दर्ज करायेगे।

## शहर के औसत से कम मतदान वाले क्षेत्रों में स्कूटी चलाकर महिलाओं ने दिया मतदान का संदेश

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिखाई रैली को हरी झंडी

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सतना जिले में जारी स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत रविवार को जिला मुख्यालय पर मतदाता जागरूकता के लिए महिलाओं द्वारा स्कूटी रैली निकाली गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा ने सिविल लाइन चौपाटी से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली विराट नगर, राजेंद्र नगर, प्रभात विहार, धवारी, प्रेमनगर, सिटी कोतवाली, चौक बाजार, पन्नीलाल चौक, अस्पताल चौराहा, कंवरराम रोड, सेमरिया चौराहा, भरहुत नगर होते हुये सर्किट हाउस में समाप्त हुई। रैली के समापन पर जिला जनसम्पर्क अधिकारी राजेश सिंह द्वारा सभी उपस्थित प्रतिभागियों को 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई गई। रैली में शामिल महिलाओं ने विधानसभा निर्वाचन में शहर के लो वोटर टर्न आउट वाले क्षेत्रों की विभिन्न गलियों में स्कूटी से जाकर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन 2024 में 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेडे, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, डीपीओ सौरभ सिंह, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शिवेश सिंह, सहायक संचालक श्याम किशोर द्विवेदी, एनएसएस की जिला संगठक डॉ क्रांति मिश्रा, परियोजना अधिकारी अरूणेश तिवारी, पुनीत शर्मा अभय द्विवेदी, जन अभियान परिषद की वालेन्टियर, शासकीय महाविद्यालय, कन्या महाविद्यालय, स्कालर होम कालेज, रामाकृष्णा कालेज की छात्राएं, महिला विकास विभाग की सुपरवाइजर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रही।

# साक्षरता क्लब द्वारा मतदाता का सम्मान किया गया

### मतदान करने वाले नवमतदाताओं को सम्मानित किया गया




**उमरिया।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय,उमरिया के निर्वाचन साक्षरता क्लब (ईएलसी) के सदस्य विद्यार्थियों द्वारा लोक सभा चुनाव के प्रथम चरण में 19 अप्रैल को पहली बार मतदान करनेवाले नवमतदाताओं को 22 अप्रैल को क्लब के नोडल अधिकारी डा नियाज अहमद अन्सारी एवं प्राध्यापकों ने सम्मानित किया। राजनीति विज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास विभाग में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं के नवमतदाताओं के रूप में छात्र-छात्राओं को लोक सभा चुनाव में अपनी लोकतांत्रिक सक्रिय भूमिका निभाने के उपलक्ष्य में पीठ थपथपाकर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापकों एवं मतदाता विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा किए। कार्यकारी प्राचार्य डॉ परमेश्वर सिंह मरावी, मास्टार ट्रेनर डॉ. पिंकी सोमकुवर, प्रो. शिवकुमार हल्दाकार, आदित्यर राय (ग्रंथपाल) सहित सहा. प्राध्यासपक डॉ बेबी धुर्वे, डॉ. अरूणेन्द्रं बहादुर सिंह, प्रो. भावना गोहर, प्रो. नीता बेन, प्रो. रेम सिंह, डॉ राजेंद्र प्रसाद, डा. राजीव तिवारी, डॉ जुगल किशोर, डॉ हरेंद्र कुमार, डॉ. स्वोराज पाल, डा. प्रणीता त्रिपाठी, रूपलता चतुर्वदी,तबस्सुमि बानो,श्रीमति आकांक्षा अग्रवाल, किरण भारती, महेन्द्र कनोजिया (क्रीडा अधिकारी) आदि। पहली बार मतदान करनेवाले नवमतदाताओं में उल्लेखनीय हैं। अमित यादव (कालेज ऐम्बोस्ड्र), कु. लवली बर्मन, कीर्ति राय,शिवानी यादव, हर्ष तिवारी, यशवर्धन ठाकूर, बुद्धसेन यादव, सुखदेव सिंह, हलीमा फातिमा, विनोद सिंह, अंजलि साहू, स्नेहा बैगा, सुयश द्विवेदी, मोहिनी प्रजापति, शहर बानो, सोनम बर्मन आदि।

## भारतीय रेडक्रास सोसायटी उमरिया द्वारा जिला जेल के बंदियो का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण संपन्न

उमरिया।




भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा उमरिया द्वारा जिला जेल के बंदियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महेन्द्र सिंह के निर्देशन में प्रथम जिला अपर सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार चौधरी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार विजौलिया द्वारा जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण में जेल अधीक्षक द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। भारतीय रेडक्रास सोसायटी सचिव डॉ. के.सी. सोनी के द्वारा जिला चिकित्सालय उमरिया में पदस्थ समस्त चिकित्सा विशेषज्ञों से समन्वय स्थापित कर 82 बंदियों का सफलता पूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इस अवसर पर भारतीय रेडक्रास सोसायटी के सभापति अखिलेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष राकेश सोनी, अनुराग तिवारी के द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया। निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण में जिला चिकित्सालय उमरिया में पदस्थ डॉ. बी.के. प्रजापति शल्य क्रिया विशेषज्ञ, डॉ. एल.एन. रूहेला अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. व्ही.एस. चंदेल मनोरोग चिकित्सक, डॉ. मानसी अग्रवाल दंत रोग चिकित्सक एवं अरविंद शर्मा एल.टी.के उपस्थित रहे।

# मतदान सामग्री वापसी के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान पश्चात 26 अप्रैल 2024 को चुनाव सामग्री की वापसी सुनिश्चित कराने एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में पीठासीन अधिकारी की डायरी और प्रारूप '17-ग भाग-1' के सारणीकरण कार्य के सुचारू संचालन के लिये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी आरके कछवाहा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी श्री कछवाहा की सहायता के लिये सहायक नोडल अधिकारी ऋतुराज मिश्रा प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र सतना को नियुक्त किया गया है एवं 7 सहयोगी कर्मचारियों की भी नियुक्ति की गई है। जबकि 10 सहयोगी कर्मचारियों को रिजर्व में रखा गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार नोडल अधिकारी संपूर्ण जानकारी के परीक्षण उपरांत रिटर्निंग आफीसर के माध्यम से हस्ताक्षर युक्त हार्डकॉपी 27 अप्रैल 2024 को प्रात: 7 बजे के पूर्व उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट 61 के लिए सहयोगी कर्मचारी के रूप में नियुक्त किये गये सहायक सांख्यिकी अधिकारी नीलम भलावी, सहायक प्रोग्रामर तहसील मझगवां दीपक शुक्ला और कम्प्यूटर आपरेटर धीरेन्द्र पाठक, विधानसभा क्षेत्र रैगांव 62 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय बाल कृष्ण मिश्रा, सहायक प्रोग्रामर तहसील रघुराजनगर अरूणेन्द्र प्रताप सिंह तथा कम्प्यूटर आपरेटर तहसील रघुरानगर निखिल सूर्यवंशी, विधानसभा क्षेत्र सतना 63 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय वर्षा गिरि, सहायक प्रोग्रामर तहसील रघुराजनगर अजय पटेल तथा डाटा इन्ट्री आपरेटर रघुराजनगर इन्द्रजीत सोनी, विधानसभा क्षेत्र नागौद 64 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय वीरेन्द्र सिंह, सहायक प्रोग्रामर तहसील नागौद संतोष शुक्ला तथा कम्प्यूटर आपरेटर नागौद रामरतन शर्मा, विधानसभा क्षेत्र मैहर 65 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय रामओंकार सिंह, सहायक प्रोग्रामर मैहर अभिनव श्रीवास्तव, कम्प्यूटर आपरेटर पुष्पराज रवि, विधानसभा क्षेत्र अमरपाटन 66 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय प्रेमचंद पंकज, सहायक प्रोग्रामर अमरपाटन अरविन्द सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर कमल सेन, विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान 67 के लिए खंड स्तर अन्वेषक जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय विकास मिश्रा, कम्प्यूटर आपरेटर रामपुर बघेलान पंकज दहायत एवं शुभम कुशवाहा को मतपत्र लेखा 17 ग से मतदान का संकलन करना एवं डाटा प्रविष्टि का दायित्व सौपा गया है।

इसी प्रकार रिजर्व में जिला निर्वाचन कार्यालय सतना के सहायक प्रोग्रामर प्रभात सिंह तथा बलवंत सिंह, सहायक प्रोग्रामर रामपुर बाघेलान के रावेन्द्र सिंह, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग से डाटा इन्ट्री आपरेटर मनीष कुमार पाठक, जिला निर्वाचन कार्यालय सतना के कम्प्यूटर आपरेटर भागवेन्द्र वर्मा, तहसील रघुराजनगर के कम्प्यूटर आपरेटर अवधेश कुमार सेन, तहसील मझगवां के कम्प्यूटर आपरेटर रजनीश साकेत तथा जीतेन्द्र गर्ग, जिला योजना एवं साख्यिकीय कार्यालय के भृत्य जनार्दन सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के भृत्य शिवधारी को रिजर्व में रखा गया। आदेशित किया गया है कि ड्यूटी में नियुक्त किये गये अधिकारी-कर्मचारी 26 अप्रैल को सायं 6 बजे शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में अपनी उपस्थिति प्रभारी अधिकारी सांख्यिकी प्रकोष्ठ के समक्ष दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

### फर्स्ट टाइम वोटर ने जीतकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं को जागरुक करने और शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संपूर्ण जिले में मतदाता जागरुकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा के निर्देशन में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में इलेक्शन प्रीमियर लीग क्रिकेट मैच का दो दिवसीय आयोजन रविवार को फाइनल मैच के साथ संपन्न हुआ। लीग मैच के फाइनल में फर्स्ट टाइम वोटर की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 118 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी व्हाइट टाइगर की टीम ने महज 102 रन ही बना पाई। इस प्रकार यह मुकाबला फर्स्ट टाइम वोटर की टीम ने 12 रनों से जीत लिया। श्री अनुराग वर्मा ने विजेता और उप विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते हुए सभी मतदाताओं से 26 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने का संदेश दिया।

# कलेक्टर और एसपी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत रविवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने अधिकारियों के साथ शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 में की जा रही तैयारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए बाहर से आई फोर्स के जवानों के आवास, भोजन, सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही मतदान सामग्री वितरण स्थल, मतगणना स्थल तथा स्ट्रॉन्ग रूम की तैयारी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेडे, नगर निगम आयुक्त शेर सिंह मीना, एआरओ नीरज खरे, आरएन खरे, राहुल सिलाढ़िया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, सीएसपी महेन्द्र सिंह, ईई पीडब्ल्यूडी बीआर सिंह संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।




## श्री हनुमानगढ़ी में अखण्ड सुन्दर काण्ड का शुभारंभ

**नैनपुर (स्वतंतमत)।** श्रीराम भक्त वीर हनुमान जी का प्रकटोउत्सव मनाने दक्षिण मुखी श्री हनुमान गढ़ी बुधवारी बाजार स्थित मंदिर में 22 अप्रैल के दोपहर 12 बजे से वीर बजरंगबली की पूजा आराधना आरती कर अखण्ड सुदर काण्ड का पाठ का शुभारंभ किया गया। जिसका समापन आज 10 बजे हवन पूजन के साथ किया जावेगा।

**धूमधाम से मनाया जावेगा आज श्रीहनुमान जी का प्रकटोउत्सव**

भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम माता जनक नन्दनी सीता जी के परम भक्त श्री हनुमान जी का प्रकटोउत्सव पर आज विविध धार्मिक कार्यकमो के साथ धूमधाम से मनाया जावेगा। नगर में श्री हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाने सुबह से भक्त जनो के द्वारा श्रीराम कीर्तन का शुभारम्भ किया गया। वार्ड क्रमांक 06 में सुबह से पूजन हवन आरती पश्चात विशाल वाहन रेली शोभा यात्रा निकाल ढोल शहनाई की मधुर धुनो व पटाको की गडगडाहट के साथ नगर भ्रमण करेगी। तत पश्चात शाम को कलश शोभा यात्रा श्री हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 6 से निकाली जावेगी जो देर रात्रि में नगर भ्रमण कर वापस होगी। अनेक स्थानों में विशाल भण्डारा का आयोजन कर महाप्रसाद का वितरण किया जावेगा। इन धार्मिक कार्यकमो में सम्मलित होकर धर्म लाभ अर्जित करने नगर के समस्त भक्त माताओ बहनो श्रद्धालु जनो से श्रीहनुमान मंदिर समिति के सदस्यो द्वारा आग्रह किया गया है।

# जमीन समतलीकरण में सर्वे या डिस्काउंट स्कीम बताकर ठगबाजों का गिरोह लूट रहा लोगों को,दो आरोपी गिरफ्तार

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले में ठगबाज नए नए तरीके इजाद कर रहे हैं। कभी सोशल मीडिया से ठगने का काम तो अब जमीन सुधार के नाम पर ठगी करने का कारोबार तेजी से फैलता दिखाई दे रहा है पुलिस ने ऐसे ठगबाजों से सावधान रहने अपील की है। मिली जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को बेलन सिंह वरकडे जो थाना क्षेत्र टिकरिया के निवासी हैं ऐसे ही एक घटना की रिपोर्ट थाना कोतवाली में कराई। रिपोर्टकर्ता ने बताया की अज्ञात लोगों द्वारा जेसीबी एजेंट बनकर आयें और खेत समतल करवाने के काम के लिए जेसीबी बुलाई एवं मुझे अपने चंगुल में फंसाकर मुझसे अधिक पैसे की मांग करने लगें। इस तरह आरोपियों ने षड्यंत्रपूर्वक फरियादी को मंडला स्टैट बैंक लाकर बैंक खाते से 6 लाख निकलवाकर उसका मोबाइल निकाले गये 6 लाख व मोटरसाइकिल को ठगी करके आरोपी अपने साथ ले गए हैं। उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 223/2024 धारा 420, 406 का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले के संज्ञान में आते ही तत्काल अनुविभागीय अधिकारी मंडला के निर्देशन पर टीम गठित कर घटना के संबंध में साक्ष्य एकत्र किये गए। थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के प्रयास किए गये एवं संभावित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर विशलेषण किया गया। प्राप्त साक्ष्यों व तकनीकि विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान भूरा पिता अकिल खान निवासी जगदीशपुर बिलौली थाना फतेहपुर जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश, जुबेर खान पिता शरीफ अहमद निवासी जगदीशपुर बिलौली फतेहपुर जिला बाराबंकी उत्तर प्रदेश, सलमान खान पिता इकबाल खान निवासी फतेहपुर बाराबंकी उत्तरप्रदेश रूप में की गई। उक्त आरोपियों की तलाश हेतु एक पुलिस टीम उत्तर प्रदेश रवाना कर आरोपियों के संबंध में जानकारी एकत्र की गयी। कोतवाली पुलिस को आरोपियों के संबंध में प्राप्त सूचना पर पुलिस स्टाफ द्वारा आरोपी भूरा पिता अकील खान, जुबेर खान पिता शरीफ खान से पुछताछ पर घटना स्वीकार करते हुए मोटर साइकिल को फुलसागर हाईवे के किनारे झाड़ियों में छुपाना बताया। आरोपियों से उक्त मोटर साइकिल और नकदी 80,000 रूपये जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। बता दें कि जमीन समतलीकरण के नाम पर हो रहें धोखाधड़ी के संबंध में पुलिस व सायबर टीम के द्वारा एडवायजरी भी जारी की गई है। कुछ अपराधिक तत्वों द्वारा जमीन के समतलीकरण के नाम पर धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दे रहें हैं। प्राप्त जानकारी अनुसार ठग पहले गांवों में पहुंचकर रैकी करते है लोगों के बारे जानकारी ईकट्ठा करते है एवं ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करते है जो कर्मचारी किसान एवं अपनी उबड़ खाबड जमीन को समतल करना चाहते हो। इस तरह की ठगी करने वाले यदि टारगेट बना ले तो फिर उसको अपनी बातों में विभिन्न प्रकार के फंसाकर जमीन समतलीकरण के लिये मना लेते है। यह वारदात के लिये ठगों द्वारा किसान, रिटायर्ड कर्मचारी या रिटायर्ड होने वाले कर्मचारियों व धनाड्य व्यक्तियों को टारगेट बनाया जाता हैं। टारगेट सेट होने के बाद आरोपियों द्वारा लोकल के आसपास के जेसीबी मशीन किराये पर लेकर आपके जमीन पर थोड़ा बहुत काम कराते हैं एवं आपको काम के लिए एक बड़ी राशि मांग करते ये राशि 20-25 लाख तक भी हो सकती हैं। जब आप इनको पैसे देने से मना करते हैं तो ये आपको अपने बोस बोलकर अपने ही एक साथी से मिलाते है जो थोड़ी बहुत राशि कम करके बैंक से पैसे निकालकर देने के लिए दबाव डालते हैं। आरोपी आपके साथ बैंक भी जाते है एवं बैंक में रखे सारे पैसे दबाव डालकर निकाल कर ठगी करते हैं। याद रखें जमीन समतल कराने के नाम पर कोई भी सर्वे या डिस्काउंट जैसी कोई स्कीम अधिकारिक तौर पर नहीं चल रहीं हैं। कोई भी जेसीबी मशीन वाले व्यक्ति आपके घर में आकर या गाँव गांव में घूमकर सर्वे नहीं करतें हैं। कोई भी अनजान व्यक्ति जो जमीन समतल कराने के नाम पर घूम रहा हो तो उसकी सूचना मंडला पुलिस के मोबाइल नंबर 7049141561 या नजदीकि थाने में देवें। ये सूचना आप गोपनीय रूप से भी दे सकते है।





## लोन देने के नाम पर की ठगी

मण्डला(स्वतंत्र मत)। एक युवक गांव गांव घूम रहा है जो महिलाओं को 25 हजार के लोन देने की बात कर मार्जिन मनी के नाम पर 5 सौ रुपए लेकर फरार हो जाता है ऐसे ही मोहनटोला की 12 महिलाए है जिन्होंने 7 सौ रुपए तक दिए है। यह व्यक्ति एसबीआई का नाम लेता है और लोन देने की बात कहते हुए दस्तावेज भी ले रहा है। युवक कौन है और किस कम्पनी से जुड़ा है जिसकी जानकारी नही मिल पाई है लेकिन ठगी गई महिलाओं ने बताया कि उन्हें अब तक हजारों की चपत लग चुकी है।

## बिंझिया स्कूल ने मनाया पृथ्वी दिवस



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** हाईस्कूल बिंझिया में पृथ्वी दिवस के अवसर पर बच्चों को शपथ दिलाई गई एवं संकल्प दिलाया गया कि भारत को प्लास्टिक मुक्त करने पर अपना सर्वस्व योगदान प्रदान करेंगे प्राचार्य ने पृथ्वी की सुरक्षा को लेकर मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की जैसे पानी की बचत, बिजली की बचत, प्लास्टिक रोकथाम, वृक्षारोपण पशु पक्षियों की सुरक्षा, नदियों को प्रदूषण मुक्त बनाना, आधुनिक उपकरण जैसे एसी फ्रिज का प्रयोग कम से कम करना प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्णता सजग है विद्यालय में टॉफी, चिप्स, कुरकुरे जैसी खाद्य सामग्री में पूर्णता बेन है समय-समय पर विद्यालय में विशेष अवसरों पर बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा वृक्षारोपण भी किया जाता है एवं उनकी सुरक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी भी ली जाती है कार्यक्रम में छात्रो द्वारा पर्यावरण से सम्बंधित चित्रकला स्लोगन बनाये गए। अंत में पक्षियों के पानी पीने के लिए पात्र रखे गये कार्यक्रम में मुकेश पांडेय प्राचार्य, संगीता मेश्राम, जाग्रति तिवारी, गायत्री शुक्ला सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र उपस्थित रहे।

## सिझौरा में पानी की किल्लत

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्र मत)।** सिझौरा पंचायत में गर्मी के दिनों में पानी की समस्या रहती है और बरसात के दिनों में सड़क की समस्या रहती है लेकिन जनप्रतिनिधि एवं सिझौरा पंचायत के जनप्रतिनिधि हमेशा मौन बैठे रहते हैं वही एक तरफ देखा जाए तो सिझौरा पंचायत सिर्फ फेसबुक व्हाट्सएप एवं इंस्टाग्राम में चलाया जा रहा है बाकि जमीनी स्थिति जीरो है जब प्रशासन के द्वारा ग्राम सभा करवाई जाती है तब मौके पर सरपंच सचिव एवं रोजगार सहायक की नहीं पहुंचते पंचायत चुनाव की बात तीन बार ग्राम सभा रखी गई लेकिन ग्राम सभा में जो समस्या जनता के द्वारा लिखवाई गई लेकिन अभी तक जमीनी स्तर पर सुधार नही हुआ है। पेयजल पूर्ति को लेकर लोग परेशान है।

# दो दिवसीय उत्तरवाहिनी माँ नर्मदा परिक्रमा सम्पन्न



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** दो दिवसीय उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा का समापन पूजन पाठ के साथ किया गया। इस परिक्रमा में सैकड़ो की संख्या में नर्मदाप्रेमी शामिल हुए। परिक्रमा का जगह-जगह स्वागत किया गया। इस परिक्रमा यात्रा में मध्यप्रदेश के अनेक जिले के साथ छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और अन्य प्रांतों के नर्मदा प्रेमी शामिल हुए बता दें कि नर्मदा नगरी मंडला में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा विगत चार वर्ष से की जा रही है। महिष्मति मां नर्मदा उत्तरवाहिनी परिक्रमा आयोजन समिति के तत्वावधान में उत्तर वाहिनी नर्मदा परिक्रमा रविवार को प्रात: मंडला नगर के व्यास नारायण मंदिर में संकल्प लेकर प्रारंभ की गई। दो दिवसीय इस नर्मदा परिक्रमा यात्रा में शामिल श्रृद्धालुओं ने किलाघाट से मां नर्मदा को नाव से पार करके दूसरे तट पर पुरवा स्थित मां सरस्वती प्रस्त्रवण तीर्थ दक्षिण तट पहुंचे। जहां कृष्ण मंदिर में पूजन के बाद नर्मदा बंजर संगम स्थल पर बने कच्चे पुल को पार करते हुए महाराजपुर संगम से होते हुए घाघी के लिए नर्मदा परिक्रमा पदयात्रा प्रारंभ की। जानकारी अनुसार रविवार चैत्र शुक्ल त्रयोदशी में उत्तरवाहिनी नर्मदा परिक्रमा की यात्रा व्यास नारायण मंदिर किलाघाट से सुबह 5:30 बजे श्रृद्धालु एकत्रित हुए जहां संकल्प पूजन कराया गया। सतखंडा घाट महाआरती से तट परिवर्तन सुबह करीब 6:30 बजे कराया गया। संगमघाट महाराजपुर में 7:30 बजे स्वल्पाहार के बाद यात्रा आगे बढ़ी। कारीकोन तिराहा में स्वागत किया गया। इसके बाद घुंघरू वाले बाबा आश्रम मानादेही में परिक्रमावासी थोड़ा विश्राम किये। इसके बाद खेरमाई मंदिर स्कूल परिसर, सिलपुरा में दोपहर भोजन विश्राम किया गया। इसके बाद कटरा, बिंझिया, उदय चौक आदि स्थानो में श्रृद्धालुओं का स्वागत किया गया। आयोजन समिति ने यात्रा के संदर्भ में बताया कि मां नर्मदा के उद्गम स्थल अमरकंटक से खंबात की खाड़ी तक मां नर्मदा का प्रवाह कभी उत्तर और कभी दक्षिण दिशा की ओर है। अमरकंटक से खंबात की खाड़ी तक के पूरे नर्मदा क्षेत्र में तीन स्थान ऐसे हैं। जहां मां नर्मदा उत्तरवाहिनी हुई हैं। इनमें से एक गुजरात में तिलकवाड़ा, दूसरा मंडला और तीसरा ओंकारेश्वर के पास का स्थान है। गुजरात के तिलकवाड़ा में उत्तरवाहिनी परिक्रमा वर्षो से की जा रही है। उन्होंने बताया कि मंडला में मां नर्मदा के दक्षिण तट में संगम घाट से घाघी तक या उत्तर तट के अनुसार किले घाट से बबैहा तक करीब 21 किमी तक का प्रवाह उत्तर दिशा की ओर है और चैत्र मास में की गई। उत्तरवाहिनी नर्मदा की परिक्रमा को शास्त्रों में सम्पूर्ण नर्मदा की परिक्रमा के बराबर पुण्यदायक बताया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा विगत वर्ष से उत्तरवाहिनी परिक्रमा का आयोजन किया जा रहा है। इस बार आयोजित परिक्रमा में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात राजस्थान, दिल्ली सहित प्रदेश भर से करीब 500 लोग शामिल हुए हैं।

## बेखौफ सड़क पर दौड़ रहे कंडम वाहन

**मण्डला।** क्षेत्र में बदहाल यातायात व्यवस्था का आलम है। सड़कों पर कंडम वाहन बेखौफ दौड़ रहे है। नियमानुसार यह वाहन फिटनेस टेस्ट की कसौटी पर कसे जाए तो यह बिलकुल चलने लायक नहीं है। फिर भी विभाग इन्हें चलाने की अनुमति क्यों देता है। इसका उत्तर है वाहन मालिक परिवहान अधिकरी से सांठगांठ करके कंडम वाहनों की फिटनेस बनवा लेते है। जिला मुख्यालय से जबलपुर, नैनपुर, बिछिया, घंसौर, घुघरी, डिण्डौरी आदि मार्गो पर चलने वाली बसें अधिकांश कंडम हालत में हैं। इस कारण ही यह बसें जहां देखो वही पलट जाती है या घंटों खड़ी रहती है एवं ड्रायवर इन्हें बीच रास्ते में सुधारते रहते हैं। बसें हीं नहीं क्षेत्र में अन्य वाहन भी कंडम स्थिति में रोड पर दौड़ रहे हैं। इन्हें देखने वाला कोई नहीं है। क्षेत्र में चल रही कई कंडम वाहनों के पास तो परमिट तक नहीं है। इसके बाद भी वे परिवहन विभाग से सेटिंग कर सवारियों की जान के साथ खेल रहे हैं। किसी गाड़ी का परमिट है और कोई दूसरी गाड़ी रोड पर दौड़ रही है। एक फेरे का परमिट लेकर बसें दो-दो, चार-चार फेरे लगा रही है, जिससे राजस्व की हानि भी हो रही है। वाहन चालकों के पास अपने वाहन के परमिट, बीमा, फिटनेस, टैक्स आदि के दस्तावेज भी नहीं रहते हैं। किसी भी बस में किराया सूची उपलब्ध नहीं है। यदि कोई यात्री हिम्मत करके किराया सूची मांग ले तो उसके साथ बस कंडेक्टर बदतमीजी करने लगते हैं और आंखें दिखाकर कहते हैं मैं दिखाऊ तुझे किराया सूची। बसों में किराया सूची नहीं होने से यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जाता है। सभी बसों के टिकट एक जैसे होते हैं, जिससे यात्रियों को समझ नहीं पड़ता है कि किस बस की टिकट है। सभी टिकटों में सिर्फ बस सर्विस लिखा रहता है। कंडेक्टर हाथ से किराया अंकित करता है। उसकी लिखावट को तो खुदा ही पढ़ सकता है। इस तरह भोले-भाले यात्रियों से खुली लूट जारी है। यात्रा की जल्दी में कोई यात्री इनसे बहस नहीं करना चाहता है। कंडम और बिना कागजों के चलने वाले वाहनों पर क्षेत्र में कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

## गर्ल्स कॉलेज में मेडिकल शिविर

**मण्डला।** शासकीय जेएमसी महिला महाविद्यालय मप्र में प्राचार्य प्रो. डॉ. शरद नारायण खरे के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण शिविर विजया श्याम व खेल अधिकारी डॉ डीएस बघेल के संयोजन में आयोजित हुआ। जिला अस्पताल से डॉ रानी मरावी व उनके दल ने उपस्थित होकर लगभग एक सैकड़ा छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक सुझाव दिए। प्राचार्य खरे ने संबोधित करते हुए कहा कि हर हालत में हर व्यक्ति का स्वास्थ्य परफेक्ट होना चाहिए तभी उसकी कार्यक्षमता परफेक्ट होगी। उन्होंने कहा कि गुड हेल्थ बैटर लाइफ डॉ अंजली पंड्या व डॉ अंजुसिंह का विशेष सहयोग रहा।

# अपने घर से ही शुरू करनी होगी पर्यावरण संरक्षण पहल : कलेक्टर



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** विश्व बसुंधरा दिवस पर कलेक्टर वृक्ष को राखी बांधकर पर्यावरण को संरक्षित करने का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने पक्षियों की जीवन रक्षा के लिए मिट्टी के पात्र में पानी भी रखा। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन चिंता का विषय है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सम्मिलित प्रयासों की आवश्यकता है। व्यक्तिगत स्तर पर किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं। इसके लिए शुरूआत हमें अपने घर से करने होगी। हर विद्यार्थी या हर व्यक्ति अपने जन्मदिन या कोई अच्छे दिन पर एक वृक्ष अनिवार्य रूप से लगाएं। कलेक्टर ने कहा कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है। हर व्यक्ति को वृक्ष लगाते हुए उनके संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी स्वीकार करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पॉलिथीन का उपयोग न करें बल्कि अपने घर से कपड़े की थैली लेकर सामग्री खरीदें, पानी की प्लास्टिक की बोतल का उपयोग न करें, घर के पानी के बोतल का उपयोग करें। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण का महत्व बतलाते हुए पानी के प्रत्येक बूंद का सदुपयोग करने की बात कही। साथ ही उन्होंने बिजली की बचत करने की समझाईश दी। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने तथा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कलेक्ट्रेट परिसर में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य कल्पना नामदेव, ईको क्लब प्रभारी राजेश क्षत्री, शिक्षक अखिलेश उपाध्याय तथा उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र-छात्राएं सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम



**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** हनुमान कुटी देवदरा संगीतमय सुंदरकांड समिति व सक्रिय गायत्री परिजन भोला ठाकुर के निवास स्थान मे पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के अंतर्गत आज प्रथम दिवस कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें स्थानीय प्रज्ञापीठ एंव माँ नर्मदा तट का पूजन सम्पन्न हुआ कार्यक्रम मे कलश यात्रा का महत्व आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। सुबह 8 बजे कार्यक्रम के द्वितीय दिवस पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ। वहीं द्वितीय दिवस यज्ञ कार्यक्रम में यज्ञ पूर्णाहूति के पश्चात सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक भोज प्रसाद ग्रहण किया तो वहीं आज हनुमान जंयती के अवसर पर सुबह 9 बजे संगीतमय सुंदरकांड दोपहर 2 बजे से सत्यनारायण कथा व शाम को भंडारा कार्यक्रम किया गया है।

## मेडीकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** मेडीकल कॉलेज के निर्माण कार्य के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाएं तथा सभी कार्यों के लिए पृथक-पृथक टीम रखें। निर्माण कार्य के विभिन्न स्तरों के लिए समय सीमा तय करें तथा उसके अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें। बाउंड्रीवॉल के कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करें। कलेक्टर ने कॉलेज भवन तथा छात्रावास भवन की ड्राईंग के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



इस दौरान भवन निर्माण कॉर्पोरेशन के अधिकारी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# पुलिसकर्मी बताकर अवैध वसूली करने वाला युवक पकड़ाया

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** टाटरी पुलिस ने एक ऐसे व्यक्ति को पकड़ा है जो स्वयं को पुलिसकर्मी बात कर पशुओं को क्रुरता पूर्वक वाहन में भरकर ले जाने वाले लोगों से अवैध रूपये की वसूली करता था। वहीं पुलिस द्वारा 4 भैसा तथा 1 भैसी को क्रुरता पूर्वक पिक अप वाहन में ले जाते हुए जप्त भी किया गया है। बताया जाता है कि टाटरी चौकी प्रभारी विकास सिंह तोमर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बालाघाट जिले के बैहर क्षेत्र से एक पिकअप वाहन में पालतु पशु भैसा तथा भैसी को क्रुरता पूर्वक भरकर टाटरी की ओर लाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर रात्रि लगभग 11:30 बजे टाटरी चौंकी पुलिस द्वारा इंद्री तिराहा के पास संदिग्ध पिकअप वाहन को रोकने का प्रयास किया गया परंतु संदिग्ध पिक अप वाहन क्रमांक एमपी 51 जेडबी 6708 के चालक ने वाहन नहीं रोका और तेजी से वाहन भगाकर ले गया लगा। पुलिस द्वारा उक्त वाहन को पीछा करके पकड़ा गया और जांच की गई तो उसमें 4 नग भैंसा तथा 1 नग भैंसी को क्रुरता पूर्वक सींग तथा पैर बांधकर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने वाहन चालक नंदलाल झरिया निवासी ग्राम कन्हर गांव थाना नैनपुर से पूछताछ की तो उसने बताया कि पशुओं को अमन पिता मकबूल अहमद कुरैशी निवासी भैंसवाही थाना नैनपुर द्वारा सैफुल्लाह कुरैशी निवासी भैंसवाही के कहने पर भैसवाही नैनपुर ले जा रहे थे। इसी दौरान टाटरी से निकलते समय एक व्यक्ति ने वाहन को रोका और कहा कि मेरा नाम मोहित पटेल है। मैं पुलिस चौकी टाटरी से हूं। तुम मुझे 5000 रुपये दो नहीं तो तुम्हारी गाड़ी अंदर कर दूंगा। तब वाहन चालक नंदलाल झरिया द्वारा इस बात की जानकारी सैफुल्लाह कुरैशी को दी गई तब सैफुल्लाह कुरैशी ने मोहित पटेल के मोबाइल के फोन पे एकाउंट नंबर पर पर 2000 रुपये ट्रांसफर किया। तब जाकर मोहित पटैल ने वाहन को जाने दिया। वहीं पुलिस द्वारा पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर नंदलाल झरिया पिता बसोरी लाल झरिया, अमन कुरैशी पिता मकबूल अहमद कुरैशी, सैफुल्लाह कुरैशी, मोहित पटेल निवासी टाटरी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 43/24 धारा 419, 384, 109 भारतीय दंड विधान, धारा 11 पशुओं के प्रति क्रुरता निवारण अधिनियम 1960 तथा धारा 132 मोटर यान अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।




### इनका कहना

पशुओं को क्रुरता पूर्वक ले जा रहे एक वाहन को पकड़ा गया है तथा खुद को पुलिसकर्मी बताकर अवैध वसूली करने वाले एक युवक को भी पुलिस ने पकड़ा है। जप्त किए गए पशुओं को कांजीहाउस टाटरी भेजा गया है।

**विकास सिंह तोमर**
**चौकी प्रभारी टाटरी**

संपादकीय

## अंतिम खंदक का अर्थ

लोकसभा चुनाव को लेकर अभी भी आरोप-प्रत्यारोप का दौर खत्म नहीं हो रहा है। राहुल गांधी ने पिछले सप्ताह एक संवाददाता से कहा था- बीजेपी के पास वाशिंग मशीन है, जिसमें सभी दल-बदलुओं के आरोप धुल जाते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने उसी सन्दर्भ में रविवार को कहा- भाजपा के पास एक बड़ी लॉण्ड्री है। ईडी-सीबीआई के छापों के बाद जो भाजपा में आ जाता है- उसको माफी मिल जाती है, दाग- आर्थिक अपराध लॉण्ड्री में धुल जाते हैं। भाजपा का 400 पार का ''हल्ला'' इसी भरोसे पर है। माना जाने लगा है कि घोषित आंकड़ा तक पहुंचने की उम्मीद टूट गई है। भाजपा की बौखलाहट यही दर्शाती है। इस बीच बसपा सुप्रीमो मायावती ने आरोप लगाया कि भाजपा किसानों का उत्थान यानि कल्याण नहीं कर पाई। आंशिक तौर पर भी देखने पर साफ हो जाता है कि किसान आंदोलन को येन-केन प्रकारेण तोड़ने में समर्थ होने वाली सरकार अभी भी किसानों के मामले में संदिग्ध है। उत्तर प्रदेश में किसान सरकार बनाने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। कांग्रेस देशव्यापी पार्टी है। इंडिया महागठबंधन की ओर से जारी विपक्ष की लड़ाई शनैःशनैः ऊंचाई पा चुकी है। दक्षिण भारत के राज्यों में उसका प्रभुत्व है। राहुल गांधी वायनाड से पर्चा दाखिल कर चुके हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी उसका वजन समझ रहे हैं। आरोप लगाया अमेठी से भागे, वायनाड आए, अब वायनाड से भी भागकर फिर अमेठी जायेंगे। साबित होता है कि वे भी अपनी हालत समझ चुके हैं। हिन्दुत्व, सनातन और जातिगत पृष्ठभूमि में भाजपा को परेशान होना पड़ रहा है। लोकसभा के चुनाव में मुख्य दलों और क्षेत्रीय पार्टियों की भूमिका चुनाव नतीजा देने की अच्छी स्थिति में है। चुनाव चल रहे है। अंतिम खंदक की लड़ाई में कहीं न कहीं सत्ता की हालत पहले जैसी नहीं रही। विपक्ष की बढ़त दिखी है, चुनाव के नतीजों में दारोमदार यही होने की संभावना है। इस चुनाव में अंतिम खंदक की लड़ाई पहले से चले आ रहे माहौल को बदलने का सामर्थ्य रखती है। भाजपा पूरी ताकत खर्च कर चुकी है, अब उनकी ही पुनरावृत्ति की जा रही है। विपक्ष को हर ईडी के छापे के बाद सरकार पर प्रहार करने का अवसर मिलता है। दिल्ली के सीएम अरविन्द केजरीवाल जेल में हैं। जमानत नहीं मिल रही। हर रोज उनकी शुगर बढ़ने की खबर आम आदमी पार्टी देती है। इस बिना पर जमानत मिलने की रणनीति है। उसका लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है। क्यों? दिल्ली सरकार की उप मुख्यमंत्री द्वारा दी जा रही खबर का स्त्रोत कहां है? राजनीति में केजरीवाल पर दांव लगाने से विपक्ष को फायदा मिल सकता है, यह समझना ठीक है। आम आदमी पार्टी विपक्ष के लिए जरूरी है। उसे रोके जाने की रणनीति जिस प्रकार अपनाई जा रही है, वह स्पष्ट है।

**केजरीवाल के खिलाफ जल्दी ही चार्जशीट पेश किए जाने की तैयारी है। मतलब यही कि चुनावों में उनकी बड़ी भूमिका छिपी है**

# वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत का व्यापार घाटा 36 प्रतिशत कम हुआ

**केंद्र सरकार लगातार पिछले 10 वर्षों से यह प्रयास करती रही है कि भारत न केवल विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने बल्कि विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन भी भारत में ही प्रारम्भ हो**

प्रह्लाद सबनानी

विदेशी व्यापार के क्षेत्र में भारत के लिए एक बहुत अच्छी खबर आई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के व्यापार घाटे में 36 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। यह विशेष रूप से भारत में आयात की जाने वाली वस्तुओं एवं सेवाओं में की गई कमी के चलते संभव हो सका है। केंद्र सरकार लगातार पिछले 10 वर्षों से यह प्रयास करती रही है कि भारत न केवल विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने बल्कि विदेशों से आयात की जाने वाली वस्तुओं का उत्पादन भी भारत में ही प्रारम्भ हो। अब यह सब होता दिखाई दे रहा है क्योंकि भारत के आयात तेजी से कम हो रहे हैं एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराईल-हम्मास युद्ध, लाल सागर व्यवधान, पनामा रूट पर दिक्कत के साथ ही वैश्विक स्तर पर मंदी के बावजूद एवं विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं के हिचकोले खाने के बावजूद भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में मामूली बढ़ौतरी दर्ज हुई है। जिसका स्पष्ट प्रभाव भारत के व्यापार घाटे में आई 36 प्रतिशत की कमी के रूप में दृष्टिगोचर हो रहा है। भारत का कुल व्यापार घाटा वित्तीय वर्ष 2022-23 के 12,162 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में कम होकर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 7,812 करोड़ अमेरिकी डॉलर हो गया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत में वस्तुओं का कुल आयात 67,724 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2022-23 के 71,597 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में 5.41 प्रतिशत कम है। जबकि वस्तुओं के कुल निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में मामूली 3.11 प्रतिशत गिरकर 43,706 करोड़ अमेरिकी डॉलर के रहे हैं। देश के कुल निर्यात एवं आयात के बीच के अंतर को व्यापार घाटा कहा जाता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान देश में वस्तुओं के निर्यात एवं आयात के अंतर का व्यापार घाटा 24,017 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है। परंतु, यदि वस्तुओं के निर्यात एवं आयात के आंकड़ों में सेवाओं के निर्यात एवं आयात के आंकड़े भी जोड़ दिए जाएं तो स्थिति बहुत अधिक सुधर जाती है। भारत से वस्तुओं एवं सेवाओं का कुल निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में पिछले वर्ष के उच्चत्तम रिकार्ड स्तर से भी आगे बढ़कर 77,668 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है, यह वित्तीय वर्ष 2022-23 में 77,640 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। इसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान किया गया सेवाओं का निर्यात, जो 3.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 33,962 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, भी शामिल है।



वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत से निर्यात होने वाली वस्तुओं में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों, औषधियों एवं इंजीनीयरिंग वस्तुओं का अच्छा प्रदर्शन रहा है। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का निर्यात वित्तीय वर्ष 2022-23 के 2,355 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान 2,912 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 23.64 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार, दवाओं एवं औषधियों का निर्यात भी 9.67 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 के 2,539 करोड़ अमेरिकी डॉलर की तुलना में बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2,785 करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो गया है। साथ ही, इंजीनीयरिंग वस्तुओं का निर्यात भी 2.13 प्रतिशत की वृद्धि के साथ वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10,932 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। कुल मिलाकर, भारत से वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान निर्यात में वृद्धि इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, दवाएं एवं चिकित्सा, इंजीनियरिंग उत्पादों, लौह अयस्क (वृद्धि दर 117.74 प्रतिशत), सूती धागा (यार्न एवं फैब्रिक में वृद्धि दर 6.71 प्रतिशत), फल एवं सब्जी (वृद्धि दर 13.86 प्रतिशत), तम्बाकू (19.46 प्रतिशत), मांस, डेयरी और पौलट्री उत्पाद (12.34 प्रतिशत), अनाज एवं विविध प्रसंस्कृत वस्तुएं (8.96 प्रतिशत), मसाला (12.30 प्रतिशत), तिलहन (7.43 प्रतिशत), आयल मील्स (7.01 प्रतिशत), हथकरघा उत्पाद एवं सेरेमिक उत्पाद तथा कांच के बर्तनों (14.44 प्रतिशत) के निर्यात के चलते सम्भव हो सकी है। साथ ही, यह वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के प्रमुख निर्यात बाजार में अमेरिका, यूनाइटेड अरब अमीरात, यूरोपीयन यूनियन देशों, ब्रिटेन, सिंगापुर, मलेशिया, बांग्लादेश, नीदरलैंड, चीन व जर्मनी जैसे देशों के शामिल होने से भी सम्भव हो सका है।

वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक तनाव के चलते भी विशेष रूप से मार्च 2024 माह में तो भारत से वस्तुओं का निर्यात वित्तीय वर्ष 2023-24 में अपने उच्चत्तम स्तर 4,168 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा है, जबकि वस्तुओं के आयात मार्च 2024 माह में 5.98 प्रतिशत की कमी दर्ज करते हुए हुए 5,728 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर नीचे आ गए हैं। इस प्रकार मार्च 2024 माह में वस्तुओं का व्यापार घाटा लगातार कम होकर केवल 1,560 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रह गया है। इसकी पूर्ति सेवाओं के क्षेत्र से निर्यात में हो रही लगातार बढ़ौतरी से सम्भव हो रही है। अब तो सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत कुल विदेश व्यापार में आधिक्य की स्थिति भी हासिल कर ले। वस्तुओं एवं सेवाओं के निर्यात में वृद्धि के साथ एवं वस्तुओं एवं सेवाओं के आयात में लगातार हो रही कमी के चलते यह सम्भव हो सकता है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत के कुल व्यापार घाटे (वस्तुओं एवं सेवाओं को मिलाकर) में आई भारी कमी के चलते अब यह विश्वास पूर्वक कहा जा सकता है कि आगे आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की मांग भी बढ़ सकती है और पिछले कई दशकों के दौरान भारतीय रुपए में आ रही लगातार गिरावट को रोककर अब भारतीय रुपया न केवल स्थिर हो जाएगा (वैसे पिछले लगभग एक वर्ष के दौरान भारतीय रुपया 83 रुपए प्रति डॉलर के आसपास लगभग स्थिर तो हो ही चुका है) बल्कि भारतीय रुपए की कीमत भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ सकती है। भारतीय रुपए की अंतरराष्ट्रीय बाजार में डॉलर के साथ विनिमय दर वर्ष 1982 में 9.46 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर से 31 मार्च 2023 में 82.17 रुपए प्रति अमेरिकी डॉलर हो गई थी। परंतु, पिछले एक वर्ष के दौरान यह विनिमय दर लगभग स्थिर ही रही है। दूसरे, अब कई देश भारत के साथ विदेशी व्यापार को रुपए एवं उन देशों की स्वयं की मुद्रा में करने को सहमत हो रहे हैं। जिसके कारण भारत एवं इन देशों के बीच होने वाले विदेशी व्यापार का भुगतान करने हेतु अमेरिकी डॉलर की आवश्यकता कम होगी, बल्कि भारतीय रुपए में ही भुगतान सम्भव हो सकेगा। इस प्रकार के व्यवहार यदि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न देशों के बीच बढ़ते हैं तो विश्व में विडालरीकरण की प्रक्रिया को भी गति मिल सकती है। भारतीय रुपए में व्यापार करने हेतु रूस, सिंगापुर, ब्रिटेन, मलेशिया, इंडोनेशिया, हांगकांग, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, ओमान, कतर सहित लगभग 32 देशों ने भारत के साथ समझौता किया है एवं भारतीय रिजर्व बैंक के साथ अपना वोस्ट्रो खाता भी खोल लिया है ताकि इन देशों को भारत के साथ किए जाने वाले विदेशी व्यवहारों के निपटान को भारतीय रुपए में करने में आसानी हो सके।

# अमेरिकी कंपनी 'टेक माइक्रोसाफट' के अंदेशों को इग्नोर न करें चुनाव आयोगः सुप्रिया श्रीनेत

डॉ. रमेश ठाकुर

लोकसभा-2024 चुनाव पर विदेशों में बैठे हैकर्स प्रभावित कर सहते हैं, इसकी संभावना अमेरिकी कंपनी टेक माइक्रोसाफट ने जताई है। फेक न्यूज, झूठे मीम्स, डीपफेक व हैकरों की खुरापाती गतिविधियों को ध्यान में रखकर मौजूदा चुनाव 'भारतीय चुनाव आयोग' के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ। चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष हों, कोई गड़बड़ी न हो? इस विषय पर कांग्रेस की फायर ब्रांड नेत्री व प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत की पत्रकार डॉ. रमेश ठाकुर की विस्तृत बातचीत। पेश हैं बातचीत के मुख्य हिस्से।

प्रश्नः चुनाव में अमेरिकी कंपनी 'टेक माइक्रोसाफट' ने गड़बड़ी होने की आशंका जताई है?

उत्तरः आयोग कितनी भी कोशिशें क्यों न कर लें? झूठे मीम्स, फेक न्यूज़, वीडियो, वायरस क्लोन, डीपफेक तस्वीरें बनना बंद नहीं होंगे। अमेरिकी कंपनी टेक माइक्रोसाफट ने चेताया है कि चीन-कोरिया में बैठे हैकर्स की हरकतों को हल्के में न लें। ऐसे अंदेशों पर गंभीर होने की आवश्यकता है। भारत का लोकसभा चुनाव विदेशों में बैठे हैकर्स प्रभावित कर सकते हैं, ऐसी संभावनाएं तो हम भी जता रहे हैं? ईवीएम हैकर्स के निशाने पर लोकसभा चुनाव, ये बात भी हम पहले दिन से बोल रहे हैं। लेकिन हमारी बातों को अनसुना किया जा रहा है।

प्रश्नः चुनाव आयोग के समझ चुनौतियों तो और भी कई हैं?

उत्तरः संविधान के अनुच्छेद 324 (1) के तहत 25 जनवरी 1950 को भारत में निर्वाचन आयोग का गठन हुआ। तब से लेकर अब तक आप देखें, तो जरूरत के हिसाब से बदलाव चुनाव दर चुनाव हुए। पहले जनसंख्या सीमित थी, अब असीमित है, इसलिए कमियां और खामियां प्रत्येक चुनाव में ही रहीं। सवाल ये ऐसी समस्याओं से आयोग ने ईमानदारी से निपटा कैसे? कांग्रेस ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर कभी प्रत्यक्ष रूप से सवाल नहीं उठाए? पर, ऐसी तस्वीरे, जहां भाजपा नेताओं की गाड़ियों में ईवीएम की मशीने मिली, स्ट्रंग रूम में आयोग की टीमों के साथ भाजपाईयों की मौजूदगी रहती हो, तो शक करना स्वाभाविक है। आयोग को सबसे पहले ऐसी चुनौतियों से निपटना होगा।



प्रश्नः ईवीएम की विश्वसनीयता को लेकर सवाल इस दफे भी खड़े हैं?

उत्तरः ईवीएम पर आरोप हम नहीं लगाते, देश के वोटर लगाते हैं जिनका वोट ईवीएम निगल जाती है। बीते विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में एक बसपा प्रत्याशी का खुद का डाला हुआ वोट भी कहीं ओर चला गया। जिस पर उन्होंने आयोग से लेकर तमाम आला अधिकारियों से शिकायतें की, कहीं उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। ऐसे कृत्य मौजूदा लोकसभा चुनाव में न हो, इसकी आशंका पूरे देश के लोगों को है। निष्पक्ष चुनाव तभी संभव होगा, जब आयोग सत्ता पक्ष की कठपुतली न बनें। हम ईवीएम पर नहीं, उसकी कार्यशैली पर संदेह करते हैं। और उस संदेह के एक नहीं, अनगिनत वाजिव कारण और उदाहरण मौजूद हैं, जो हमने समय-समय पर मीडिया के माध्यम से देशवासियों को अवगत भी करवाया।

प्रश्नः एक ये भी है, आयोग के तमाम प्रयासों के बाद भी मतदान के प्रतिशत में इजाफा नहीं होता?

उत्तरः मुख्य कारण तो यही है, मतदाताओं का दिया हुआ वोट जब कहीं और छूमंतर हो जाता है, तब ऐसी स्थिति में वो सोचता है कि आखिर वोट देने से फायदा किया? बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में 91 करोड़ मतदाताओं में मात्र 62 करोड़ वोटरों ने ही वोट डाले। ये आंकड़ा समूचे भारत का ओवरऑल है। कहीं-कहीं तो 35 से 40 फीसदी ही वोटिंग रही। चिंता का विषय ये भी है, कमी का ये आकंड़ा चुनाव दर चुनाव बढ़ ही रहा है। जबकि, आयोग का दावा है कि उन्होंने दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, और महिलाओं के लिए मतदान बहुत सुगम बनाया हुआ है। अगर ऐसा है तो फिर ये वर्ग मतदान के दिन बूथों पर क्यों नहीं पहुंचते। आयोग को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार की दिशा में और कदम उठाने होंगे। सबसे पहले अपने पर लगे अनिष्पक्षता के आरोपों को भी धोना होगा।

प्रश्नः मौजूदा चुनाव में आयोग की भूमिका को कैसे देखती हैं आप?

उत्तरः कुछ दिन पूर्व आयोग ने अपने एक फरमान में कहा था कि लोकसभा रिजल्ट से पूर्व कोई न्यूज़ चैनल अपना ओपिनियन पोल नहीं दिखाएगा? लेकिन सभी चैनलों ने देखना शुरू कर दिया। सबसे पहले एक आदेश ये हवा हवाई साबित हुआ। दूसरी चिंता ये है कि डिजीटल युग में अत्याधुनिक कंप्यूटरिंग क्लाउड़ सर्वर, एआई और इंटरनेट मीडिया, साइबर क्राइम व हैकर्सो के हथकंड़े बेलगाम हो गए हैं। कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने के लिए एआई तकनीक से झूठे प्रचार, जाति-धर्म पर कटाक्ष, भेदभावपूर्ण हरकतें जारी हैं। चुनाव में खुराफाती तकनीकों का इस्तेमाल मैसेजिंग के जरिए आरंभ हो गया है। होलोग्राफिक, सिनेमैटोग्राफर की मदद से भाषणों के बकायदा वीडियो बन रहे हैं। मैं खुद भुक्तभोगी हूं।

-बातचीत में जैसा कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने डॉ. रमेश ठाकुर से कहा

# टिप्पणियों की प्रतियोगिता

संतोष उत्सुक

व्यंग्य

लोकतंत्र की राजनीतिक गर्मियों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अंतर्गत शोर मचाती, विवादित, अमर्यादित, अभद्र, भाषा में लिपटी आपत्तिजनक टिप्पणियों की प्रतियोगिता में महिलाएं भी मनमर्जी कर रही हैं। ऐसा हो भी क्यूं न। उन्हें भी हर क्षेत्र में आगे आने का अधिकार है। असमाज ने उनके विचारों को बंधक बना कर रखा अब वे हिम्मत कर अवसर ले रही हैं। मौके का फायदा उठा रही हैं। महिला सशक्तिकरण को नए अस्त्र और शस्त्र पहनाए जा रहे हैं। देश की आधी शक्ति, अपना वर्चस्व जमाते हुए उसे अच्छी तरह से स्थापित करने की कोशिश कर रही हैं तो यह हमारे समाज के लिए गौरव का विषय है।



व्यवस्था तो कैसी भी हो उसे एक न एक दिन ध्वस्त होना ही होता है। इस सामयिक, सामाजिक चुनावी खिचडी में चुनाव आयोग अपनी ज़िम्मेवारियों की इतिश्री ही कर सकता है। वह किसी को उपहार नहीं दे सकता कि लेने वाला खुश हो जाए और उसकी बात मान ले। अधिकांश नेता ज़िम्मेदार नहीं गैर ज़िम्मेदार ही निकलते हैं, यह नस्ल ही ऐसी होती है, फिर भी बार बार उन्हें माननीय कहा जाता है। अब स्त्री पुरुष बराबर माननीय कहे जा रहे हैं।

पुरुष महिलाओं पर छींटाकशी करते रहे हैं तो महिला नेताओं और विशिष्ट महिलाओं को भी अपने तरीके से पुरुष नेताओं और दूसरे पुरुषों पर जवाबी हमला ज़रूर करने का लोकतांत्रिक अधिकार है। हिसाब बराबर रहे तो बेहतर ही रहेगा। स्त्री अब कमज़ोर नहीं रही। इसमें दुखद या आश्चर्यजनक बात नहीं कि रसातल को जाते राजनीतिक स्तर के युग में महिलाएं ही महिलाओं के ऊपर शाब्दिक हमले कर रही हैं। कहते हैं यह उनका अधिकार नहीं लेकिन राजनीतिक दृष्टिकोण से कर्तव्य तो माना ही जा सकता है। विरोधी विचारों या विरोधी पार्टी की महिला, महिला न होकर, राजनीतिक विरोधी नहीं वैचारिक दुश्मन भी होती है। कर्मयोगी कृष्ण ने क्या कहा था।

ज़बान तो चलाने के लिए होती है। जिसे भी मौक़ा मिलता है खूब चलाता है। कोई वायदों के शहद में लपेट कर, कोई बुझे हुए ज़हर में भिगोकर। अभिव्यक्ति की बेचारी आजादी, इस संबंध में कुछ नहीं कह सकती और सिर्फ प्रतिष्ठित व्यक्तियों के अभिमान की रक्षा में जुटी रहती है क्यूंकि आम आदमी का तो कोई मान होता नहीं, अभिमान तो बहुत दूर की बात है। चुनाव का मौसम हो या शादी, व्यक्तिगत खुन्नुस भी हंसते, व्यंग्य करते निकाल ली जाती है। सुना है देश को सुचारू रूप से आगे ले जाने के लिए राजनीति उदंड बच्चे पैदा करती है। बिगड़े हुओं से हम किस तरह की टिप्पणियों की उम्मीद कर सकते हैं।

# नक्सलवादः आखिर कब थमेगी अपने ही युवाओं से खून की होली

योगेंद्र योगी

छत्तीसगढ़ के कांकेर में सुरक्षाबलों ने 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया। इस ऑपरेशन के लिए सुरक्षाबलों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। जवान नक्सलियों के अड्डे तक पहुंचने के लिए 20 घंटे तक पैदल चले हैं। नक्सलियों के समूह को देखने के बाद पुलिस ने फायरिंग शुरू की थी। जब बंदूकें शांत हुईं, तो जंगल के फर्श पर सूखे पत्तों के बीच 29 माओवादी मृत पड़े थे। इनमें ललिता, शंकर और दूसरे कमांडर विनोद गावड़े के शवों की पहचान सबसे पहले की गई। मृतकों में पंद्रह महिलाएं भी थीं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों के खिलाफ मिली सफलता को केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार की उपलब्धि बताया। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कम समय में देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंका जाएगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद से इस अभियान को गति मिली है। नक्सली इलाकों में सुरक्षा बल कैंप लगाए जा रहे हैं। 19 के बाद इनकी संख्या 250 हो गई है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस से भी मदद मिल रही है। राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद तीन महीने में 80 से ज्यादा नक्सली मारे गए हैं। 125 गिरफ्तार हुए हैं और 150 ने आत्मसमर्पण किया है। देश के 10 राज्यों में 70 जिलों में नक्सलवाद का प्रभाव है। इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित राज्य झारखंड जहां 16 जिले हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित 14 जिले शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में पिछले 14 सालों के भीतर 1582 नक्सली मुठभेड़ हुई है। इन मुठभेड़ के दौरान 1452 नक्सली मारे गए हैं। इस बीच 1002 आम नागरिकों की भी मौत हुई है। वहीं इन हमलों में 1222 जवान शहीद हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में नई सरकार के गठन के बाद नक्सलियों को आशंका थी कि सरकार उनके खिलाफ अभियान तेज करेगी और हुआ भी ऐसा ही। राज्य की नई सरकार ने शान्ति का प्रस्ताव भी सामने रखा था लेकिन नक्सल नेताओं की तरफ से इस प्रस्ताव पर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस और सुरक्षाबलों को बस्तर में फ्री हैण्ड कर दिया गया हैं। ऐसे में पिछले तीन महीनों में नक्सलियों को कई बड़े नुकसान उठाने पड़े हैं। अब तक जहां माओवादियों के बटालियन स्तर के नेता ही ढेर हुए थे तो इस बार शंकर राव जैसे डिवीजन लेवल का नेता पुलिस के गोली का शिकार हुआ हैं। ऐसे में नक्सली प्रदेश में पूरी तरफ से बैकफुट में हैं। अब लगातार सवाल किये जा रहे हैं कि आखिर कब तक छत्तीसगढ़ को इस नक्सल दंश से छुटकारा मिल पायेगा और बस्तर में खून की होली थमेगी। सरकार, सुरक्षा बलों एवं स्थानीय लोगों की संयुक्त कोशिशों का परिणाम है कि पिछले एक दशक में वामपंथी अतिवाद संबंधी घटनाओं, मौतों और उनके भौगोलिक प्रसार में काफी कमी आई है। जहाँ वर्ष 2010 में वामपंथी अतिवाद से प्रभावित ज़िलों की संख्या 96 थी वहीं वर्ष 2018 में प्रभावित ज़िलों की संख्या 60 रह गई है। वर्ष 2009 में जहाँ नक्सलवाद की घटनाओं और इन घटनाओं में मरने वालों की संख्या क्रमश 2258 व 1005 थी वहीं वर्ष 2018 में यह संख्या घटकर क्रमश 833 एवं 240 रह गई। देश के जिन 8 राज्यों के लगभग 60 जिलों में यह समस्या बनी हुई है उनमें ओडिशा के 5, झारखंड के 14, बिहार के 5, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 10, मध्य प्रदेश के 8, महाराष्ट्र के 2 तथा बंगाल के 8 जिले शामिल हैं। वर्ष 2015 के बाद से नक्सलियों के 90 प्रतिशत हमले लगभग चार राज्यों- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार और ओडिशा में हुए हैं।



माओवादियों के थिंक-टैंक और प्रथम पंक्ति के नेता या तो मारे जा चुके हैं या इस विचारधारा को छोड़ चुके हैं। भारत में नक्सली हिंसा की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग ज़िले के नक्सलबाड़ी नामक गाँव से हुई और इसीलिये इस उग्रपंथी आंदोलन को %नक्सलवाद% के नाम से जाना जाता है। ज़मींदारों द्वारा छोटे किसानों के उत्पीडन् पर अंकुश लगाने के लिये सत्ता के खिलाफ चारू मजूमदार, कानू सान्याल और कन्हाई चटर्जी द्वारा शुरू किये गए इस सशस्त्र आंदोलन को नक्सलवाद का नाम दिया गया। यह आंदोलन चीन के कम्युनिस्ट नेता माओ त्से तुंग की नीतियों का अनुगामी था। आंदोलनकारियों का मानना था कि भारतीय मज़दूरों और किसानों की दुर्दशा के लिये सरकारी नीतियाँ ज़िम्मेदार हैं। ये लोकतंत्र एवं लोकतांत्रिक संस्थाओं के खिलाफ हैं और ज़मीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को खत्म करने के लिये हिंसा का सहारा लेते हैं। ये समूह देश के अल्प विकसित क्षेत्रों में विकासात्मक कार्यों में बाधा उत्पन्न करते हैं और लोगों को सरकार के प्रति भड़काने की कोशिश करते हैं। केंद्र और राज्य सरकारें माओवादी हिंसा को मुख्यत कानून-व्यवस्था की समस्या मानती रही हैं, लेकिन इसके मूल में गंभीर सामाजिक-आर्थिक कारण भी रहे हैं। नक्सलियों का कहना है कि वे उन आदिवासियों और गरीबों के लिये लड़ रहे हैं, जिनकी सरकार ने दशकों से अनदेखी की है। वे ज़मीन के अधिकार एवं संसाधनों के वितरण के संघर्ष में स्थानीय सरोकारों का प्रतिनिधित्व करते हैं। माओवाद प्रभावित अधिकतर इलाके आदिवासी बहुल हैं और यहाँ जीवनयापन की बुनियादी सुविधाएँ तक उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन इन इलाकों की प्राकृतिक संपदा के दोहन में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों ने कोई कमी नहीं छोड़ी है। यहाँ न सड़कें हैं, न पीने के लिये पानी की व्यवस्था, न शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ और न ही रोजग़ार के अवसर। नक्सलवाद के उभार के आर्थिक कारण भी रहे हैं।

नक्सली सरकार के विकास कार्यों के कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न करते हैं। वे आदिवासी क्षेत्रों का विकास नहीं होने देते और उन्हें सरकार के खिलाफ भड़काते हैं। वे लोगों से वसूली करते हैं एवं समांतर अदालतें लगाते हैं। प्रशासन तक पहुँच न हो पाने के कारण स्थानीय लोग नक्सलियों के अत्याचार का शिकार होते हैं। अशिक्षा और विकास कार्यों की उपेक्षा ने स्थानीय लोगों एवं नक्सलियों के बीच गठबंधन को मज़बूत बनाया है। नक्सलवादियों की सफलता की वज़ह उन्हें स्थानीय स्तर पर मिलने वाला समर्थन रहा है, जिसमें अब धीरे-धीरे कमी आ रही है। सरकार नक्सली चरमपंथ से निबटने के लिये बहुआयामी रणनीति अपना रही है। इसमें सुरक्षा एवं विकास से संबंधित उपाय तथा आदिवासी एवं अन्य कमज़ोर वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलाने से संबंधित उपाय शामिल हैं। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल संपर्कता का यथासंभव विस्तार करने के भी प्रयास कर रही है। सरकार की इस नीति के परिणामस्वरूप नक्सलियों के हौसले कमज़ोर हुए हैं तथा उनके आत्मसमर्पण की संख्या लगातार बढ़ रही है। विमुद्रीकरण ने भी नक्सलियों को पहुँचने वाली वित्तीय सहायता पर लगाम लगाई है और इसके बाद से अब तक 700 से अधिक माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेज़ी से काम कर रही है और वर्ष 2022 तक 48877 किमी. सड़कें बनाने का लक्ष्य रखा गया है। वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में संचार सेवाओं को मज़बूत बनाने के लिये सरकार बड़ी संख्या में मोबाइल टावर लगाने का काम कर रही है। इसके तहत कुल 4072 टावर लगाने का लक्ष्य रखा गया है। निश्चित तौर पर पुलिस की दवाब बनाने की सक्रिय कार्रवाई और विकास बहुआयामी योजनाओं से नक्सली समस्या जड़मूल से समाप्त हो सकेगी।

## गृह मंत्री अमित शाह की नक्सलियों को चेतावनी

# आत्मसमर्पण करें नहीं तो लड़ाई का परिणाम तय

कांकेर।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में नक्सलियों को चेतावनी दी कि वे आत्मसमर्पण कर दें नहीं तो लड़ाई का परिणाम तय है और दो वर्ष में नक्सलवाद को समाप्त कर दिया जाएगा। शाह नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। सुरक्षाबलों ने 16 अप्रैल को कांकेर जिले में एक मुठभेड़ के दौरान 29 नक्सलियों को मार गिराया था, जिसमें 15 महिलाएं भी शामिल थीं। शाह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा, पिछले 10 वर्षों के दौरान नरेन्द्र मोदी ने आतंकवाद को समाप्त किया। मोदी जी ने इस देश से नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर ला दिया। उन्होंने कहा, पांच वर्ष तक मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की



सरकार में नक्सलियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। विष्णु देव साय के मुख्यमंत्री और विजय शर्मा के गृह मंत्री बनने के बाद पिछले चार माह में सुरक्षाबलों ने 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही 123 नकस्लियों को गिरफ्तार किया गया और 250 ने आत्मसमर्पण कर दिया। शाह ने कहा, मोदी जी ने देश भर से नक्सलवाद को समाप्त किया चाहे वह आंध्रप्रदेश हो, तेलंगाना हो, बिहार बिहार हो, झारखंड हो या मध्य प्रदेश हो। मैं कहकर जाता हूं कि मोदी जी को फिर से प्रधानमंत्री बना दीजिए और दो साल दे दीजिए। छत्तीसगढ़ से हम नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे।


गृह मंत्री ने कहा, जब तक नक्सलवाद है तब तक आदिवासी भाई बहनों के लिए बिजली, स्कूल, राशन की दुकान देने में परेशानी हो रही है। जो भी नक्सली बचे हैं उनको कहता हूं कि सरेंडर हो जाओ, आपको फिर से प्रतिस्थापित करेंगे नहीं तो लड़ाई का परिणाम तय है। नक्सलवाद को हम समाप्त कर देंगे। शाह ने सभा में मौजूद जनता से अनुरोध किया कि वे नक्सलियों कोआत्मसमर्पण करने के लिए समझाएं। उन्होंने कहा, मैं आदिवासी भाइयों और बहनों से कह रहा हूं कि जब तक नक्सलवाद है आदिवासी क्षेत्र में शांति नहीं हो सकती, रोड नहीं बन सकता, बिजली नहीं पहुंच सकती, गैस कनेक्शन नहीं आ सकता, शिक्षा नहीं पहुंच सकती, नौकरी नहीं पहुंच सकती और इलाज नहीं पहुंच सकता है। शाह ने कहा कि आप सभी लोग उनको समझाइए सरेंडर कर जाएं, ना करें तो आप चिंता मत करना, हम दो ही साल में छत्तीसगढ़ की भूमि से नक्सलवाद को उखाड़ कर फेंक देंगे और यहां विकास की गंगा प्रवाहित करेंगे। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने 2037 में विकसित भारत की कल्पना रखी है।

विकसित भारत का सबसे बड़ा फायदा आदिवासी, दलित, किसान, युवा, गरीब और महिलाओं को होने वाला है। विकसित भारत की कल्पना आप सभी के कल्याण के लिए है। शाह ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है लेकिन हम (भाजपा) कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार गरीबों, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों का है।

## पीएम मोदी के बयान पर छिड़ा सियासी घमासान

# कपिल सिब्बल का तंज, नफरत के घोड़े का दूल्हा बन...

नई दिल्ली।



कपिल सिब्बल ने कहा कि हाल ही में पीएम मोदी ने जो भाषण दिया, उससे लग रहा है कि पहले चरण का चुनाव उनके पक्ष में नहीं रहा। उस भाषण के बाद मुझे लगता है कि बहुत से लोग निराश होंगे...जो दर्शाता है कि यहां रहने वाले अल्पसंख्यक घुसपैठिये हैं। विपक्षी सांसद कपिल सिब्बल और असदुद्दीन ओवैसी ने पीएम नरेंद्र मोदी के राजस्थान भाषण पर हमला बोला है, जहां उन्होंने कहा था कि अगर सत्ता में वोट दिया गया, तो कांग्रेस लोगों के धन को अधिक बच्चों वाले लोगों और घुसपैठियों के बीच वितरित करेगी, जैसा कि उन्होंने मुसलमानों का जिक्र करना चाहा था। राज्यसभा सदस्य सिब्बल ने कहा कि यह बयान भाजपा के अनुमान से प्रेरित प्रतीत होता है कि 19 अप्रैल को पहले चरण का मतदान उनके पक्ष में नहीं गया। सिब्बल ने कहा कि हम प्रधानमंत्री पद और उस पद पर आसीन व्यक्ति का सम्मान करते हैं, लेकिन जब प्रधानमंत्री सम्मान के लायक नहीं हो तो देश के बुद्धिजीवियों को आवाज उठानी चाहिए। (आरएसएस प्रमुख) मोहन भागवत चुप हैं। वह चुप क्यों है? उन्होंने कहा कि आप (पीएम मोदी) भाषण दे रहे हैं कि कांग्रेस महिलाओं की संपत्ति घुसपैठियों और आतंकवादियों को देगी... राजनीति इस स्तर तक गिर गई है... इतिहास में ऐसा नहीं हुआ और मैं भी नहीं चाहता कि ऐसा हो। मैं चुनाव आयोग से सवाल पूछना चाहता हूं कि तुरंत कार्रवाई क्यों नहीं की गई? आपको इसकी निंदा करनी चाहिए और पीएम मोदी को नोटिस देना चाहिए। एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, मोदी ने आज मुसलमानों को घुसपैठिया कहा और कहा कि उनके अधिक बच्चे हैं। 2002 से अब तक, मोदी के पास केवल एक ही गारंटी है- भारत के मुसलमानों को गाली दो और वोट लो। उन्होंने कहा कि अगर बात देश की संपत्ति की हो रही है तो मोदी सरकार में देश की संपत्ति पर सबसे पहला हक उनके अरबपति दोस्तों का रहा है। आज भारत के 1प्रतिशत लोग देश की 40प्रतिशत संपत्ति खा गये हैं।

# नीतीश खुद 5 भाई-बहन, पीएम मोदी और अमित शाह को भी देख लीजिए

### परिवारवाद पर घिरे तेजस्वी यादव का पलटवार



**कटिहार।** जनता दल-यूनाइटेड के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव पर व्यक्तिगत कटाक्ष करने के कुछ घंटों बाद, उनके बेटे और पार्टी नेता तेजस्वी यादव ने पलटवार किया। कटिहार में एक रैली में लालू यादव पर नीतीश कुमार के कटाक्ष के बाद मीडिया से बात करते हुए तेजस्वी ने कहा कि व्यक्तिगत टिप्पणी करने से बिहार में लोगों को मदद नहीं मिलेगी। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री ने अपने बयान में आगे नीतीश कुमार को अपना अभिभावक बताते हुए कहा, वह जो कुछ भी कहते हैं वह हमारे लिए आशीर्वाद है। पलटवार में तेजस्वी यादव ने कहा कि वह हमसे कुछ भी कह सकते हैं। वह जो भी कहते हैं वह मेरे लिए आशीर्वाद की तरह है... लेकिन बात यह है कि क्या ऐसी व्यक्तिगत टिप्पणियों से बिहार के लोगों को फायदा होगा? चुनाव में मुद्दों पर चर्चा होनी चाहिए। उनके लिए ऐसे भाषण कौन लिख रहा है? उन्हें शिक्षा, रोजगार और पलायन रोकने पर बोलना चाहिए। तेजस्वी ने अपने पलटवार में यह भी कहा कि कहा कि आजकल नीतीश कुमार नहीं बोलना चाहते हैं, लेकिन उनसे बुलवाया जा रहा है।

राजद नेता ने दावा किया कि जो लोग उनसे बुलवा रहे हैं उन्हें हम बता दें बाबा साहेब अंबेडकर 14 भाई-बहन थे, नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी 14 भाई-बहन थे, मुख्यमंत्री भी 5 भाई-बहन हैं, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी 7 भाई-बहन थे, पीएम मोदी 6 भाई-बहन हैं और गृह मंत्री अमित शाह 7 भाई-बहन हैं।

# सियाचिन बार्डर पर लगे नारे, चीन-पाकिस्तान में मचा बवाल

नई दिल्ली।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लद्दाख में सियाचिन ग्लेशियर के कुमार पोस्ट पर तैनात सशस्त्र बल के जवानों के साथ बातचीत की है। सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर बहादुरों को पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सियाचिन में जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे अनुसार दीपावली का पहला दीया, होली का पहला रंग भारत के रक्षकों के नाम होना चाहिए। हमारे सैनिकों के साथ होना चाहिए। पर्व-त्योहार पहले सियाचिन की चोटियों पर मनाए जाने चाहिए। राजस्थान के तपते रेगिस्तान में मनाए जाने चाहिए, हिन्द महासागर की गहराई में स्थित पनडुब्बी में जवानों के साथ मनाए जाने चाहिए। अधिकारियों ने बताया कि रक्षा



मंत्री ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ क्षेत्र में समग्र सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सिंह ने सियाचिन में तैनात सैनिकों से भी बातचीत की। सियाचिन ग्लेशियर, जो काराकोरम रेंज में लगभग 20,000 फीट की ऊंचाई पर है, दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है जहां सैनिकों को शीतदंश और तेज़ हवाओं से जूझना पड़ता है। अपने ऑपरेशन मेघदूत के तहत भारतीय सेना ने अप्रैल, 1984 में सियाचिन ग्लेशियर पर अपना पूर्ण नियंत्रण स्थापित कर लिया। भारतीय सेना ने पिछले कुछ वर्षों में सियाचिन में अपनी उपस्थिति मजबूत की है। राजनाथ सिंह की सियाचिन यात्रा भी क्षेत्र की उनकी पिछली स्थगित यात्रा के एक महीने बाद हो रही है। रक्षा मंत्री का वहां तैनात सशस्त्र बलों के जवानों के साथ होली मनाने के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन क्षेत्र का दौरा करने का कार्यक्रम था। हालाँकि, वहाँ मौजूदा मौसम की स्थिति के कारण, यात्रा को आगे स्थगित कर दिया गया था। गौरतलब है कि ग्लेशियर पर लगातार हिमस्खलन और भूस्खलन की समस्या बनी रहती है और वहां तापमान शून्य से 60 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला जा सकता है।

इसके अलावा, क्षेत्र में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों को भी विशिष्ट इलाके और मौसम की स्थिति से उत्पन्न होने वाली तीव्र चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। खराब मौसम की स्थिति के कारण, अग्रिम चौकियों पर तैनात सैनिकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें तेज धूप के कारण बर्फ का अंधापन, बर्फ़ीला तूफ़ान और श्वेत-आउट की स्थिति शामिल है।

# अरविंद केजरीवाल के लिए राहत मांगना पड़ा महंगा

### कोर्ट ने लगा दिया 75 हजार का जुर्माना, याचिका भी खारिज




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनके कार्यकाल के पूरा होने तक प्रवर्तन निदेशालय और राज्य द्वारा दर्ज सभी आपराधिक मामलों में असाधारण अंतरिम जमानत पर रिहा करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। अदालत ने याचिकाकर्ता पर रू. 75,000 का जुर्माना भी लगाया और कहा कि आम आदमी पार्टी नेता अदालत के आदेशों के आधार पर न्यायिक हिरासत में हैं। अदालत ने कहा कि चौथे वर्ष के कानून के छात्र द्वारा वी द पीपल ऑफ इंडिया के नाम से दायर याचिका सुनवाई योग्य नहीं है क्योंकि अपने रिट क्षेत्राधिकार में अदालतें उच्च पद पर आसीन व्यक्ति के खिलाफ लंबित मामलों में असाधारण अंतरिम जमानत नहीं दे सकती हैं। याचिका में दावा किया गया कि केजरीवाल की सुरक्षा खतरे में है क्योंकि वह तिहाड़ जेल में कट्टर अपराधियों के साथ बंद हैं, जो बलात्कार, डकैती, हत्या और बम विस्फोट जैसे मामलों में अभियोजन का सामना कर रहे हैं। केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने जनहित याचिका को पूरी तरह से अस्वीकार्य और गुमराह बताया और कहा कि याचिकाकर्ता अदालत को एक राजनीतिक मंच बना रहा है। मेहरा ने आगे बताया कि इसी पीठ ने पहले भी सीएम की गिरफ्तारी के बाद उन्हें हटाने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी और सबसे हालिया याचिका को जुर्माने के साथ खारिज कर दिया गया था।

# उद्धव सरकार ने रची थी बीजेपी के बड़े मंत्रियों को गिरफ्तार करने की साजिश

### महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे का खुलासा

**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने तत्कालीन महाविकास अघाड़ी सरकार को लेकर एक बड़ा राज खोला है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुलासा किया है कि तत्कालीन महाविकास अघाड़ी सरकार ने बीजेपी के कुछ मंत्रियों को गिरफ्तार करने की साजिश रची थी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक अखबार को इंटरव्यू देते हुए इस राज का खुलासा किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यह भी खुलासा किया है कि उद्धव ठाकरे ने मुझे मुख्यमंत्री पद की पेशकश की थी। शिंदे ने यह



भी कहा कि महाविकास अघाड़ी देवेंद्र फड़णवीस, गिरीश महाजन और आशीष शेलार को गिरफ्तार करने जा रही है। इस बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने एक इंटरव्यू में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे पर भी टिप्पणी की। मुख्यमंत्री ने सीट बंटवारे के बारे में बताया कि राज्य में 16 सीटों पर शिवसेना चुनाव लड़ेगी। इसमें मुंबई की 3 सीटें शामिल हैं। राज्य में सीट आवंटन में कोई मतभेद नहीं है। उन्होंने यह भी दावा किया है कि 2019 में हमने 42 जीते, हम उस रिकॉर्ड को भी तोड़ देंगे। एक इंटरव्यू में शिंदे ने कहा कि जब उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री थे तो उनके अधीन काम करने का अनुभव बहुत खराब था।

उद्धव ठाकरे के साथ काम करने के दौरान मुझे हमेशा अपमानित किया गया। उद्धव ठाकरे और आदित्य ठाकरे ने मुझे मंत्री के तौर पर काम नहीं करने दिया। मेरे शहरी विकास विभाग में आदित्य ठाकरे लगातार दखल दे रहे थे। आदित्य ठाकरे एमएमआरडीए, सिडको और एमएसआरडीसी की बैठकों में शामिल होते थे।

# इजराइल-ईरान युद्ध के बीच रईसी क्यों जा रहे पाकिस्तान

### एक मात्र परमाणु संपन्न मुस्लिम देश से कोई डील है मकसद?

नई दिल्ली।

पाकिस्तान में नई सरकार बनने के बाद पहली बार कोई बड़ा नेता उनके देश के दौरे पर जा रहा है। इजरायल के साथ जंग के खतरे के बीच ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी पाकिस्तान के आधिकारिक दौरे पर जा रहे हैं। रईसी जंग के बीच पाकिस्तान के दौरे पर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। उनके साथ वो कैबिनेट मंत्रियों से भी मिलेंगे। इन मुलाकातों के बीच ईरान और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय रिश्तों, व्यापार, ऊर्जा, खेती समेत दूसरे सेक्टर्स को मजबूत करने के लिए दोनों देश बातचीत करेंगे। ईरान और पाकिस्तान के बीच दिख रही दोस्ती तीन महीने पहले तक किसी और ही मोड़ पर नजर आ रही थी। जनवरी के महीने में दोनों



देशों की ओर से की गई मिसाइल स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान और ईरान के संबंध तनावपूर्ण हो गए थे। अब धीरे-धीरे संबंधों को सुधारा जा रहा है। रईसी के पाक दौरे को लेकर कई तरह का अंदेशा है। कुछ एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि पाकिस्तान एकलौता ऐसा मुस्लिम देश है जिसके पास परमाणु बम हैं। इसलिए भविष्य में इजरायल से लड़ने के लिए ईरान उसका साथ चाहता है। हो सकता है कि परमाणु बम से जुड़ी किसी डील के लिए रईसी पाकिस्तान जा रहे हो। 1947 में पाकिस्तान के गठन के बाद से ईरान और पाकिस्तान ने द्विपक्षीय संबंध बनाए रखा है। वास्तव में, विभाजन के बाद, ईरान इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता देने वाला पहला देश था। 1979 में ईरान में इस्लामी क्रांति की जीत के बाद इस्लामाबाद ने एहसान वापस कर दिया। पाकिस्तानी सरकार इस्लामी गणतंत्र ईरान को एक देश के रूप में मान्यता देने वाली पहली राज्य थी। 900 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करने वाले देशों के बीच संबंध सौहार्दपूर्ण रहे हैं, बीच-बीच में तनाव और सीमा पर झड़पें भी होती रहती हैं।

धार्मिक मतभेद, तालिबान पर विरोधी रुख, बलूच विद्रोह और सीमावर्ती क्षेत्रों के आसपास झड़पें, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ पाकिस्तान की निकटता, साथ ही कुछ व्यापार मुद्दों ने तेहरान और इस्लामाबाद के बीच चट्टानी संबंधों में योगदान दिया है।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# सबके सामने बस उतरने ही वाली थी पूनम पाण्डे की ड्रेस



मॉडल से अभिनेत्री बनीं पूनम पांडे अपनी वाइट ड्रेस के कारण फिर से चर्चा में हैं। पूनम की ये ड्रेस तब सुर्खियों में आयी जब उनकी ये ड्रेस लोगों के सामने फिसलने वाली थी और सबसे सामने पूनम पांडे को उप्स मूमेंट का शिकार होना पड़ा। मॉडल से अभिनेत्री बनीं पूनम पांडे मनोरंजन उद्योग की एक जानी-पहचानी हस्ती हैं। उन्होंने अपने बोल्ड फोटोशूट से एक अलग उपस्थिति स्थापित की है। उनके सोशल मीडिया प्रोफाइल पर एक नजर डालने से साफ पता चलता है कि पूनम इतना ध्यान क्यों खींचती हैं। उनके बोल्ड और विवादित बयानों ने उन्हें अक्सर सुर्खियों में ला दिया है और कई विवादों को जन्म दिया है। फिर भी, उन्होंने लगातार अपनी लचीलापन साबित किया है, प्रत्येक चुनौती के साथ मजबूत होकर सामने आई है। मिनिमलिस्ट बिकनी से लेकर हॉट वेस्टर्न पोशाक तक अपने उत्तेजक फैशन विकल्पों के लिए जानी जाने वाली 32 वर्षीया ने एक बार फिर प्रशंसकों को आश्चर्यचकित कर दिया जब उन्हें एक आउटिंग के दौरान देखा गया। शुक्रवार को, लोकप्रिय पैपराज़ो हैंडल वूम्प्ला ने पूनम पांडे की एक क्लिप जारी की, जिसमें उन्हें गहरे गले के साथ एक सफेद फिशबोन ट्यूब टॉप गाउन पहने देखा जा सकता है। वीडियो से ऐसा लगता है कि यह किसी होटल की लॉबी के अंदर का है और इसमें अभिनेत्री अपने खुले बालों को ठीक करते हुए शटरबग्स के लिए पोज देती हुई नजर आ रही है। यह वीडियो जल्द ही पूरे सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पिछले महीने, पूनम को हाल ही में एक कार्यक्रम में होली उत्सव का आनंद लेते देखा गया था। मंच पर आते ही उन्होंने कहा, सभी को होली की शुभकामनाएं। जिंदा होने का मजा ही कुछ और है। बहुत मजा आ रहा है जिंदा होकर फिर से। और होली खेल के तुम लोगो के साथ। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या भीड़ में मौजूद लोगों ने सर्वाइकल कैंसर का टीका लगवाया है। सफेद बॉडीकॉन ड्रेस और लंबा श्रग पहने हुए पूनम बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने इवेंट के वीडियो अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर शेयर किए। फरवरी में अपनी मौत का नाटक करने के एक दिन बाद, लॉक अप फेम एक वीडियो बयान में सामने आईं और स्पष्ट किया कि वह मरी नहीं हैं। वीडियो में, पूनम ने तर्क दिया कि उनकी मौत की खबर का मकसद सर्वाइकल कैंसर के बारे में जागरूकता पैदा करना था।



# एक्टर से नेता बनें रवि किशन की जिंदगी में मचे बवाल का क्लाइमेक्स क्या होगा?

मुंबई की एक 25 साल की लड़की ने भारतीय जनता पार्टी के नेता रवि किशन के खिलाफ कोर्ट में सिविल केस दायर किया है। उन्होंने दावा किया है कि गोरखपुर के सांसद रवि किशन उनके जैविक पिता हैं। युवती ने डीएनए टेस्ट की मांग की है। शिनोवा नाम की एक युवती ने अनुरोध किया है कि उसे अभिनेता-राजनेता रवि किशन की जैविक बेटी घोषित किया जाए। उनका दावा है कि उनका जन्म अपर्णा सोनी और एक बीजेपी नेता के रिश्ते से हुआ है। (बीजेपी सांसद रवि किशन पर आरोप) युवती ने अदालत से अनुरोध किया है कि वह आदेश जारी करे कि रवि किशन किसी भी तरह से उसे अपनी जैविक बेटी के रूप में स्वीकार करने से इनकार न करें। लड़की ने सार्वजनिक रूप से रवि किशन को अपना जैविक पिता घोषित करने के बाद उत्तर प्रदेश में सोनी और अन्य के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट के समक्ष एक रिट याचिका भी दायर की है। तीन दिन पहले किशन की पत्नी प्रीति शुक्ला की शिकायत पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आईपीसी की धारा 120बी (आपराधिक साजिश), 195 (झूठे सबूत देना या गढ़ना), 386 (जबरन वसूली), 504 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

# रोहित शेट्टी की फिल्म में पुलिस की वर्दी में शेरनी बनीं दीपिका

सिंघम की तीसरी किस्त 2024 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। इसमें अजय देवगन, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर खान और अन्य जैसे अभिनेताओं की एक स्टार-स्टडेड लाइन-अप है। लेकिन सबसे बड़ी है इंस्पेक्टर शक्ति शेट्टी के किरदार में दीपिका पादुकोण की एंट्री। ऐसा लगता है कि वह एक्शन फिल्म में अजय देवगन की बहन की भूमिका निभाएंगी।

हमने सिंघम 3 के सेट से दीपिका पादुकोण के कुछ लीक हुए दृश्य देखे। अब, रोहित शेट्टी ने एक तस्वीर साझा की है जिसमें हम उन्हें शेर के पंजे के साथ देख सकते हैं क्योंकि यह सिंघम फिल्म का ट्रेडमार्क है। चाहे वह पठान हो या विन डीजल के साथ उनकी फिल्म, दीपिका पादुकोण ने साबित कर दिया है कि वह एक्शन में काफी अच्छी हैं। सिंघम 3 के बाकी पोस्टर्स की तरह ये भी बेहद कलरफुल है। दीपिका पादुकोण के पास 2024 में कुछ बड़ी फिल्में हैं। उनमें से एक प्रभास और नाग अश्विन की कल्कि 2898 एडी और सिंघम 3 है। प्रशंसकों ने कहा कि जब किसी ने दीपिका पादुकोण को पुलिस की वर्दी में देखा तो सुपरहीरो की कोई जरूरत नहीं थी। दीपिका पादुकोण और रोहित शेट्टी एक महिला पुलिस फिल्म के लिए सहयोग करने की योजना बना रहे हैं।



यह सिंघम यूनिवर्स से थोड़ा अलग होगा जो अभी भी इसका एक हिस्सा है। एक्ट्रेस अब प्रेग्नेंसी ब्रेक पर हैं। दीपिका पादुकोण ने आराम करते हुए सुई का काम करते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की। कुछ दिन पहले रणवीर सिंह और उन्होंने गोवा में बेबीमून एन्जॉय किया था। सिंघम 3 दिवाली वीकेंड पर रिलीज हो सकती है।

ऐसा लगता है कि अजय देवगन और रोहित शेट्टी फिल्म पर तेजी से काम कर रहे हैं, लेकिन वफादार सिंघम प्रशंसकों के सामने जल्दबाज़ी में पेश नहीं करना चाहते।







# सामूहिक जवारों की विशाल शोभायात्रा ने इतिहास रचा

## भारी भीड़ उमड़ी, आस्था और श्रृद्धा से नगर सराबोर

नरसिंहपुर।

22 अप्रेल को पूरे नगर का वातावरण उस समय धर्ममय हो गया जब नवरात्रि के अवसर पर सदर देवी मंदिर में स्थापित जवारों की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। डीजे तथा ढोल बाजों के साथ निकली यह शोभायात्रा तकरीबन दो किलोमीटर लम्बी थी जिसे एक स्थान से गुजरने में दो घण्टे से भी अधिक का वक्त लगता था। भीड़ इतनी अधिक थी कि यातायात थम गया था एवं सारी सड़कें ङ्कसचित कर दी गई थीं। जगह जगह बेरिक्रेट्स लगाकर मार्ग बंद कर दिये गये थे एवं व्यापक पुलिस व्यवस्था की गई थी। यही नहीं इस विशाल शोभायात्रा को देखने नगर के अलावा समीपी दर्जनों ग्रामों के महिला पुरूष यहां एकत्रित थे। आस्था के सैलाब ने इस वर्ष पूर्व के सभी रिकार्डो को ध्वस्त करते हुए एक नया कीर्तिमान बनाया है। इस वर्ष लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

### शोभायात्रा ने परम्परा के क्रम को आगे बढ़ाया

नरङ्कसहपुर के इतिहास में विशाल शोभायात्रा अब नगर की पहचान बन गयी है लोग चैत्र मास



आते ही इस शोभा यात्रा में अपनी धार्मिक व सांस्कृतिक सहभागिता के लिए मन भाने लगते है ओर उत्सुकता से इस अवसर का इंतजार करते रहते हैं नगर की आध्यात्मिक शक्ति के केंद्र सदर देवी मंदिर परिसर में रखे गए 751 घट कलश एवं देवी प्रतिमा की विसर्जन शोभायात्रा नगर में निकाली गई है।

मातारानी की अगवानी और दर्शन-पूजन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सामूहिक जवारा समिति द्वारा शोभायात्रा के लिए व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। नगर में विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा बड़ी संख्या में भंडारे कर ठंडा पानी, शरबत, हलवा, मिठाईयां,गुलाब जामुन और गर्मी में राहत देने छांछ का वितरण किया गया। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु आने एवं कार्यक्रम की भव्यता को देखते हुए जुलूस के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया आवागमन के लिए वाहनों का रूट बदल दिया गया है। स्टेशन की ओर से आने वाले वाहन पुलिस लाइन होते हुए सांकल रोड से निकाले जा रहे है।

वहीं सुभाष पार्क से मुशरान पार्क-स्टेशन जाने वाले मार्ग को बड़े वाहनों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। सड़क किनारे जगह-जगह स्वागत-सत्कार के लिए सभी वर्गो के द्वारा पंडाल में स्टाल लगाए गए ।

शोभायात्रा के साथ दमकल एवं नगर पालिका के पानी टेंकर भी मार्ग को तर करने लगे रहे। शोभायात्रा नगर भ्रमण के उपरांत जनपद मैदान में समाप्त हुयी। जहां से जवारों एवं देवी प्रतिमा को वाहन से नर्मदा जी के तट पर ले जाया गया। जुलूस के साथ विभिन्न गणेश,दुर्गा मंडलों, सामाजिक, धार्मिक व राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधि-पदाधिकारी भी चल रहे है। वहीं आर्कषित करती झांकियां, अखाड़े -कला मंडलियों द्वारा शोभायात्रा में चलते हुए भजन-संकीर्तन के साथ अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे थे। शोभा यात्रा में देवी जी की झांकी भी निकाली गई । लोगों ने मां की आरती उतार कर ओर जयकारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। शोभायात्रा जूलूस को देखने नगर में जिले के कई स्थानों से श्रद्धालु आए । और मुख्य मार्ग किनारे के भवनों व घरों में लोगों की श्रृद्धानत भीड़ बनी रही।

**फोटो : संजय राय**

# विधानसभा गाडरवारा में बनाये गये 15 पिंक बूथ

**नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद जिले की एक विधानसभा क्षेत्र- 121 गाडरवारा के अंतर्गत 15 मतदान केन्द्र पिंक बूथ बनायें गये है।प्राप्त जानकारी के अनुसार पिंक बूथ मतदान केन्द्र क्र. 21 शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भवन कक्ष क्र. 05 सांईखेड़ा, मतदान केन्द्र क्र. 23 शासकीय प्राथमिक शाला भवन बरहटा, नगर परिषद सांईखेड़ा, मतदान केन्द्र क्र. 60 शासकीय प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्र. 01 बोदरी, मतदान केन्द्र क्र. 86 एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला खैरूआ नप सालीचौका, मतदान केन्द्र क्र. 91 पीडब्ल्यूडी कार्यालय कक्ष क्रमांक 02 गाडरवारा, मतदान केन्द्र क्र. 100 जवाहर कृषि उपज मंडी कार्यालय गाडरवारा, मतदान केन्द्र क्र. 106 अनुसूचित जाति बालक छात्रावास नवीन कक्ष क्र. 06 गाडरवारा, मतदान केन्द्र क्र. 110 शासकीय कन्या माध्यमिक शाला भवन कक्ष क्रमांक 02 गाडरवारा, मतदान केन्द्र क्र. 121 शासकीय टाऊन प्राथमिक शाला भवन कक्ष क्रं. 01 गाडरवारा, मतदान केन्द्र क्र. 127 शासकीय प्राथमिक शाला भवन पतलोन, मतदान केन्द्र क्र. 133 शासकीय प्राथमिक शाला भवन मगरमुहां, मतदान केन्द्र क्र. 143 शासकीय प्राथमिक शाला भवन दिघौरी, मतदान केन्द्र क्र. 144 मंगल भवन खैरी नगर परिषद चीचली, मतदान केन्द्र क्र. 157 शासकीय प्राथमिक शाला भवन मध्य कक्ष चीचली व मतदान केन्द्र क्र. 137 शासकीय माध्यमिक शाला भवन अति.कक्ष कठौतिया को बनाया गया है।

### विधानसभा क्षेत्र तेंदूखेड़ा में बनाये गये पिंक बूथ

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के लिए संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 17 होशंगाबाद की विधानसभा क्षेत्र- 120 के अंतर्गत 15 मतदान केन्द्र पिंक बूथ बनायें गये है।इस सिलसिले में मतदान केन्द्र क्र. 07 नगर परिषद कार्यालय पुराना भवन ई. लाइब्रेरी कक्ष क्रं.-2, मतदान केन्द्र क्र. 08 शासकीय मंडी कार्यालय का नया कक्ष, मतदान केन्द्र क्र. 34 शासकीय प्राथमिक शाला भवन नांदिया, मतदान केन्द्र क्र. 35 शासकीय प्राथमिक शाला भवन मानकपुर, मतदान केन्द्र क्र. 41 शासकीय माध्यमिक शाला भवन देवरी, मतदान केन्द्र क्र. 56 शासकीय माध्यमिक शाला भवन कक्ष क्र. 2 ईश्वपुर, मतदान केन्द्र क्र. 61 शासकीय माध्यमिक शाला भवन भौंरा, मतदान केन्द्र क्र. 81 शासकीय सामुदायिक भवन बारहा, मतदान केन्द्र क्र. 86 शासकीय माध्यमिक शाला भवन पूर्व कक्ष चांवरपाठा, मतदान केन्द्र क्र. 120 शासकीय माध्यमिक शाला भवन चामचोन, मतदान केन्द्र क्र. 121 शासकीय प्राथमिक शाला भवन अटठाईसा, मतदान केन्द्र क्र. 184 शासकीय माध्यमिक शाला भवन पनारी, मतदान केन्द्र क्र. 195 शासकीय प्राथमिक शाला भवन नारगी, मतदान केन्द्र क्र. 202 शासकीय माध्यमिक शाला भवन बटेसरा व मतदान केन्द्र क्र. 203 शासकीय प्राथमिक शाला भवन अतिरिक्त कक्ष बंदेसुर को पिंक बूथ बनाया गया है। यह जानकारी निटर्निंग ऑफीसर संसदीय क्षेत्र- 17 होंशगाबाद विधानसभा क्षेत्र- 120 तेंदूखेड़ा ने दी है।

### नुक्कड़ नाटक से दिया मतदाताओं को मतदान करने का संदेश

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले एवं सीईओ जिला पंचायत व नोडल अधिकारी स्वीप श्री दलीप कुमार के मार्गदर्शन में नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा व गाडरवारा विधानसभाओं में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूकता लाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है मतदाता जागरूकता अभियान के तहत ग्राम मड़ेसुर, में नुक्कड़ नाटक के द्वारा मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## सामूहिक जवारे समिति द्वारा आभार व्यक्त

**नरसिंहपुर।** सामूहिक जवारे समिति, नरसिंहपुर द्वारा सदर मढ़ियां जी मे विगत दिनों जवारों की स्थापना व 9 दिवसीय आयोजनो के पश्चात गत दिवस मातारानी की पालकी सहित जवारों की भव्य व दिव्य, ऐतिहासिक शोभायात्रा निकाली गई, समिति अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी द्वारा समिति की ओर से समस्त बंधुओं, भगनियों, श्रद्धालुओं, समाजसेवियों, किसानों, व्यापारियों, संगठनों व पत्रकारों एवम् प्रशासन सहित समस्त प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। आपने कहा की सब के भावपूर्ण सहयोग एवं सहभाग से ही सामूहिक जवारे समिति की अनूठी व भव्य शोभायात्रा ने नए कीर्तिमान स्थापित किये है, अगले वर्ष पुन: नवाचारों के साथ सामूहिक जवारे समिति द्वारा विविध आयोजन होंगे। मातारानी की कृपा और आर्शीर्वाद सभी पर सदासर्वदा ही बना रहे।

### मुख्यमंत्री का आगमन आज

**नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आज दिनांक 23/04/2024 सुबह 11 बजे स्थानीय जनपद मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित करेगे। इस अवसर पर पार्टी जनों व क्षेत्र की जनता जनार्द्धन से उपस्थिति की अपील इंजी.अभिलाष मिश्रा द्वारा की गई है।

# अनोखी शिक्षा पद्धति का इकलौता संस्थान ग्लोटच अकादमी

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 62 बच्चे भाग लेंगे

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

अबेकस एवं मानसिक गणना आधारित दुनिया की अनोखी शिक्षा पद्धति यूसीमास की जिले की अग्रणी संस्था ग्लोटच अकादमी जो वर्ष 2008 से ऊर्जा नगरी गाडरवारा में संचालित है।संस्था के संचालक नवीन सोनाली चौबे के अनुसार सन 2008 से निरंतर गाडरवारा के परिश्रमी बच्चे और लगन शील पालकों के अनवरत सहयोग से इस संस्था ने यूसीमास की राज्य स्तरीय,राष्ट्रीय स्तर पर एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार प्रतिवर्ष जीते हैं।साथ ही अभी तक सैकड़ों बच्चे यूसीमास कोर्स की स्नातक उपाधि प्राप्त कर अपने अपने क्षेत्र में अपनी विशिष्ट प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं।वर्ष 2018 में अहमदाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में संस्था के द्वारा 5 बच्चों को सर्वोच्च रिकॉर्ड गिनीज बुक में भी दर्ज कराया है एवं वर्ष 2020 में ऑन लाइन प्रतियोगिता में नगर के 22 बच्चों ने ब्रिटेन की वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में भी अपनी विशिष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।वर्ष 2024 में 27 अप्रैल को इंदौर में आयोजित होने वाली यूसीमास राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संस्था के 62 प्रशिक्षित बच्चे



अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन का प्रयास करेंगे।उल्लेखनीय है कि 14 दिसंबर 2024 को नई दिल्ली में आयोजित होने वाली 118 देशों की यूसीमास अंतराष्टीय प्रतियोगिता हेतु भी चयन इसी प्रतियोगिता द्वारा किया जाना है।नगर के बच्चे भाग लेंगे यूसीमास गणित के महाकुंभ मेंयूसीमास मध्य प्रदेश द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाने वाली मेंटल एवं अर्थमैटिक अबेकस की 19 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 27 एवं 28 अप्रैल 2024 को इंदौर में आयोजित होगी।जिले की अग्रणी ग्लोटच अकादमी से 62 बच्चे इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में 5 से 13 आयु वर्ग के मध्य प्रदेश के यूसी मास विद्यार्थियों को 8 मिनट में गणित के 200 सवाल जिसमें जोड़ना घटाना गुणा एवं भाग के से जटिल प्रश्नों को लिखित में हल करने का लक्ष्य दिया जाएगा ।प्रतियोगिता सुबह 8¬30 से आरंभ होकर दोपहर 2¬30 बजे तक 5 चक्रों में आयोजित होगी। प्रत्येक चक्र में 800 विद्यार्थी शामिल होंगे जिसमें गाडरवारा नगर के बच्चों का समय दोपहर 12¬30 बजे है। 27 अप्रैल को रात्रि में ही पालकों के मोबाइल नंबर पर एसएमएस के द्वारा एवं यूसी मास की वेबसाइट से रिजल्ट की घोषणा होगी।

विजेता एवं मेरिट प्राप्त बच्चों को 28अप्रैल को लाभ मंडपम इंदौर में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी संस्था के 6 विद्यार्थियों को 3 वर्षीय पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न करने पर यू सी मास की स्नातक ??की उपाधि भी प्रदान की जाएगी ये विद्यार्थी है।आरव बोहरे,शुभ चौधरी, श्रेष्ठ नगरिया, उन्नति जाटव,आगम गोलछा पार्थ खरीकघरे।यू सी मास राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में नगर के प्रतिभागी बच्चों के नाम इस प्रकार हैं। आरव बोहरे,आरव खरे,आरव माने, अभय साहू, आदित्य कौरव,अलीशा अग्रवाल,अंश कौरव, अराध्या साहू, आरूषि माने,अथर्व खरे, डेविड राज पुरोहित,देव मोकलकर, देवांश ढीमोले,दिवाकर जाटव ,हंसिका साहू ,हर्षित साहू ,कार्तिक साहू, कृतज्ञ रघुवंशी, लक्ष्य परचानी, मोनीश कौरव, नमामि कौरव, नव्या कौरव ,नायरा परचाणी, ओजश्व गोस्वामी, पलक प्रजापति, प्रबल तिवारी ,प्रकृति कौरव, प्रबल तिवारी, रचना माने राघव दुबे ,राशि कौरव, साक्षी सिंह ,समृद्धि मिढोतिया सांख्य मिश्रा, संस्कार ढीमोले, शरद कौरव, शाश्वत मिश्रा, शिवांश झरिया, सृष्टि कौरव उन्नति जाटव, उत्कर्ष ढीमोले, वैष्णवी कौरव ,वेदांत ढीमोले,विनायक पटेल, प्रथम धाकड़, शुभ चौधरी ,

आभास पाराशर, आगम गोलछा ,अभियांश राजपूत, अंशुमान राजपूत, हार्दिक बघेल, हर्ष गोलछा, जैनम लुनावत, मान्यता कौरव, नितिशा लूनावत मोइज उल इस्लाम, पार्थ खरीकघरे ,रियांश नेमा ,समर्थ नेमा ,श्रेष्ठ नगरिया, वेदिका जाटव, योग कौरव।

# पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिह चौहान ने तेन्दूखेड़ा में किया विशाल जनसभा को संबोधित

## हमारे लिए सत्ता सिंहासन पर बैठने के लिए नहीं जनता की सेवा के लिए

## राहुल भारत की सनातन परम्पराओं से नहीं जुड़े

## वह केवल वामपंथियों के बंधक : आरोप

**नरसिंहपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान ने तेन्दूखेड़ा कृषि उपज मंडी में लोकसभा प्रत्याशी चै.दर्शन सिंह के समर्थन में आयोजित विशाल जनसभा भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचैरी पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, तेन्दूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला भाजपा प्रभारी अमिता चपरा, पूर्व विधायक भैयाराम पटेल की गरिमय उपस्थिति में सम्पन्न हुई।

उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए शिवराज सिंह चैहान ने कहा कि हमारे लिए सत्ता सिंहासन पर बैठने के लिए नहीं राष्ट्र व जनता की सेवा के लिए है। इसका एक मात्र माध्यम भारतीय जनता पार्टी है। जिसका लक्ष्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। भाजपा के लिए जनता की सेवा ही भगवान की पूजा है। वहीं विपक्ष परिवार विशेष के लिए राजनीति कर उन्हें स्थापित करने में लगा है। यह चुनाव देश बनाने का चुनाव है मोदी जी के 10 वर्षो के कार्यकाल में विकास कार्यो की मजबूत नीव रखी गई है। जो सिर्फ ट्रेलर मात्र है, विकास की पूरी पिक्चर अभी बाकी है। मोदी जी के नेतृत्व में सम्पूर्ण विश्व में भारत को जो मान और सम्मान मिल रहा है यह सम्मान 140 करोड़ भारत वासियों का है इससे कहीं न कहीं आप सबका सीना भी गर्व से चैड़ा होता है। 2014 के पहले की कांग्रेस सरकार



के समय भारत घोटालों के देश के रूप में जाना जाता था। छोटे छोटे देश भारत को आंख दिखाते थे। मोदी जी के शासन काल में भारत आंख झुकाकर नहीं आंखों में आखें डालकर बात करता है और अगर कोई देश हमारी तरफ आंख उठाकर देखेगा तो हम उसे छोड़ेगे नहीं इसका उदाहरण मोदी जी ने सर्जिकल स्ट्राइक करके बताया है। राहुल गांधी वामपंथियों के बंधक है वह भारत की सनातन परंपरा से जुड़े नहीं हैं राममंदिर के निर्माण पूर्ण होने पर जहां भारत का प्रत्येक नागरिक उत्साह व उमंग के साथ प्राण प्रतिष्ठा की खुशी मना रहा था वहीं कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी सवाल उठाते हुए विरोध कर रहे थे। इन्होंने तो आमंत्रण को अस्वीकार कर सनातन विरोधी होने का सबूत दिया है। मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र वैभवशाली, गौरवशाली, सम्पन्न, समृद्ध, शक्तिशाली बन रहा है और 2047 तक विकसित भारत का निर्माण किया जायेगा। जो विश्व गुरू के रूप में सम्पूर्ण विश्व का मार्ग प्रसस्त करेगा। मोदी जी के शासन काल में देश को 370 व तीन तलाक राम मंदिर जैसे अपूर्ण कार्यो को पूर्ण किया है। वहीं प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, उज्वला योजना, किसान सम्मान निधी, आयुष्मान भारत के तहत नि:शुल्क इलाज, घर घर नल से जल, 80 करोड़ भारतीयों को नि:शुल्क अनाज,जनधन खाते, मुद्रालोन, स्वनिधि योजना, विश्वकर्मा योजना तथा लाड़ली बहना जैसी अनेकों गरीब कल्याणकारी योजनाओं के कारण ही 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आयें है। नरसिंहपुर जिला प्रबुद्धजनों का जिला है। यह कभी गलत व्यक्ति का चुनाव नहीं करता है।

विगत समय हुए विधानसभा चुनाव में आप सभी ने जिले की चारों सीटें भाजपा की झोली में डालकर प्रदेश प्रचंड बहुमत से सरकार बनाई है अब देश में मोदी जी की प्रचंड बहुत की सरकार बनाना है। एक ओर किसान नेता चै.दर्शन सिह है जो फक्कड़ नेता है जिन्होंने न तो विवाह किया है और न ही उनके पास कोई सम्पत्ति है वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के प्रत्याशी है जिनके कई प्रकार के गलत व्यवसाय है इनका अरबों का साम्राज्य है इनका कार्य केवल धन का अर्जन करना है। जनता की सेवा से इनका कोई सरोकार नहीं है। नरसिंहपुर जिला धनबल के आगे पसीने को परास्त नहीं होने देगे। आने वाले लोकसभा चुनाव में आप सब का आशीर्वाद भारतीय जनता पार्टी और चै.दर्शन सिंह को मिले इसी की विनम्र अपील सभी से की । कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि सभा का संचालन जिला महामंत्री डॉ.हरगोविन्द सिंह पटेल व आभार विधानसभा संयोजक रमाकांत शर्मा ने किया इस अवसर पर तेन्दूखेड़ा नगर परिषद् अध्यक्ष विष्णू शर्मा, अवधेश प्रताप पटेल, जिला महामंत्री ठाकुर राजीव सिंह जिला उपाध्यक्ष राहुल कौरव, सतोश पटेल, विनीत नेमा, शिवदयाल खैरोनिया राव वीरेन्द्र सिंह, निशा सोनी मंडल अध्यक्ष मनोज शर्मा, प्रताप कौरव, बृजेन्द्र पटेल, वंदना पटेल, सहित भाजपा भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्र की जनता उपस्थित रही।

# पुलिस भी दे रही मतदान करने का संदेश, निकाली बाइक रैली





कटनी/ब्यूरो

एस पी कार्यालय से रविवार 21 अप्रैल की शाम पुलिस बल की मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। रैली को कलेटर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ डेहरिया, सी एस पी याति मिश्रा, प्राध्यापक चित्रा प्रभात, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण पूजा द्विवेदी, सहायक संचालक महिला बाल विकास वनश्री कुर्वेती, सहित यातायात प्रभारी और अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। बाइक रैली में यातायात एवं जिला पुलिस बल शामिल रहा। जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता बाईक रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रैली प्रारंभ होकर, माधव नगर गेट-बरगवां, सागर पुलिया ,भटठा मुहल्ला ,रंगनाथ नगर-लखेरा-वेस्ट लेंड ,ऑर्डिनेंस फैट्री केलडीयर्स ग्राउड-कुन्दनदास स्कूल ग्राम पंचायत चौराहा, तांगा तिराहा मेन बाजार कैप ,कुहार मोहल्ला, पी0डलू0डी-विश्राम बाबाहोते हुए कलेट्रेट वापस कलेट्रेट कार्यालय कटनी पहुंची। मतदाता जागरूकता बाइक रैली के समापन अवसर पर कलेटर अवि प्रसाद और पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने सभी को मतदान करने और अन्य लोगों को भी मतदान हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

## सेल्फी प्वाइंट के माध्यम से किया जा रहा पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक




शासकीय महाविद्यालय बरही जिला कटनी में संचालित इको लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली तथा पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन एप्कों भोपाल मध्य प्रदेश के निर्देशानुसार प्राचार्य प्रो.आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम के विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत महाविद्यालय में लगे सेल्फी प्वाइंट में स्टॉफ के सदस्यों तथा विद्यार्थियों द्वारा सेल्फी एवं फोटो लेकर पर्यावरण संरक्षण की प्रतिज्ञा ली गई कि स्वयं पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करेगें साथ ही अपने घर परिवार एवं परिचितों को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करेगें। इको लब प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि पर्यावरण एवं प्रकृति को संरक्षित और सुरक्षित रखना हम सब की जिमेदारी एवं नैतिक दायित्व है जो कि जन जागृति के माध्यम से ही संभव है अन्यथा इसका दुष्परिणाम सभी को सहना पड़ेगा। कार्यक्रम में प्रभारी डॉ अरविन्द सिंह, डॉ. आर. जी. सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. निगम, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ. शिवानी बर्मन, डॉ. रूपा शर्मा, श्रीमती अनीता सिंह, पवन दुबे, अनुराग सोनी, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, नितिन दुबे, दीपक मिश्रा, ऋषभ त्रिपाठी, सौरभ सिंह, सोनम पाण्डे, सुश्री संतोषी तिवारी, पुष्पलता विश्वकर्मा, चंद्रभान विश्वकर्मा, अजय सेन, सतीश विश्वकर्मा, रवि साहू, शंकर सिंह तथा स्टॉफ के अन्य सदस्य, रासेयो स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थिति रहे।



## कुश्ती प्रतियोगिता आज, मिलेगा 21 एवं 11 हजार रूपए का पुरुस्कार

लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रिया में अधिक से अधिक सहभागिता एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि व जागरूकता हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत नगर निगम द्वारा दिनांक 23 अप्रैल को सायं 4 बजे से साधुराम हाईस्कूल परिसर में कुश्ती प्रतियोगिता आयोजित की जावेगी। उक्त कुश्ती प्रतियोगिता के विजेता हेतु राशि रुपए 21 हजार एवं उपविजेता हेतु रुपए 11 हजार पुरुस्कार प्रदाय किया जाएगा । निगमायुक्त विनोद कुमार शुक्ल द्वारा शहर के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होवे एवं कुश्ती प्रतियोगिता में इच्छुक नागरिक भागीदारी लेकर आगामी लोकसभा निर्वाचन 26 अप्रैल को अधिक से अधिक लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करें व अपने परिवार और आसपास के लोगों को मतदान अवश्य कराए।



## कैंडल मार्च से बनाया भारत का नक्शा

स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता के लिए जिले में कलेटर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशन तथा सी.ई.ओ. जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में जिले मे विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही है। इसी संदर्भ में जनपद पंचायत कटनी अंतर्गत ग्राम पंचायत इमलिया में जनपद पंचायत कटनी और मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड कटनी के समन्वय से विगत शाम कैंडल मार्च निकाला गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत ,जनपद पंचायत कटनी के मुय कार्यपालक अधिकारी प्रदीप सिंह ,जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी मृगेंद्र सिंह की उपस्थिति रही।

## हनुमान जयंती पर आज बांधा मंदिर में होगी महाआरती



कटनी/ब्यूरो

आज 23 अप्रैल मंगलवार स्नानदान पूर्णिमा में अंजनिसुत भगवान हनुमान जी के प्रकटोत्सव के सुअवसर पर श्री राधाकृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम में प्रात:काल हनुमान जी का चोलाभिषेक एवम भंडारा प्रसाद का आयोजन होगा। सायं सात बजे भगवान मुरली मनोहर जी, आदि शक्ति मां गायत्री , भगवान भोलेनाथ, विघ्न विनाशक गणेश एवम हनुमान की भव्य महाआरती होगी। श्री राधा कृष्ण सेवा समिति के रामनरेश त्रिपाठी, नवनीत चतुर्वेदी, महेश पाठक, सीताराम मिश्रा, बद्री प्रसाद मिश्रा, सतेन्द्र त्रिपाठी, कृष्णकांत पांडे, मनोज पाठक, श्रीष गौतम, श्याम मिश्रा, राघवेंद्र दुबे, ओम प्रकाश दुबे, पप्पू पाठक, शैलेंद्र विश्वकर्मा, बहादुर कुशवाहा आदि ने समस्त धर्मप्रिय जनों से मंदिर पधारकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।



## श्री हनुमान जन्मोत्सव की बधाई

कटनी/ब्यूरो

हर वर्ष की तरह इस बार भी हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर संतकवाराम वार्ड रॉबर्ट लाइन माधव नगर रोहरा मिल के बाजू से कल आम भंडारा दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक व् उसके बाद जुलूस झांकियां मंदिर से होते हुए में माधवनगर मेन बाजार चावला चौक होते हुए मंदिर पर समापन होगा। कार्यक्रम के आयोजक रोहरा परिवार माधवनगर आपका हार्दिक अभिनंदन करता है।

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल के द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन




कटनी/ब्यूरो

वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर के सिद्धांत जियो और जीने दो के संदेश को आगे बढ़ते हुए दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल कटनी के द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य पर एवं शंका समाधान प्रणेता पूज्य 108 प्रमाण सागर जी के दीक्षा दिवस के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जैन मिडिल स्कूल में किया गया। जिसमे 108 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया था एवम् 109 यूनिट रक्त दान किया गया । कार्यक्रम में कटनी नगरनिगम महापौर प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, बीजेपी जिला अध्यक्ष दीपक टंडन, राष्ट्रीय दयोदय महासंघ अध्यक्ष प्रेमचंद जी जैन केडीए अध्यक्ष पीतांबर टोपनानी, पार्षद मिथलेश जैन, सिब्बू साहू, सोनू बहरे, रमेश सोनी, पूर्व विधायक अलका जैन, पूर्व सिविल सर्जन डॉ. के के जैन, दिगंबर जैन शिक्षा संस्था अध्यक्ष अनूप सिंघई, दिगंबर जैन पंचायत के मंत्री अजीत सिंघई, डा. संदीप जैन, पियूष जैन, सेठ सुभाष चंद्र जैन दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन उपाध्यक्ष मगन जैन रॉयल ग्रुप के अध्यक्ष अंकित जैन एवं जिले की लगभग 20 सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही । कार्यक्रम के पुण्यार्जक अरिहंत पायल जैन प्रेम चंद जैन, प्रेमी परिवार रहे। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल के द्वारा लगभग 500 लोगों के स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंघई ने किया एवं मंगलाचरण शिल्पा जैन द्वारा किया गया और रॉयल ग्रुप के मंत्री मयंक कोषाध्यक्ष आशीष एवं सभी सदस्यों द्वारा पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत तिलकवंदन कर किया गया। रक्तदान शिविर में सिविल हॉस्पिटल से आई हुई टीम का विशेष योगदान रहा, जिनके सदस्यों को ग्रुप के द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।



## इस्तकबाल एवं नाटक प्रोग्राम का आयोजन

**कटनी/ब्यूरो।** वक्फ बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष जनाब सरोवर भाई पटेल जावेद अख्तर महामंत्री का पीरबाबा कमेटी अध्यक्ष चुनाव तनवीर खान तन्नू भाई के जाने से इस्तकबाल एवं नाटक प्रोग्राम किया गया। जनाब तनवीर खान तन्नू भाई अजहरुद्दीन अज्जू भाई, हाजी हबीब गुड्डू भाई इरफान खान, हैप्पी भाई रफीक मोहम्मद, आरिफ भाई, खान तौसीफ भाई, सोनू भाई, फिरोज भाई, शाहरुख भाई, इमरान मंसूरी समस्त पीर बाबा कमेटी उपस्थिति रही।

## भारतीय जैन मिलन द्वारा महावीर जयंती पर महावीर जी मूवी दिखाई

**कटनी/ब्यूरो।** महावीर जन्मकल्याणक के उपलक्ष में जैन मिलन द्वारा आयोजित महावीर जी मूवी जैन बोर्डिंग में शाम 7 बजे दिखाई गई जिसमे समाज के लोगो ने विशेष रुचि दिखाई और संस्था की सराहना की इस अवसर पर मुख्य अतिथि जैन पंचायत अध्यक्ष संजय जैन को बनाया गयाएकार्यक्रम का संचालन दीपक जैन दीपू के मुखारबिंद से किया गया, कार्यक्रम का मंगलाचरण महिला मिलन अध्यक्ष वीरांगना स्वाति जैन एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। जैन मिलन संस्था के अध्यक्ष वीर अंकुर जैन गिफ्ट सेंटर ने बताया कि यह मूवी समाज में दिखाने का उद्देश्य जन जन तक भगवान श्री महावीर स्वामी के विचारो और उनके त्याग तपस्या को दिखाना था इस आयोजन में मंत्री वीर संचित जैन, कोषाध्यक्ष वीर मनीष जैन, वीर संजीव जैन, वीर राहुल जैन, वीर आकेत जैन, वीर राजेश जैन विनम्रद्ध, वीर वैभव जैन रहे।

## सनशाइन एकेडमी समदड़िया में पृथ्वी दिवस मनाया गया



कटनी/ब्यूरो

सनशाइन एकेडमी समदड़िया में पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी दिवस एक वार्षिक आयोजन है जिसे 22 अप्रैल को दुनिया भर में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित किया जाता है। इसकी स्थापना अमेरिकी सीनेटर जेराल्ड नेल्सन ने 1970 में एक पर्यावरण शिक्षा के रूप की थी। अध्यापकों के द्वारा छात्रों के लिए कई एक्टिविटीज का आयोजन किया गया। सेव वाटर सेव लाइफ और सेव अर्थ के द्वारा बच्चों को पृथ्वी और पेड़ पौधों की रक्षा का महत्व बताया गया ।पेड़ हमारे लिए अति आवश्यक है तथा हमारा जीवन इन्हीं पर आधारित है अर्थात बच्चों को इन एक्टिविटीज के माध्यम से प्रकृति की ओर प्रेरित किया गया। बच्चों को हमारी पृथ्वी को सुरक्षित और स्वच्छ रखने की और कदम उठाने के लिए उत्साहित किया गया। इस दिन को मनाने का अहम उद्देश्य पृथ्वी को सम्मान देना दिवस पृथ्वी दिवस जीवन संपदा बचाने के लिए पर्यावरण को ठीक रखने के बारे में जागरूक करता है। इस मौके पर श्रीमती जूही जैन के उपस्थिति बनी रही और उन्होंने बच्चों का मार्गदर्शन किया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को करवाई वेजिटेबल प्रिंटिंग एक्टिविटी

**कटनी/ब्यूरो।** गत दिवस दिल्ली पब्लिक स्कूल में नन्हे नन्हे विद्यार्थियों को करवाई गई वेजिटेबल प्रिंटिंग एक्टिविटी। जिसमे छात्रों ने सीखा कि मिश्रण करके अलग रंग कैसे बनाया जाता है। उन्होंने विभिन्न प्रकार की सब्जियों को पेंट में डुबाकर भी मनमोहक छाप छोड़ी। छात्रों ने प्याजए बीन्सए भिंडी आदि सब्जियों का उपयोग किया। इस गतिविधि ने छात्रों को रचनात्मक बनाया और हमें इतनी सारी मूल्यवान चीजें प्रदान करने के लिए प्रकृति की सराहना करना सिखाया। विद्यार्थी ने बड़े ही उत्साह व जोश के साथ इस एक्टिविटी में भाग लिया। इस दौरान विद्यालय की निर्देशिका श्रीमति जूही जैनए प्राचार्या श्रीमति सीमा दुबे एवं उपप्राचार्या श्रीमति शबनम अख्तर ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां करवाने का उद्देश्य बच्चों के बौद्धिक विकास में वृद्धि पैदा करना है।

# लोकमत परिष्कार हेतु चलाया मतदान जागरूकता अभियान




कटनी/ब्यूरो

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कटनी द्वारा लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव एवं लोकमत परिष्कार में जन जागरूकता की दृष्टि से विगत माह से जन जागरण अभियान विद्यार्थी, युवा, समाज के मध्य शत प्रतिशत मतदान हेतु आवाहित है। जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के माध्यम से महाविद्यालय परिसर में मतदान जागरुकता, जन जागरूकता रैली, मतदान हेतु प्रतियोगिता इत्यादि कार्यक्रम जिले के सभी तहसील स्तर पर चल रही है । इसी के अंतर्गत अभाविप द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर मतदाता जागरूकता के लिए स्ट्रीट प्ले के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । वही शत प्रतिशत मतदान के संदेश को लेकर राष्ट्र हेतु एक कदम, राष्ट्र प्रथम मतदान पहले का विषय लेकर मुख्य रेलवे स्टेशन से प्रारंभ होकर दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर से, रूई बाजार, होते हुए आजाद चौक होते हुए मिशन चौक मे रैली संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जन जागरण अभियान के जिला प्रभारी उमेश प्रताप ने बताया कि युवा देश की ताकत है हम सभी को मतदान हेतु अपने कदम बढ़ाना है साथ ही लोकमत परिष्कार में मतदान करना है। नगर उपाध्यक्ष अनिल गर्ग ने कहा की लोकतंत्र के निर्माण में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका है हम सब को अपना अपना कर्तव्य निभाना है और मतदान हेतु जाना है। सह मंत्री संजय कुशवाहा ने कार्यक्रम में आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी ने मतदान हेतु अपनी भूमिका निभाते हुए शपथ लिया एवं कार्यक्रम के सहभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। जिला संयोजक सीमांत दुबे, ऋषभ त्रिपाठी, श्रेया निगम,अवध पाण्डेय, मुकेश निगम, संदीप जैसवाल, समर्पण, व्योम, विनीत इत्यादि कार्यकर्ता एवं विद्यार्थी सम्मालित हुए।

# गुकेश ने इतिहास रचते हुए विश्व शतरंज का जीता खिताब



**टोरंटो, (वार्ता)** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में अमेरिकी शतरंज खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा के खिलाफ महत्वपूर्ण ड्रॉ खेलकर 14 में से नौ अंक हासिल कर विश्व शतरंज का खिताब जीत लिया है। इस जीत के साथ ही गुकेश 40 साल पहले महान गैरी कास्पारोव के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के चैलेंजर बन गए है। वह कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी बने। 17 वर्षीय गुकेश ने 14वें और अंतिम राउंड में अमेरिकी हिकारू नाकामुरा के साथ आसान ड्रॉ खेला तथा टूर्नामेंट को 14 में से नौ अंकों के साथ समाप्त किया। निर्णायक अंतिम दौर में, गुकेश ने काले मोहरों से नाकामुरा को बराबरी पर रोककर भव्य मंच के लिए अपनी तैयारी दिखाई। क्वीन्स गैम्बिट एक्सेप्टेड में नाकामुरा के प्रयासों के बावजूद, गुकेश ने नियंत्रण बनाए रखा, अंततः जीत हासिल की। खिताब जीतने के बाद गुकेश ने कहा, बहुत राहत महसूस कर रहा हूं और बहुत खुश हूं। मैं यह मजेदार खेल (फाबियो कारूआना और इयान नेपोमनियातची) को फॉलो कर रहा था और फिर मैं अपने दूसरे (ग्रेगोर्ज गेजवीस?की) के साथ टहलने गया। मेरे ख्याल से इससे मदद मिली।

## सफलता पर पीएम मोदी ने दी बधाई



टोरंटो में प्रतिष्ठित कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर अपना नाम इतिहास में दर्ज कराने वाले ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पीएम मोदी ने दी बधाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें भावी विश्व चैंपियन बताया है। बता दें कि, गुकेश ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा से आखिरी दौर में ड्रॉ खेलकर टूर्नामेंट जीता और 17 वर्ष की उम्र में सबसे युवा विश्व चैलेंजर भी बन गए। वह यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जीतने वाले विश्वनाथन आनंद के बाद दूसरे भारतीय बन गए। पांच बार के विश्व चैम्पियन आनंद ने 2014 में खिताब जीता था। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि, भारत को फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने डी गुकेश पर गर्व है। उन्होंने गुकेश की तस्वीर साथ में पोस्ट करते हुए लिखा कि, टोरंटो में हुए टूर्नामेंट में गुकेश की शानदार उपलब्धि उनकी असाधारण प्रतिभा और समर्पण की द्योतक है। उनके असाधारण प्रदर्शन और शीर्ष तक के सफर से लाखों को प्रेरणा मिलेगी। वहीं विश्वनाथनआनंद ने एक्स पर लिखा कि, डी गुकेश को सबसे युवा चैलेंजर बनने पर बधाई। आपकी उपलब्धि पर गर्व है। मुझे निजी तौर पर तुम पर बहुत गर्व है जिस तरह से तुमने कठिन हालात में खेला। इस पल का मजा लो। चैम्पियन क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लिखा कि, क्या शानदार जीत। सत्रह बरस की उम्र में फिडे कैंडिडेट्स जीतने वाला सबसे युवा खिलाड़ी। यहां से अब विश्व चैम्पियनशिप का सफर और हर कदम पर हम तुम्हारे साथ हैं। जाओ इतिहास रच दो। इंग्लैंड के ग्रैंडमास्टर डेविड होवेल ने कहा कि गुकेश के खिलाफ पहला मुकाबला खेलने के बाद ही उन्हें पता चल गया था कि अपार प्रतिभा का धनी यह खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां अर्जित करेगा। उन्होंने लिखा कि, गुकेश को कैंडिडेट्स जीतने पर बधाई।



# युकी भांबरी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस में जीता युगल खिताब

**म्यूनिख (वार्ता)**

भारत के युकी भांबरी और फ्रांस के अल्बानो ओलिवेटी जोड़ी ने बीएमडब्ल्यू ओपन 2024 टेनिस टूर्नामेंट में युगल खिताब जीत लिया है। जर्मनी के म्यूनिख में रविवार को गैरवरीयता प्राप्त भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने जर्मन एंड्रियास मिज और जान-लेनार्ड स्ट्रफ की जोड़ी को एक घंटे 51 मिनट में तक चले फाइनल मुकाबले में 7-6(6), 7-6(5) से हराया। इंडो-फ्रेंच जोड़ी का पहला खिताब है। इससे पहले सेमीफाइनल में भांबरी-ओलिवेट्टी ने ऑस्ट्रिया के अलेक्जेंडर एर्लर और लुकास मीडलर को 6-1, 6-7(5), 10-7 से हराया और क्वार्टरफाइनल में उन्होंने अमेरिकी जोड़ी रॉबर्ट गैलोवे और इवान किंग को 6-3, 6-3 से पराजित किया था। शुरुआती दौर में, भांबरी-ओलिवेट्टी की जोड़ी ने बेल्जियम की तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी सैंडर गिल और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 95 मिनट तक चले मुकाबले में 4-6, 7-6(5),10-6 से हराया था। ऐसा माना जा रहा है कि इस जीत से 31 वर्षीय भांबरी पुरुष युगल टेनिस रैंकिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग 56वें स्थान पर पहुंच जाएंगे। इस जीत के साथ ही युकी भांबरी को बवेरियन इंटरनेशनल टेनिस चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय टेनिस खिलाड़ी बन गये है। भारतीय टेनिस खिलाड़ी का एटीपी टूर पर दूसरा खिताब है।



# बर्लिन में आखिरी बार लीवर कप में खेलेंगे नडाल

**नई दिल्ली।** महान टेनिस खिलाड़ी रफेल नडाल ने सोमवार को कहा कि वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप में खेलेंगे जो 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के आखिरी टूर्नामेंटों में से एक हो सकता है। नडाल ने संकेत दिया है कि 2024 एटीपी टूर पर उनका आखिरी साल हो सकता है। उन्होंने पिछले हफ्ते बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका आखिरी मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में 12 बार खिताब जता। नडाल ने बयान में कहा, ''अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिकतम लाभ उठाना चाहता हूं।'' स्पेन का यह 37 वर्षीय सुपरस्टार लंबे समय से चोटों से जूझ रहा है और उन्होंने इस साल सिर्फ पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं, तीन जनवरी में ब्रिसबेन में और दो पिछले हफ्ते बार्सीलोना में। इस साल 20-22 सितंबर तक आयोजित होने वाला लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है ।

# अपने गढ़ में लखनऊ से बदला चुकता करने उतरेगी चेन्नई

नई दिल्ली। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स अपने गढ़ चेपॉक स्टेडियम पर मंगलवार को लखनऊ सुपर किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका इरादा पिछली हार का बदला चुकता करने के साथ अंकतालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने का भी होगा। पिछली बार दोनों टीमों का सामना पिछले सप्ताह लखनऊ में हुआ था। केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक ने पहले विकेट के लिये रिकॉर्ड साझेदारी की थी जिसके दम पर लखनऊ ने जीत दर्ज की। दोनों टीमों के सात मैचों में आठ अंक हैं। चेन्नई सुपर किंग्स का अभेद्य किला रहा है चेपॉक और अब उसे यहां लगातार तीन मैच खेलने हैं। दूसरे मैदान पर हारने के बाद अब उनकी नजरें अपने घर पर तीनों मैच जीतकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने पर लगी होंगी। चेन्नई के लिये कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और शिवम दुबे ने अधिकांश रन बनाये हैं। लखनऊ के खिलाफ उनके नाकाम रहने से चेन्नई को



अच्छी शुरूआत नहीं मिल सकी और बीच के ओवरों में टीम जूझती नजर आई। सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का फॉर्म चिंता का विषय है।

चेन्नई ने अजिंक्य रहाणे को पारी का आगाज करने भेजा जिसकी वजह से गायकवाड़ तीसरे नंबर पर उतरे। सलामी बल्लेबाज के तौर पर तीन अर्धशतक जमाने के बाद गायकवाड़ के सामने यह दुविधा होगी कि वह तीसरे नंबर पर खेलें या फिर से पारी का आगाज करें। रविंद्र जडेजा भी अर्धशतक जड़ चुके हैं जिससे मोईन अली और महेंद्र सिंह धोनी को आखिरी ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी का मौका मिला। चेन्नई को उम्मीद होगी कि उसका शीर्षक्रम एक बार फिर रन बंटोरकर बड़े स्कोर की नींव रखेगा। चेन्नई के गेंदबाजों में मथीषा पथिराना सर्वश्रेष्ठ रहे हैं लेकिन तेज गेंदबाजों दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुस्ताफिजूर रहमान से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। बायें हाथ के स्पिनर जडेजा को गेंदबाजी में बेहतर करना होगा। लखनऊ के लिये बल्लेबाजी चिंता का सबब है लेकिन उन्होंने साबित कर दिया है कि शीर्षक्रम के चलने पर वे क्या कर सकते हैं। राहुल और डिकॉक फॉर्म में हैं और उन्हीं पर यहां सबसे ज्यादा रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। निकोलस पूरन ने जरूरत पड़ने पर हमेशा रन बनाये हैं और लखनऊ की उम्मीदें उन पर भी टिकी होंगी। गेंदबाजी में लखनऊ को युवा तेज गेंदबाजी सनसनी मयंक यादव की वापसी की उम्मीद होगी जो पेट के निचले हिस्से में खिंचाव के कारण दो मैचों में बाहर रहे। तेज गेंदबाज मोहसिन खान और यश ठाकुर ने चेन्नई को कम स्कोर पर रोकने की कोशिश की लेकिन आखिरी ओवरों में धोनी के बल्ले से निकले आतिश को नहीं रोक सके। मैट हेनरी को लखनऊ के लिये पदार्पण पर विकेट नहीं मिल सके और वे खुद को साबित करना चाहते होंगे। स्पिन गेंदबाजी में कृणाल पंड्या के दो विकेट बीच के ओवरों में काफी अहम रहे। एक बार फिर उन पर और युवा रवि बिश्नोई पर बीच के ओवरों में चेन्नई पर दबाव बनाने का दारोमदार होगा।

**लखनऊ सुपर जाइंट्स:** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।


**चेन्नई सुपरकिंग्स:** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

# शक्कर में तेजी,तेलों में नरमी, दालें महंगी

**इंदौर (वार्ता)।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में तेजी रही। खाद्य तेलों में भाव कमी दर्ज की गई। कारोबार में सोयाबीन रिफाइंड सस्ता होकर बिका। तिलहन में उठाव बना रहा। दलहन मजबूत बताए गए। दालें महंगी बिकी। चावल में उठाव सामान्य वत बना रहा। सियागंज किराना बाजार में शक्कर में खरीदी से भाव उछाल लिए रहे। आज शक्कर में 40 रुपये बढ़े। शक्कर में 04 गाड़ी की आवक हुई। खोपरा गोला लिवाली से बना रहा। साबूदाना, खोपरा बूरा में मांग साधारण बताई गई। खाद्य तेलों में मंदा दर्ज किया गया। सोयाबीन रिफाइंड सस्ता बिका।आने वाले दिनों में खाद्य तेलों में लिवाली सुधार की



संभावना है। तिलहनों में कामकाज पूर्व स्तर पर थमा रहा। दलहनों में मजबूती दर्ज की गई। आज चना कांटा महंगा होकर बिका। दालों में मजबूती बताई गई। चावल में मांग सुधार लिए रही।शक्कर 3960 से 4000 रुपये प्रति क्विंटल। खोपरा गोला 114 से 125 रुपये प्रति किलोग्राम। खोपरा बूरा 2550 से 4600 रुपये प्रति 15 किलोग्राम। हल्दी खडी 175 से 275 रुपये प्रति किलोग्राम। साबूदाना 6200 से 6800, पैकिंग में 7100 से 7200 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों निमाड़ी 5500 से 5600, सोयाबीन 4600 से 4650 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल इंदौर 1510 से 1520, सोयाबीन रिफाइंड इंदौर 940 से 945 साल्वेंट 890 से 895, पाम तेल 990 से 995 रुपये प्रति 10 किलो। चना (कांटा) 6100 से 6125, चना विशाल 5800 से 5925, मसूर 5950 से 6000, तुअर निमाड़ी 9800 से 11200, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 11500 से 11700, तुअर (कर्नाटक) 11600 से 11800, मूंग 8700 से 9000, मूंग हल्की 7000 से 8000, उड़द 8800 से 9200, उड़द हल्की 3000 से 5000 रुपये प्रति क्विंटल। चना दाल 7900 से 8400, तुअर दाल सवा नंबर 15200 से 15300, तुअर दाल फूल 16200 से 16300, तुअर दाल बोल्ड 17100 से 17200।




## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# एयरटेल का किफ़ायती इंटरनेशनल रोमिंग पैक

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर भारती एयरटेल ने विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए आज किफ़ायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ 133 रुपये प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफी किफ़ायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन पैक के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है। उसने कहा कि इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है। उन्हें केवल अपने यात्रा की अवधि चुननी होगी और एक ही पैक के माध्यम से वे दुनिया में कहीं भी बिना किसी रुकावट के कनेक्टिविटी का आनंद ले सकते हैं।

## गजानन एस काले टाटा पावर-डीडीएल के सीईओ नियुक्त

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** उत्तरी दिल्ली में 70 लाख की आबादी को बिजली सप्लाई करने वाली पावर यूटिलिटी कंपनी टाटा पावर-डीडीएल ने आज श्री गजानन एस काले को अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि उनकी नियुक्ति 19 अप्रैल, 2024 से प्रभावी हो गई है। श्री काले की नियुक्ति के बारे में टाटा पावर के सीईओ एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) डॉ प्रवीर सिन्हा ने कहा, मैं श्री गजानन का टाटा पावर-डीडीएल के नए सीईओ के तौर पर स्वागत करता हूं।

## जियो प्लेटफार्म्स का मार्च तिमाही का शुद्ध लाभ बढ़ा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** मुकेश अंबानी के नेतृत्व वाले रिलायंस समूह की टेलीकॉम इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स लिमिटेड (जेपीएल) का वर्ष 2023-24 की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ वार्षिक आधार पर 12.53 प्रतिशत बढ़ कर 5307 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 4716 करोड़ रुपये था। कंपनी के सोमवार को जारी तिमाही परिणामों के अनुसार के तिमाही-दर-तिमाही आधार पर शुद्ध लाभ में 3.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। दिसंबर,2023 में समाप्त तीसरी तिमाही में कंपनी को 5143 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की चौथी तिमाही में सेवाओं से आय 30,541 करोड़ रुपये रही, जो वार्षिक आधार पर 10.90 प्रतिशत और तिमाही दर तिमाही आधार पर 2.3 प्रतिशत ऊंची है। जियो प्लेटफॉर्म्स ने पिछले वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में सेवाओं के कारोबार से 29,853 करोड़ रुपये और एक वर्ष पहले इसी तिमाही में इस मद में 27539 करोड़ रुपये की आय दिखायी थी। कंपनी का कर्ज चुकाने का खर्च तिमाही दर तिमाही हल्का घट कर मार्च तिमाही में 1004 करोड़ रुपये रहा। दिसंबर तिमाही में कर्ज की लागत 1016 करोड़ रुपये और मार्च 2023 की तिमाही में 1006 करोड़ रुपये थी।

# चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार गुलजार

**मुंबई (वार्ता)।** निवेशकों का फोकस इजराइल-ईरान तनाव से हटकर इस सप्ताह कंपनियों के जारी होने वाले परिणाम पर शिफ्ट होने से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गुलजार रहा। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 560.29 अंक अर्थात 0.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 73,648.62 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेज (एनएसई) का निफ्टी 189.40 अंक अर्थात 0.86 प्रतिशत उछलकर 22,336.40 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 0.93 प्रतिशत मजबूत होकर 40,374.85 अंक और स्मॉलकैप 1.26 प्रतिशत चढ़कर 46,008.20 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4057 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2620 में लिवाली जबकि 1284 में बिकवाली हुई वहीं 153 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 44 कंपनियों में तेजी जबकि पांच में गिरावट रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में यूटिलिटीज की 0.07 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इससे कमोडिटीज 0.73, सीडी 1.02, ऊर्जा 0.68, एफएमसीजी 0.97, वित्तीय सेवाएं 1.04, हेल्थकेयर 1.05, इंडस्ट्रियल्स 1.93, आईटी 0.59, दूरसंचार 1.17, ऑटो 0.93,



बैंकिंग 0.93, कैपिटल गुड्स 1.65, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.53, धातु 0.25, तेल एवं गैस 0.94, पावर 0.36, रियल्टी 0.71, टेक 0.80 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.53 प्रतिशत चढ़ गए। अंतर्राष्टीय स्तर पर बाजार का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 1.38, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 1.00, हांगकांग का हैंगसेंग 1.77 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी 1.45 प्रतिशत उछल गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.67 प्रतिशत की गिरावट रही।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 578 अंक की तेजी के साथ 73,666.51 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद 73,227.32 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 73,767.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 73,088.33 अंक के मुकाबले 0.77 प्रतिशत उछलकर 73,648.62 अंक हो गया। इसी तरह निफ्टी 190 अंक की मजबूती के साथ 22,336.90 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,198.15 अंक के निचले जबकि 22,375.65 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,147.00 अंक की तुलना में 0.86 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,336.40 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें एलटी 2.67, एक्सिस बैंक 2.38, बजाज फाइनेंस 2.36, अल्ट्रासिमको 2.09, विप्रो 2.01, एसबीआई 2.00, आईसीआईसीआई बैंक 1.93, एचसीएल टेक 1.56, इंफ़ोसिस 1.48, टेक महिंद्रा 1.37, सन फार्मा 1.30, एशियन पेंट 1.27, टाटा मोटर्स 1.07, टीसीएस 0.99, टाइटन 0.98, भारती एयरटेल 0.86, पावरग्रिड 0.66, रिलायंस 0.65, मारुति 0.63, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.46, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.38 और आईटीसी 0.11 प्रतिशत शामिल है। वहीं, एनटीपीसी 2.24, एचडीएफसी बैंक 1.24, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.17, इंडसइंड बैंक 0.46 और टाटा स्टील के शेयर 0.15 प्रतिशत के नुकसान में रहे।

# 21 दिन, छह दौरे और सागर पर फोकस...

## मध्य प्रदेश पर इतना जोर क्यों दे रहे मोदी ?




**भोपाल।** मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धुआंधार दौरे कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छह दौरे अभी तक प्रस्तावित हैं। वह चार बार मध्य प्रदेश लोकसभा चुनाव को लेकर आ चुके हैं। 24-25 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से मध्य प्रदेश आ रहे हैं। 24 अप्रैल को भोपाल में उनका रोड शो है। साथ ही सागर और बैतूल में भी रैली करेंगे। वहीं, 25 अप्रैल को भी प्रधानमंत्री की मुरैना में भी जनसभा प्रस्तावित है।

### सागर पर विशेष फोकस क्यों?

तीन लोकसभा चुनाव और एक विधानसभा चुनाव को मिला लिया जाए तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार चौथी बार सागर की धरती पर प्रचार करते दिखेंगे। वे 2014, 2019 के लोकसभा चुनाव, 2023 के विधानसभा चुनाव में यहां सभा कर चुके हैं। अब 2024 के इस चुनाव में 24 अप्रैल को जनसभा करेंगे। भाजपा ने यहां से महिला प्रत्याशी डॉ. लता वानखेड़े को टिकट दिया है, वे पहली बार चुनावी मैदान में हैं। 2023 के विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी संत रविदास मंदिर की नींव रखने सागर के बड़तूमा आए थे। यहीं सौ करोड़ रुपए की लागत से संत रविदास मंदिर बन रहा है। अब फिर मोदी इसी बड़तूमा में होंगे। दरअसल, बुंदेलखंड के अनुसूचित वर्ग में बहुजन समाज पार्टी का खासा प्रभाव है। अब भाजपा, इस वर्ग को अपने पक्ष में करना चाहती है।

### एक तीर से 4 निशाने

बुंदेलखंड क्षेत्र अनुसूचित जाति (एससी) बाहुल्य इलाका है। यहां करीब 23 प्रतिशत एससी मतदाता हैं। यहां की 26 विधानसभा सीटों में से छह सीटें एससी के लिए आरक्षित हैं। जबकि राज्य की 04 लोकसभा सीटें एससी वर्ग के लिए रिजर्व है। बुंदेलखंड में सागर, टीकमगढ़, दमोह और खजुराहो संसदीय सीट भी आतीं हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री सागर से एक तीर से 4 निशाना साधेंगे।

### प्रदेश में करेंगे क्लीन स्वीप : यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज कहा कि मध्यप्रदेश क्लीन स्वीप की ओर जा रहा है और भारतीय जनता पार्टी यहां की सभी 29 सीटें जीतने जा रही है। डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि धीरे-धीरे चुनाव चरम पर पहुँच रहा है। भारतीय जनता पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव में दिनों दिन उत्साह उमंग के साथ लगती आ रही है। इसी में तीसरे और चौथे चरण के नामांकन का आखिरी दौर चालू हो गया है। जिस उमंग और उत्साह के साथ जनता का प्रतिसाद मिल रहा है, वो देखने लायक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो वर्तमान का समय चल रहा है वो उत्साह और उमंग बढ़ाने वाला है। हमने संकल्प लिया है कि सभी 29 सीटें जीतेंगे। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस की मजबूत मानी जाने वाली छिंदवाड़ा सीट भी इस बार भाजपा जीतेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने मेहनत की और जनता ने भाजपा पर भरोसा जताया है। हम अपने पूरे प्रदेश को एक तरह से क्लीन स्वीप की तरफ ले जा रहे हैं।



# आज मनाई जाएगी हनुमान जयंती

**हटा।** बुंदेलखंड की काशी हटा में हनुमान जयंती आज धूमधाम से मनाई जाएगी। नगर के हनुमान मंदिरों में पूजन आरती के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी होगा। नगर के सुप्रसिद्ध चण्डी जी मन्दिर स्थित हनुमान मंदिर में महिला मंडल द्वारा दोपहर 2 बजे से संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ हनुमान जी की जयंती भी बनाई जाएगी। जय जय सरकार अजबश्री रामायण मण्डल द्वारा भी मन्दिर परिसर में शाम 4 बजे सुंदरकांड पाठ अयोजन किया जाएगा। प्रमुख आयोजन मद्दी के बगीचा हनुमान मंदिर में पूर्व के वर्षो की भांति आयोजित है। सुबह से हवन पूजन होगा आरती के साथ भण्डारे का आयोजन होगा। सायंकाल हनुमान जी की विशाल शोभायात्रा नगर में निकाली जाएगी जिसकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मंदिर की व्यवस्था से जुड़े पूर्व पार्षद ब्रजेश गुप्ता ने सभी हनुमान भक्तों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### होंगे धार्मिक आयोजन

# धार में झमाझम बारिश के साथ गिरे ओले

## भयंकर गर्मी के बीच लोगों को मिली राहत, फसलों का नुकसान



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के कई जिलों में मौसम ने करवट ली है। इंदौर, रायसेन और धार सहित कई जिलों में बारिश की खबर है। धार में बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के 17 जिलों में बारिश और ओलावृष्टि को लेकर अलर्ट जारी किया है। इंदौर धार और भोपाल में सुबह से ही मौसम बदला हुआ है। मौसम सुहाना होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। बेमौसम हुई बारिश से कई जगह फसलों के नुकसान होने की भी खबर सामने आई है।धार में गर्मी की तपिश के बीच आसमानी ओले गिरने से मौसम में ठंडक घुल गई। शहर में चने के आकार के ओले गिरे हैं, हालांकि बारिश 15 मिनट ही हुई हैं, जिसमें करीब 6 मिनट तक ओले गिरते नजर आए है। बारिश की वजह से तापमान में भी गिरावट देखने को मिली है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण प्रदेश का मौसम बदल रहा है और आने वाले दो-तीन दिन तक यह बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने सोमवार और मंगलवार को भी प्रदेश के 17 से ज्यादा जिलों में आंधी, तूफान, ओलावृष्टि और बारिश होने की चेतावनी जारी की है। 25 अप्रैल से तेज गर्मी पड़ेगी। वहीं उमस का असर भी दिखाई देगा। वर्तमान में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव है। इस वजह से बूंदाबांदी और आंधी का दौर है। हालांकि इंदौर में अभी इसका खास असर नहीं है।

# हटा पुलिस ने सीआरपीएफ की कंपनी के साथ किया पैदल मार्च



**हटा।** लोकसभा चुनावों के मतदान के लिए अब चार दिन शेष बचे है निष्पक्ष निर्भीक और शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस द्वारा भी लगातार नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रो में सघन चौकसी बरती जा रही है। हटा पुलिस के सहयोग के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की एक कंपनी उपलब्ध कराई गई है जिसमें 90 सशस्त्र सुरक्षा सैनिक अधिकारी शांतिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केंद्रों पर तैनात रहेंगे। नगर निरिक्षक मनीष कुमार ने हटा थाना पुलिस बल के साथ नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल मार्च कर सुरक्षा का संदेश दिया ताकि मतदाता निर्भीक होकर अपना मतदान कर सकें।

## कल गौरीशंकर तिराहे से निकलेगी हनुमान जी की शोभायात्रा

**दमोह।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 23 अप्रैल मंगलवार को शाम 6:30 बजे गौरीशंकर चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर से शोभायात्रा का आयोजन किया जाना है। यह शोभायात्रा गौरीशंकर चौराहे से प्रारंभ होकर महाकाली चौराहा, बड़ापुल, धगट चौराहा, घंटाघर, सराफा बाजार, टॉकीज चौराहा, पुराना थाना, सिटीनल से होते हुए वापस गौरीशंकर चौराहे पर स्थित श्री हनुमान मंदिर में विसर्जित होगी। कार्यक्रम में झांकियां गाजेबाजे के साथ निकलेगी। गौरीशंकर चौराहे पर श्री हनुमान मंदिर में सम्मिलित होने भक्तगण बड़ी मात्रा में फुटेरा वार्ड 1 गडरयाउ से पठानी मुहल्ला होते हुए शोभायात्रा में शामिल होने आएंगे।

# स्कूली छात्रों ने मतदान अपील



हटा। निर्वाचन आयोग मतदान का प्रतिशत बढ़ाने स्वीप प्लान के अंतर्गत प्रतिदिन ही नित नए जतन कर रहा है। दमोह लोकसभा चुनावों में भी आयोग के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर सुधीर कोचर समूचे जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे हैं, उनके नेतृत्व में शासकीय अमला भी मतदाता जागरूकता अभियान चला रहे है। इसी क्रम में संकुईया की शासकीय नवीन माध्यमिक शाला के छात्रों शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता के स्लोगन लिखे पोस्टर बेनर तख्तियां लेकर ग्राम में भ्रमण कियाएमतदाताओं में जागरूकता लाने नारेबाजी की एवं आगामी 26 अप्रैल को घर निकलकर भरपूर मतदान की अपील की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं मालती, दमयंती, खुशी, नेहा, कविता, वर्षा, शालिनी, मानवी पुष्पा, शिक्षक मनोज नामदेव, मुकेश रैकवार आदि ने उपस्थिति दर्ज की।

## दिग्विजय सिंह के दामाद का कैंसर से देहांत

**भोपाल (वार्ता)।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी और पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के दामाद का कैंसर से निधन हो गया। श्री सिंह ने स्वयं इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने बताया, कल रात मेरे बड़े दामाद राजा रत्नाकर सिंह रामनगर का दुखद देहांत हो गया। 61 वर्ष के रत्नाकर लगभग एक साल से कैंसर से पीड़ित थे। उनके अंतिम संस्कार के लिए मैं लखनऊ में हूं। इस दुख की घड़ी में चुनाव प्रचार को विराम देकर मैं मेरी बेटी मृणालिनी और परिवारवालों के साथ हूँ। इसी बीच श्री सिंह के कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार श्री सिंह के आज के पूर्व निर्धारित समस्त कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए है। श्री सिंह राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी हैं। राजगढ़ में आगामी सात मई को मतदान होना है।

## विष्णुदत्त ने जैन मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद लिया

**पन्ना (वार्ता)** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने आज यहाँ भगवान महावीर की जंयती पर जैन मंदिर पहुँचकर पूजन - अर्चन कर आशीर्वाद लिया। श्री शर्मा ने भगवान महावीर जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या को समर्पित भगवान महावीर का जीवन दर्शन हमें सदैव मानवता की सेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला अध्यक्ष ब्रजेन्द्र मिश्रा, सदानंद गौतम एवं विधायक अभिलाष पांडे उपस्थित रहे।

# अधिक से अधिक संख्या में मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनायाः कोचर

## मतदान करने दिलाई गई शपथ







**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुक्रम में 07 दमोह संसदीय क्षेत्र के लिये मतदान 26 अप्रैल को होगा। इसी उद्देश्य को लेकर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम और रैलियां आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जिले के ग्राम फुटेराकलां में कलेक्टर श्री कोचर ने मतदाता जागरूकता रैली में भाग लिया और ग्रामवासियों से मतदान करने की अपील की। रैली में युवा और ग्रामीणजन शामिल हुए। रैली के माध्यम से सभी से यह अपील की गई कि सभी लोग मतदान के दिन अधिक से अधिक संख्या में अपने घर से निकलें और अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने फुटेरा ग्राम हृदय स्थल पर ग्राम के नागरिकों को मतदान करने संबंधी शपथ दिलाई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा मतदान में लगभग 5 दिन शेष है। दमोह का जैसा इतिहास रहा है, पिछली बार विधानसभा निर्वाचन में 77 प्रतिशत मतदान हुआ था, हम इस मतदान के प्रतिशत को लगातार बढ़ाना चाहते है, यह कोशिश है कि शत प्रतिशत मतदान हो। इस उद्देश्य से जगह-जगह मतदाता जागरूकता रैलियों का और अन्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। फुटेराकलां में यह आयोजन था जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने ग्राम के हृदय स्थल पर बैठकर नागरिकों तथा जो पहली बार वोट देने वाले है उनके साथए बुजुर्ग महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं के साथ संवाद किया।

उन्होंने कहा मुझे खुशी है कि फुटेरा कलां के निवासियों ने इस अभियान में पूरे जोश और उत्साह के साथ अपना सहयोग दिया और बड़ी संख्या में लोग यहां उपस्थित हुए। उन्होंने सभी मतदाताओं से आग्रह करते हुये कहा सभी लोग वोट डालने के लिये 26 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से लेकर शाम को 6 बजे तक अवश्य आयें। दिव्यांग मतदाताओं और बुजुर्ग मतदाताओं के लिये विशेष व्यवस्थाएं की गई है, विशेष सुविधाएं दी गई है। सभी दिव्यांग मतदाता सक्षम एप डाउनलोड करें जिसके माध्यम से ट्रांसपोटेशन, व्हीलचेयर और वालेंटियर की सेवा प्राप्त की जा सकेगी। सभी मतदान केन्द्रों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करने का काम भी किया है। गर्मी ज्यादा है इसलिये सभी मतदान केन्द्रों पर पानी और टेन्ट की व्यवस्था भी की जा रही है ताकि छाया बनी रहे और मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

उन्होंने कहा मेरा विशेष आग्रह दो प्रकार के वोटर्स से है, एक तो वे वोटर्स जो कि बाहर काम करते है दिल्ली, गुड़गांव, हैदराबाद, उड़ीसा एवं अन्य स्थानों पर काम करते है, वे यहां आये हुये है, वोट डालने तक यहीं रूके और अपने मताधिकार का उपयोग करने के बाद ही दमोह जिले से, फुटेरा कलां से प्रस्थान करें और जो लोग यहां नहीं हैए वे हो सकता है 18 साल से ऊपर के हो लेकिन वे युवा हो किसी दूसरे शहर में पड़ते हों, नौकरी करते हो, काम करते हों, मेरा उन सभी से आग्रह है जैसे त्यौहारों पर अपने घर आते है, वैसे ही मतदान के राष्ट्रीय त्यौहार के दिन अपने घर आये और मताधिकार का उपयोग करके ही प्रस्थान करें। पूरा शहर मतदान के लिये उमड़ पड़े, पूरा गांव उमड़ पड़े और हम लोग अधिक से अधिक संख्या में मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनायें इस चुनाव पर पूरे विश्व की निगाहें है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य और अधिकार है कि हम मताधिकार का प्रयोग करें।


**नाम सुधार सूचना**

मैं निशा डेनियल (Nisha Daniel) उम्र 56 वर्ष पति संजय डेनियल निवासी रतिका स्टूडियो, सी.एम.एस. चर्च कम्पाऊन्ड घमापुर, यह कि मेरा नाम मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश निशा डेनियल के स्थान पर निशा डेन्टल (Nisha Dantel) दर्ज हो गया है जो कि गलत नाम है मेरा सही नाम निशा डेनियल है (Nisha Daniel) जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य शासकीय दस्तावेजों में दर्ज है अतः सुधारकर निशा डेन्टल की जगह मेरा सही नाम निशा डेनियल (Nisha Daniel) दर्ज किया जावे एवं मुझे निशा डेनियल (Nisha Daniel) नाम से ही जाना पहचाना व पढ़ा-लिखा जावे।

सही नाम
निशा डेनियल
Nisha Daniel

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर**
क्रमांक-अधी.यंत्री/कालोनी रोल/2024-25/14 दिनांक 15/04/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम खशा न.बं. 400 प.ह.नं. 77 बहरा नं. 19/1, 20/2, 21/2, 22/1, कुल रकबा 2.629 हेक्टेयर (26290 वर्गमीटर) में से 2.274 हेक्टेयर भूमि पर आवासीय भूखण्डीय विकास (आईडियल एवेन्यू) हेतु विकासकर्ता/कालोनाईजर मेसर्स आईडियल प्रापर्टीज द्वारा पार्टनर श्री विश्वमोहन पिता श्री चंद्रमोहन कालोनाईजर निवासी 191 कोतवाली वार्ड, जबलपुर द्वारा कालोनी विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के विरुद्ध भूखंड क्रमांक 60 से 70 तक, 79 से 81 तक कुत 14 भूखण्ड क्षेत्रफल 1700.82 वर्गमीटर नगर निगम जबलपुर में बंधक रखे गए है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।

अधीक्षण यंत्री
कालोनी सेल
नगर निगम, जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल द्वारा निर्मित धनवंतरी नगर जबलपुर स्थित भवन क्र. एल.आई.जी. 35 श्री हीरा लाल तिवारी पिता स्व. श्री परमेश्वर दीन तिवारी को आंवटित है एवं दिनांक 29.04.2006 को विक्रय विलेख निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन के आवंटी श्री हीरा लाल तिवारी पिता स्व. श्री परमेश्वर दीन तिवारी की मृत्यु दिनांक 13.02.2024 एवं उनकी पत्नि का मृत्यु दिनांक 25.06.2011 को हो गयी है। श्री हीरा लाल तिवारी पिता स्व. श्री परमेश्वर दीन तिवारी द्वारा वसीयत नामा दिनांक 31. 01.2024 में श्री सुरेश कुमार तिवारी पिता स्व. श्री हीरा लाल तिवारी को नामिनी नियुक्त किया गया था। अतः उक्त संपत्ति में वसीयत के आधार पर नामांतरण श्री सुरेश कुमार तिवारी पिता स्व. श्री हीरा लाल तिवारी का नाम करने हेतु आवेदन संलग्न दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं, उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भवन नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भूखण्ड लीज नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक जूनियर एल.आई.जी. 76 श्रीमति विनीता गुप्ता पति श्री रामगोपाल गुप्ता एवं श्री शुभम गुप्ता पिता श्री रामगोपाल गुप्ता के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 22.05.2020 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन क्रमांक जूनियर एल.आई.जी. 76 श्रीमति विनीता गुप्ता पति श्री रामगोपाल गुप्ता एवं श्री शुभम गुप्ता पिता श्री रामगोपाल गुप्ता ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 04.06.2021 के माध्यम से श्री इन्द्रजीत रजक पिता श्री मनोज कुमार रजक एवं श्री विश्वजीत रजक पिता श्री मनोज कुमार रजक को विक्रय किया है। श्री इन्द्रजीत रजक पिता श्री मनोज कुमार रजक एवं श्री विश्वजीत रजक पिता श्री मनोज कुमार रजक द्वारा उक्त भवन क्रमांक जूनियर एल.आई.जी. 76 उनके नाम लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु दस्तावेज/ आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण / नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण / नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगा।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 16 नया संभाग नगर निगम जबलपुर (म.प्र.)**
क्रमांक/ सं.अधि./16/2023-24
जबलपुर दिनांक 22.4.2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद अहमद खान पिता अब्दुल रज़्ज़ाक खान भवन क्र. खसरा नं. 124/1/6 का भाग वार्ड रविन्द्र नाथ टैगोर प्लाट 600 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. खसरा नं. 124/1/6 का भाग पर नामांतरँण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 16 में समस्त प्रपत्रों सहित प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्र. 16
नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/22-23
दिनांक 22/4/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रूही चौहान पति नीरज कुमार चौहान ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भवन क्रमांक 265/1 हनुमान टोरिया सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000447419 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 437 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 437 व.फु. आर सीसी विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती बबीता रजक पति कुलदीप रजक का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/22-23
दिनांक 22/4/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शाहीन फातिमा पुत्री इमामुद्दीन खान पति शेख बसीम ने वार्ड क्रमांक 54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू के भवन क्रमांक 03 बीएचके-एफ-1/ ब्लाक बी सत्यमेव जयते परिसर तह, चौक सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000429783 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित प्रथम तल 1060 व.फु. आरसीसी दानपत्र/ विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री राजकुमार पांडे पिता स्व. श्री बी.पी. पाण्डे का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**सरनेम सुधार सूचना**

ABDUL TAIYAB MUNEEM पिता HAKIMUDDIN MUNIM, निवासी म.नं. 133 कोतवाली बाजार, सरदार बल्लभ भाई पटेल वार्ड, हनुमानताल, जबलपुर शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि :- 1.यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं। 2. मेरा पासपोर्ट नं. M4925161 जारी दिनांक 29/12/2014 वैधता दिनांक 28/12/2024 में मेरा नाम ABDUL TAIYAB MUNIM पिता HAKIMUDDIN MUNIM है। 3. यह कि मेरा नाम बदल कर ABDUL TAIYAB MUNEEM पिता HAKIMUDDIN MUNIM हो गया है.4 यह कि मेरे आधार कार्ड , पेन कार्ड, सभी शासकीय दस्तावेजों मे मेरा नाम ABDUL TAIYAB MUNEEM पिता HAKIMUDDIN MUNIM हो गया है। इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

जबलपुर, दिनांक

पुराना नाम
ABDUL TAIYAB MUNIM
नया नाम
ABDUL TAIYAB MUNEEM

# स्कूलों-पुस्तक विक्रेताओं को नोटिस जारी कर भूले कलेक्टर

## लूट-खसोट से अभिभावक परेशान

## संगठनों ने कहा जुर्माना ठोंको




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

विभिन्न संगठनों द्वारा सोमवार को निजी स्कूलों पर फीस बढ़ोत्तरी के चलते लोक शिक्षण विभाग, कलेक्टर तथा जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि उज्जैन कलेक्टर द्वारा विगत 18 अप्रैल को आदेश जारी कर स्कूल फीस तथा किताबों के संबंध में नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों पर 2 लाख का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी उज्जैन ने चार्ट जारी किया है। लेकिन जबलपुर में निजी स्कूलों एवं किताब दुकानदारों को केवल नोटिस जारी हुए आज 3 सप्ताह बीतने के बावजूद भी न तो उन पर मामले दर्ज हुए न ही जुर्माना लगाया गया है। अतः जबलपुर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में भी 2 दिसम्बर 2020 को जारी किये गये नियम 9 (9) के तहत उज्जैन के तर्ज पर कार्यवाही करने की मांग की गई है। इस दौरान नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन, डिप्लोमा इंजीनियर संघ, पेंशनर समाज, सीनियर वेलफेयर संघ, महिला समिति आदि संगठन उपस्थित रहे। इसके अलावा संगठनों द्वारा बताया गया कि प्रदेश में बहुतांश स्कूलों ने फीस बढ़ाई लेकिन शैक्षणिक सत्र शुरु होने के 90 दिनों के पूर्व में पोर्टल पर अपलोड नहीं की, यह नियमों का उल्लंघन है। इस अवसर पर डॉ. पीजी नाजपांडे, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, तपन कुमार रायघटक आदि उपस्थित रहे।

**चुनाव निपटाना था क्या मकसद !**

स्कूलों में नव प्रवेश शुरु हो चुका है और अगली कक्षा में जाने वाले छात्र-छात्राओं को स्टेशनरी, यूनिफार्म इत्यादि खरीदने के लिये निजी स्कूल बाध्य कर रहे हैं। इस प्रकार की शिकायतें उपरोक्त संगठनों के पास अभिभावकों द्वारा रोजाना की जा रही है। चर्चा तो यह भी है कि बुक फेयर जो कलेक्टर दीपक सक्सेना ने शहीद स्मारक परिसर में लगावाया था उसका मकसद निजी स्कूलों की मनमानी से निजात दिलाना था, इस मेले में रखे कम्पलेंट रजिस्टर में रोजना स्कूलों, बुक सेलर्स के खिलाफ ढेरों शिकायतें अभिभावकों व विद्यार्थियों द्वारा दर्ज कराईं जातीं रहीं। मेले में रोज स्वीप गतिविधियों के तहत नाच-गानें व मनोरंजन के द्वारा मतदान के प्रति जोर दिया जा रहा था। लगता है चुनाव निपटाने के बाद कलेक्टर साहब निजी स्कूलों की मनमानी के आगे मौन से हो गये हैं।

## हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में

# 7 दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का हुआ शुभारंभ



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन में बीएड द्वितीय वर्ष की छात्राओं के पाठ्यक्रम के अंतर्गत आर्ट एंड क्राफ्ट पर फेविक्रिल द्वारा सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी के निर्देशन में किया गया। जिसमें उन्होनें छात्राओं को उनके विषय से संबंधित आर्ट एंड क्राफ्ट का महत्व बताते हुए कहा कि साथ ही इस विधा को व्यवसाय के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रम में फेविक्रिल से पधारी अंशु अग्रवाल एवं शर्मिला जैन ने छात्राओं को विविध प्रकार के आर्ट से संबंधित जानकारी दी तथा बताया कि किस प्रकार छात्राएं इस कला के द्वारा अपने विषय से संबंधित षिक्षण सहायक सामग्री भी बना सकते हैं। उन्होंने कोस्टर मेकिंग, फेबरिक आर्ट, क्ले आर्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ.निरुपमा पाठक, वर्षा दुबे, डॉ.रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ.निधि माथुर, लाइब्रेरीयन ज्योति शर्मा, सुश्री संतोष ठाकुर, प्रेमलता चौबे, नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का योगदान रहा।



# अपर कलेक्टर ने किया केन्द्रों का निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अपर कलेक्टर नाथूराम गौड ने सोमवार को पाटन के खरीदी केन्द्री नुनसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सर्वेयर से गेहूं की गुणवत्ता का परीक्षण कर किसानों से कहा कि वे साफ-सुथरा गेहूं लायें। साथ ही खरीदी केन्द्रों में कृषकों के लिये पेयजल, टेंट आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

# जलाई नरवाई, बगल का खेत, पंप पाईप खाक

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कटंगी थाने में 34 वर्षीय उपेन्द्र यादव निवासी गाम हरदुआ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी ग्राम हरदुआ में एक जमीन है, जो पटवारी रिकार्ड में उसके पिताजी के नाम पर है। उसकी जमीन में गेंहू की फसल बोयी थी, जिसकी कटाई हो चुकी है। खेत में नरवाई थी और उसके खेत में बोर है, उसी बोर के पास उसके 60 पाईप प्लास्टिक के रखे थे तथा बोर में 1100 फिट की केबल वायर लगी हुई है। पिछले दिन दोपहर के समय ग्राम पड़रिया ब्यौहारी का भईयालाल रजक ने अपनी खेत की नरवाई में आग लगाया। आग लगने के बाद कई खेतो में फैलते हुये उसके बोर वाले खेत में आग लग गई। जिससे खेत की नरवाई तथा खेत में रखे 60 प्लास्टिक के पाईप, बोर में लगी केबल वायर पूरी तरह जल गई। उसका लगभग 50 हजार रूपये का नुकसान हुआ है।

# हितकारिणी डेंटल टीम ने लगाया फ्री कैम्प




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग द्वारा नया मोहल्ला हुसैन चौक में दंत परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अधिक संख्या में क्षेत्र के सभी जनों का दंत परीक्षण कर उन्हें दांतों की उचित देखभाल, सही खान पान एवम ब्रश करने के सही तरीकों से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में डॉ.निहारिका बेंजामिन, डॉ. अविनाश बोस सहित अन्य डॉक्टरों का योगदान रहा।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विजयनगर थाने में बीती रात मेडीजोन अस्पताल ने सूचना मिली कि 24 वर्षीय सतीश चौधरी निवासी हदुआ बंधा थाना सिहोरा का खुड़ावल नाला के बाजू में थाना सिहोरा के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार हेतु भर्ती था। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मामले को जांच में लिया है।




हितकारिणी प्रकाशन लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा, स्थानीय सम्पादक- महेश महदेल** * *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**